अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यूनका बन्धक होता है । देवगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति और स्थिर आदि पाँच इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, चार संस्थान और चार संहनन इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है ।

२५. तीर्थंकर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है ।

२६. उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव नीचगोत्रका अबन्धक होता है । नीचगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव उच्चगोत्रका अबन्धक होता है ।

२७. दानान्तरायकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव चार अन्तराय प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । वह उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार पाँचों अन्तरायोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए । वह उत्कृष्ट भी होता है और अनुत्कृष्ट भी होता है यदि अनुत्कृष्ट होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक होता है ।

२८. आदेशसे नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, छब्बीस मोहनीय, दो आयु, दो गोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंका भङ्ग

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोआयु०-दोगोद०-पंचंत० ओघं । तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदि-बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णि० बं० । तं तु० । उज्जो० सिया बं० । तं तु० । एवमेदाओ सव्वाओ एक्केक्केण सह । तं तु० । सेसं ओघेण साधेदव्वं । एवं छसु पुढवीसु । सत्तमाए सो चेव भंगो । णवरि मणुसगदि-मणुसाणु०-उच्चा० तित्थयरभंगो । सेसाओ तिरिक्खगदिसंजुत्तं कादव्वं ।

२९. तिरिक्खेसु पंचणा०-णवदंसणा०-सादासा०-मोहणीय०छव्वीस०-चदुआयु०-दोगोद०-पंचंत० ओघं । णिरयगदि उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०[1]-वेउव्विय-तेजा०-क०-हुंडसं०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-णिरयाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णि० बं० । तं तु० । एवमेदाओ एक्क-

ओघके समान है। तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। उद्योतको कदाचित् बाँधता है और कदाचित् नहीं बाँधता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार इन सब प्रकृतियोंका परस्पर एक-एक प्रकृतिके साथ सन्निकर्ष होता है। ऐसी अवस्थामें इन प्रकृतियोंको उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। शेष सन्निकर्ष ओघके समान साध लेना चाहिए। इसी प्रकार छह पृथिवियोंमें जानना चाहिए। सातवीं पृथिवीमें यही भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग तीर्थंकर प्रकृतिके समान है। यहाँ शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका सन्निकर्ष कहते समय तिर्यञ्चगतिके साथ कहना चाहिए।

२९. तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, छब्बीस मोहनीय, चार आयु, दो गोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। नरकगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्ण चतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार परस्पर इन प्रकृतियोंका सन्निकर्ष होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव

१. मूलप्रतौ पंचिंदिपंचिंदि वेउ—इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मेक्कस्स । तं तु० । तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदिबं० तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगु०-उप०-अथिरादिपंच०-णिमि० णि० बं० । अणु० संखेज्जभागूणं० । चदुजादि-वामणसंठा०-ओरालि०अंगो०-खीलियसंघ०-असंपत्त०--आदाउज्जो०-थावर-सुहुम-अपज्ज०-साधार० णियमा बं० । तं तु० । पंचिंदि०-हुंडसं०-पर०-उस्सा०-अप्पसत्थ०-तस०४-दुस्सर सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागूणं० । ओरालि०-तिरिक्खाणु० णियमा० । तं तु० । एवं ओरालि०-तिरिक्खाणु० । सेसं मूलोघं । णवरि किंचि विसेसो, अट्ठारसियाओ णादव्वाओ । एवं पंचिंदियतिरिक्खपज्जत्त-जोणिणीसु ।

३०..पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज० पंचणा०-णवदंसणा०-सादासादा०-दोआयु०-दोगोद०-पंचंत० ओघं । मिच्छत्त उक्क०ट्ठिदिबं० सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णिय० । तं तु० । एवमेदाओ अण्णमण्णस्स । तं तु० । इत्थि० उक्क०ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-भयं-दुगुं० णिय० बं० । णिय०

तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून बाँधता है। चार जाति, वामन संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, कीलक संहनन, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इन प्रकृतियोंको नियमसे बाँधता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। पञ्चेन्द्रिय जाति, हुण्डसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क और दुःस्वर इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून बाँधता है। औदारिकशरीर और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार औदारिक शरीर और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय करके सन्निकर्ष जानना चाहिए। शेष सन्निकर्ष मूलोघके समान है। किन्तु कुछ विशेषता है कि अठारह कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण स्थितिबन्धवाली प्रकृतियाँ जाननी चाहिए। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च पर्याप्त और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिनी जीवोंके जानना चाहिए।

३०. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, दो आयु, दो गोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति शोक, भय और जुगुप्सा इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार इन प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। जो उत्कृष्ट भी होता है और अनुत्कृष्ट भी होता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक होता है। स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणु० संखेज्जदिभागूणं० । हस्स-रदि-अरदि-सोग सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । एवं पुरिस० । हस्स० उक्क० ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-भय-दुगुं० णिय० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागू० । रदि० णिय० बं० । तं तु० । एवं रदीए ।

३१. तिरिक्खगदि० उक्क०ट्ठि०बं० एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-थावरादि०४-अथिरादिपंच०-णिमि० णि० बं० । णि० तं तु० । एवमेदाओ अण्णमण्णस्स । तं तु० ।

३२. मणुसग० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-वण्ण०४-अगु०-उप०-तस-बादर-अपज्ज०-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० णिय० बं० । अणु० संखेज्जदिभागू० । मणुसाणु० णिय० । तं तु० । एवं मणुसाणु० ।

बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है। हास्य, रति, अरति और शोकका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार पुरुषवेदके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए। हास्य प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। रतिका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट बन्धक भी होता है और अनुत्कृष्ट बन्धक भी होता है। यदि अनुत्कृष्ट बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिबन्धका बन्धक होता है। इसी प्रकार रतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३१. तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि पाँच, और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है।

३२. मनुष्यगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, अपर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। मनुष्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार मनुष्यानुपूर्वीके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३३. बीइंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-बादर-अपज्ज०-पत्तेग०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं०। अणु० संखेज्जदिभागू०। ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-तस० णिय०। तं तु०। एवं ओरालि०अंगो०-असंप०-तस०।

३४. तीइंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंप०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-तस-बादर-अपज्ज०-पत्तेग०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं०। णिय० अणु० संखेज्जदिभागू०। एवं चदुरिं०-पंचिंदि०।

३५. समचदु० उक्क०ट्ठिदि-बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०-अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णिमि० णिय० बं०। णिय० अणु० संखेज्जदि-भागू०। तिरिक्ख-मणुसगदि०-पंचसंघ०-दोआणु०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-दुस्सर-अणादें०-जस०-अजस० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू०। वज्जरिसभ०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदें० सिया

३३. द्वीन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक-शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, बादर, अपर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंका नियम-से बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। औदा रिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन और त्रस इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन और त्रसकाय इन प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३४. त्रीन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहननन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्च गत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, अपर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार चतुरिन्द्रिय जाति और पञ्चेन्द्रिय जातिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३५. समचतुरस्रसंस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु-चतुष्क, त्रसचतुष्क, और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, पाँच संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है, तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, और आदेय इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । एवं वज्जरिसभ०-पसत्थ०-[सुभग]-सुस्सर-आदे० ।

३६. णग्गोद० उक्क० ट्ठिदिबं० पंचिंदिय०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०-अंगो०-वण्ण०४-असंपत्त०-तस०४-दूभग-दुस्सर-अणादें०-णिमि० णिय० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागू० । तिरिक्खगदि-मणुसगदि-चदुसंघ०-दोआणु०-उज्जोव०-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णि० अणु० संखेज्जदिभागू० । वज्जणारा० सिया बं० । तं तु० । एवं वज्जणारायणं । सादीए वि एसेव भंगो । णवरि णारायण० तं तु० । एवं णारायणं वि ।

३७. खुज्ज० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि--पंचिंदि०--ओरालिय--तेजा०--क०--ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०--अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४--दूभग--दुस्सर--अणादें०-णिमि० णि० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागू० । दोगदि-दोसंघ०-दो-

---

यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार वज्रर्षभनाराचसंहनन, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेय प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३६. न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, त्रस चतुष्क, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, चार संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । वज्रनाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तककी स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार वज्रनाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए । तथा स्वाति संस्थानका भी यही भङ्ग होता है । इतनी विशेषता है कि इसके नाराचसंहननका उत्कृष्ट बन्ध भी होता है और अनुत्कृष्ट बन्ध भी होता है । यदि अनुत्कृष्ट बन्ध होता है, तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इस प्रकार नाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३७. कुब्जक संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । दो गति, दो संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आणु०-उज्जो०-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू०। अद्धणारा० सिया बं०। तं तु०। एवं अद्धणारा०। एवं वामणसंठाणं वि। णवरि खीलियसंघ० सिया बं०। तं तु०। एवं खीलिय०।

३८. पर० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगइ०-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं० वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-थावर-सुहुम-साधारण-दूभग-अणादें०-अजस०-णिमि० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू०। उस्सास-पज्जत्त० णियमा०। तं तु०। अथिर-असुभ० सिया बं० संखेज्जदिभागू०। एवं उस्सास-पज्जत्त-थिर-सुभाणामाणं।

३९. आदाव० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-थावर-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-दूभग-अणादें०-

---

स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। अर्धनाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार अर्धनाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार वामन संस्थानके आश्रयसे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यह कीलक संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार कीलक संहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३८. परघातकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर, सूक्ष्म, साधारण, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। उच्छ्वास और पर्याप्त इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। अस्थिर अशुभका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार उच्छ्वास, पर्याप्त, स्थिर, और शुभ प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३९. आतपकी उत्कृष्ट स्थितिकी बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, दुर्भग, अनादेय और निर्माण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिमि० णिय० बं० । णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । थिराथिर-सुभासुभ-अजस० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । जसगि० सिया० । तं तु० । एवं उज्जोवं जसगित्तीए वि ।

४०. अप्पसत्थ० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-बीइंदि०-ओरालिय-तेजा०-क०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंप०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-तस०४-दूभग-अणादे०-णिमि० णि० बं० । णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । उज्जो०-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० सिया बं० । यदि बं० संखेज्जदिभागू० । दुस्सर० णिय० । तं तु० । एवं दुस्सर० ।

४१. बादर० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-थावर-सुहुम-अपज्जत्त०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागू० ।

४२. मणुस०-मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु मणुसअपज्जत्त० तिरिक्खगदिभंगो ।

प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । यशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है, तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार उद्योत और यशःकीर्तिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

४०. अप्रशस्त विहायोगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, द्वीन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, दुर्भग, अनादेय और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है, तो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । दुःस्वर प्रकृतिका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है, तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार दुःस्वर प्रकृतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

४१. बादर प्रकृतिको उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है ।

४२. सामान्य मनुष्य, मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और मनुष्य अपर्याप्त जीवोंमें तिर्य-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवरि आहारदुगं तित्थयरं ओघं।

४३. देवगदीए देवेसु णाणावर०-दंसणावर०-वेदणी०-मोहणी०-आयुग०-गोद०-अंतराइ० ओघं। तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदिबं० ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-अथिरादिपंच-णिमि० णि० बं०। णि० तं तु०। एइंदि०-पंचिंदि-ओरालि०अंगो०-असंपत्तसेव०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-थावर-दुस्सर० सिया बं०। यदि बं० तं तु०। एवमेदाणि एक्कमेक्कस्स। तं तु०। सेसाणं णेरइयभंगो।

४४. भवण०-वाणवें०-जोदिसि०-सोधम्मीसाण त्ति तिरिक्खगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-थावर-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच-णिमि० णि० बं०। णि० तं तु०। आदाउज्जोव०

श्वगतिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि आहारक द्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है।

४३. देवगतिमें देवोंमें ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, गोत्र और अन्तराय इनके अवान्तर भेदोंका भङ्ग ओघके समान है। तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुंडसंस्थान, वर्ण-चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, बादर, पर्याप्त प्रत्येक, अस्थिर आदि पांच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है, तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आंगोपांग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और दुःस्वर इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष होता है। जो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंके समान है।

४४. भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी और सौधर्म—ऐशान कल्पके देवोंमें तिर्यञ्चगति-की उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट, एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। आतप और उद्योत प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिया० । तं तु० । एवमेदाणि ऍक्कमेक्कस्स । तं तु० । पंचिंदिय० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-अथिरादिपंच-णिमि० णि० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागू० । हुंड०-उज्जो० सिया० संखेज्जदिभागू० । वामणसंठा०-खीलियसंघ०-असंपत्त० सिया० । तं तु० । ओरालि०अंगो-अप्पसत्थ०-तस-दुस्सर० णिय० बं० । तं तु० । एवमेदाणि ऍक्कमेक्कस्स । तं तु० । सेसाणं देवोघं ।

४५. सणक्कुमार याव सहस्सार त्ति णिरयोघं । आणद याव णवगेवज्जा त्ति णाणाव०-दंसणाव०-वेदणी०-गोद०-अंतरा० ओघं । मिच्छ० उक्क०ट्ठिदिबं० सोल-

---

होता है तो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष होता है और ऐसी अवस्थामें वह जीव उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। पञ्चेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। हुण्ड संस्थान और उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। वामन संस्थान, कीलक संहनन और असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। औदारिक आङ्गोपाङ्ग, अप्रशस्तविहायोगति, त्रस और दुःस्वरका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इस प्रकार इनका परस्पर एक दूसरेका सन्निकर्ष होता है और तब उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट, एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है।

४५. सनत्कुमार कल्पसे लेकर सहस्रार कल्पतकके देवोंमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है। आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयकतकके देवोंमें ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, गोत्र और अन्तरायके अवान्तर भेदोंका भङ्ग ओघके समान है। मिथ्यात्वकी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णिय० । तं तु० ।, एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० । इत्थि० उक्क०ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णिय० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागू० । पुरिस० उक्क०ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-भय-दुगुं० णिय० बं० । णिय० संखेज्जदिभागू० । हस्स०-रदि० सिया । तं तु० । अरदि-सोग० सिया० संखेज्जदिभागू० । हस्स० उक्क०ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-भय-दुगुं० णिय० बं० संखेज्जदिभागू० । पुरिस० सिया० । तं तु० । इत्थि०-णवुंस० सिया० संखेज्जदिभागू० । रदि० णिय० बं० । तं तु० । एवं रदीए वि० ।

उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग,न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इनका परस्पर सन्निकर्ष होता है और तब इनकी उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय,न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। पुरुषवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। हास्य और रतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। अरति और शोकका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। हास्य की उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। पुरुषवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। रतिका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट, एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार रतिकी अपेक्षा सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१. मूलप्रतौ हस्स-रदि उक्क० इति पाठः

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४६. मणुसगदि० उक्क०ट्ठिदिबं०[1] पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-कम्मइय०-हुंड०-ओरालि०अंगो०-असंपत्तसेव०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिं० णिय० बं० । णिं० तं तु० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० ।

४७. समचदु० उक्क०ट्ठिदिबं० मणुसग०-पंचिंदिय-ओरालिय-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगु०४-तस०४-णिमि० णिय० संखेज्जदिभागू० । वज्जरिसभ०-पसत्थ०-थिरादिछ० सिया० । तं तु० । पंचसंघ०-अथिरादिछ० सिया० संखेज्जदिभागूणं० । याओ तं तु समचदुरसंठाणेण ताओ समचदुर० सेसभंगाओ । सेसपगदीणं मणुसगदिसहगदाओ णिय० संखेज्जदिभागू० । याओ सियाओ बं० ताओ तं तु० वा संखेज्जदिभागूणं वा बंधदि । तित्थयरं देवभंगो ।

४६. मनुष्यगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए और तब उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट, एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है।

४७. समचतुरस्र संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, त्रस चतुष्क और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। वज्रर्षभ नाराच संहनन, प्रशस्त विहायोगति, और स्थिर आदि छहका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट, एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। पांच संहनन और अस्थिर आदि छहका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवां भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। यहां पर जिन प्रकृतियोंका समचतुरस्र संस्थानके साथ उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है या एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है उनका समचतुरस्र संस्थानके समान भङ्ग जानना चाहिए। शेष प्रकृतियोंका मनुष्यगतिके साथ नियमसे संख्यातवां भाग न्यून अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। उसमें भी जिनका कदाचित् बन्ध होता है उनका या तो उत्कृष्ट या अनुत्कृष्ट, एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक स्थितिबन्ध होता है या संख्यातवां भाग न्यून स्थितिबन्ध होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग देवोंके समान है।

१. मूलप्रतौ—ट्ठिदिबं० पंचणा० ओरा इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४८. अणुदिस याव सव्वट्ठा त्ति पंचणा०-छदंसणा०-सादासा०-बारसक०-सत्तणोक०-पंचंत० ओघं। मणुसगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिसभ०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०-४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदें०-अजस०-णिमि० णिय०। तं तु०। तित्थय० सिया०। तं तु०। एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स। तं तु०। थिर० उक्क०ट्ठिदिबं० मणुसगदि० णियमा संखेज्जदिभागू०। एवं धुवियाओ सव्वाओ। सुभ-जस० सिया० तं तु०। असुभ-अजस०-तित्थय० सिया० संखेज्जदिभागू० बं०। एवं सुभ-जसगित्ति०।

४९. सव्वएइंदि०-सव्वविगलिंदि० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो। णवरि वीचारट्ठाणाणि णादव्वाणि भवंति। [1]पंचिंदिय-पंचिंदियपज्जत्ता० सव्वपगदीणं ओघं।

४८. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, बारह कषाय, सात नोकषाय और पाँच अन्तरायका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभ नाराच संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन सब प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष होता है। जो उत्कृष्ट भी होता है और अनुत्कृष्ट भी होता है। यदि अनुत्कृष्ट होता है, तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका होता है। स्थिर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मनुष्यगतिका नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार सब ध्रुव प्रकृतियोंका अनुत्कृष्ट, संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। शुभ और यशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट, एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। अशुभ, अयशःकीर्ति और तीर्थङ्कर इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार शुभ और यशःकीर्तिकी अपेक्षा सन्निकर्ष कहना चाहिए।

४९. सब एकेन्द्रिय और सब विकलेन्द्रिय जीवोंका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इनके वीचार स्थान ज्ञातव्य हैं। पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त

१. मूलप्रतौ पंचिंदिय-तस अपज्जत्ता इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचिंदियअपज्जत्ता० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो। पंचकायाणं 'पज्जत्तापज्जत्ताणं तिरिक्खअपज्जत्तभंगो। णवरि एइंदिय-पंचकायाणं यम्हि संखेज्जदिभागहीणं तम्हि असंखेज्जदिभागहीणं बंधदि। तस-तसपज्जत्ता० ओघं। तसअपज्जत्ता० 'तिरिक्खअपज्जत्तभंगो। पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि० ओघं। ओरालियकायजोगि० मणुसभंगो।

५०. ओरालियमिस्से देवगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदें०-अजस०-णिमि० णिय०। अणु० णि० संखेज्जगुणहीणं०। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणु०-णियमा। तं तु०। तित्थय० सिया०। तं तु०। एदाओ पगदीओ तित्थयरेण सह एक्कमेक्कस्स तं तु० कादव्वा। सेसाणं पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो।

५१. वेउव्वियका० देवोघं। एवं चेव वेउव्वियमिस्स०। णवरि याओ तं तु०

जीवोंके सब प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। तथा पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त जीवोंका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। पाँच स्थावर काय तथा इनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें सन्निकर्षका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। इतनी विशेषता है कि सब एकेन्द्रिय और पाँचों स्थावर कायिक जीवोंके, जिनका संख्यातवां भाग हीन बन्ध कहा है, उनका असंख्यातवां भाग हीन बन्ध होता है। त्रस और त्रस पर्याप्त जीवोंके सब प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। तथा त्रस अपर्याप्तकोंके तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। पाँचों मनोयोगी, पाँचों ववनयोगी और काययोगी जीवोंके सब प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। तथा औदारिक काययोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग मनुष्योंके समान है।

५०. औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंथान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वी इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट, एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और 'अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट, एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इन प्रकृतियोंको तीर्थंकर प्रकृतिके साथ परस्पर उत्कृष्ट स्थितिके बन्धरूपसे और एक समय कम पल्यके असंख्यातवें भाग न्यून तक अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धरूपसे कहना चाहिए। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

५१. वैक्रियिक काययोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि जो पर-

---

१. मूलप्रतौ पज्जत्ता अपज्जत्ताणं इति पाठः। २. मूलप्रतौ तिरिक्खपज्जत्त-इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पगदीओ ताओ एक्कमेक्कस्स तं तु० । सेसाओ संखेज्जदिभागूणा बंधदि ।

५२. आहार०-आहारमि० पंचणा०-छदंसणा०-दोवेदणी०-पंचंत० ओघं । कोधसंज० उक्क०ट्ठिदिबं० तिण्णिसंज०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णिय० बं० । तं तु० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० । हस्स० उक्क०ट्ठिदिबं० चदुसंज०-पुरिस०-भय-दुगुं० णिय० संखेज्जदिभागूणं बं० । रदी० णिय० । तं तु० । एवं रदीए ।

५३. देवगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदियादिपगदीओ णिय० बं० । तं तु० । तित्थय० सिया० । तं तु० । एवं देवगदिसहगदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० । थिर०

स्पर उत्कृष्ट स्थितिबन्धवाली या एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धवाली प्रकृतियाँ हैं, उनका यह जीव परस्पर या तो उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है या उत्कृष्टकी अपेक्षा एक समय कमसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है और शेषका संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिबन्ध करता है ।

५२. आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, दो वेदनीय और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । क्रोध संज्वलनकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तीन संज्वलन, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार इनका परस्पर सन्निकर्ष होता है । और तब इनकी उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । हास्यकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव चार संज्वलन, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है । जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है । रतिका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भागहीनतक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार रतिके आश्रयसे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

५३. देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति आदि प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार देवगतिके साथ बँधनेवाली प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष होता है । तब यह जीव उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्क०ट्ठिदिबं० देवगदिअट्ठावीसं णिय० बं० । संखेज्जदिभा० । सुभ-जस० सिया० । तं तु० । असुभ-अजस० सिया० संखेज्जदिभागू० । एवं सुभ-जस० । तित्थ० उक्क०-ट्ठिदिबं० देवगदि-पंचिंदि०आदिअट्ठावीसं पगदीओ णिय० संखेज्जदिभागूणं बं० ।

५४. कम्मइ० पंचणा०-णवदंसणा०-सादासा०-गोद०-पंचंत० ओघं । मिच्छ० उक्क०ट्ठिदिबं० सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० । णिय० । तं तु० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० । इत्थिवे० उक्क०ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णिय० संखेज्जदिभागूणं बं० । पुरिस० उक्क०ट्ठिदिबं० इत्थिभंगो । हस्स-रदि० सिया० । तं तु० । अरदि-सोग सिया० संखेज्जदिभागूणं० । हस्स०

बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । स्थिर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव देवगति आदि अट्ठाईस प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग-हीन स्थितिका बन्धक होता है । शुभ और यशःकीर्ति प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । अशुभ और अयशःकीर्ति प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार शुभ और यशःकीर्ति प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए । तीर्थंकर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव देवगति और पञ्चेन्द्रिय जाति आदि अट्ठाईस प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है ।

५४. कार्मण काययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता-असाता वेदनीय, दो गोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार इन सबका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए । इनमेंसे किसी एककी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक शेषकी उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है।यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, अरति,शोक, भय और जुगुप्सा इनका नियमसे बन्धक होता है । जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भागहीन स्थितिका बन्धक होता है । पुरुषवेदकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है । यह हास्य और रतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट, एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । अरति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्क०ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-भयदुगुं० णिय० संखेज्जदिभागू० । इत्थि०-णवुंस० सिया बं० संखेज्जदिभागू० । पुरिसवे० सिया० । तं०तु० । रदि० णिय० । तं तु० । एवं रदीए ।

५५. तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदिबं० एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-थावर-बादर-सुहुम-पज्जत्त-पत्तेय०-साधार०-दुस्सर० सिया० । तं तु० । ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-अथिरादिपँच०-णिमि० णियमा० । तं तु० । एवं तिरिक्खगदिभंगो ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-अथिरादिपंच-णिमिण० त्ति ।

और शोकका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। हास्यकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। पुरुषवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। रतिका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार रतिके आश्रयसे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए।

५५. तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, प्रत्येक, साधारण और दुःस्वर इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, अस्थिर आदि पाँच, और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके आश्रयसे सन्निकर्षका भङ्ग तिर्यञ्च गतिके समान जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५६. मणुसगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०-अंगो०-वण्ण०४-अगु०-उप०-तस-बादर-पत्ते०-अथिरादिपंच-णिमि० णिय० बं०। णि० अणु० संखेज्जदिभागू०। तित्थयसंठा०-तित्थयसंघ०-अप्पसत्थ० पर०-उस्सा०-पज्जत्तापज्जत्त०-दुस्सरं सिया संखेज्जदिभागू०। मणुसाणु० णिय०। तं तु०। एवं मणुसाणु०।

५७. देवगदि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-अथिर- असुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अजस०-णि० णिय० संखेज्जगुणहीणं बं०। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणु० णि० बं०। णि० तं तु०। तित्थयरं सिया०। तं तु०। एवं देवगदि०४।

५८. एइंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-

५६. मनुष्यगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। तीन संस्थान, तीन संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, परघात, उच्छ्वास, पर्याप्त, अपर्याप्त और दुःस्वर इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भागहीन स्थितिका बन्धक होता है। मनुष्यगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार मनुष्यगत्यानुपूर्वीके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

५७. देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस-चतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है। वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वी इनका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थिति का भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थिति का बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट,एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट, एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार देवगति चतुष्कके *आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।*

५८. एकेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-अथिरादिपंच-णिमि० णि० बं० । तं तु० । पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-बादर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त--पत्तेय०--साधार० सिया० । तं तु० । एवं थावर० । बीइं०-तीइंदि०-चदुरिं०-चदुसंठा०-चदुसंघ०-अपज्ज० ओघं ।

२९९. पाँच मनोयोगी और तीन वचनयोगी जीवोंमें ज्ञानावरण, वेदनीय, आयु, गोत्र और अन्तरायकी प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । निद्रा-निद्राकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धिका नियमसे बन्धक होता है । किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है । निद्रा और प्रचलाका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिद्दा-पचला० णिय० बं० संखेज्जगुण० । चदुदंस० णि० बं० असंखेज्जगु० । एवं थीणगिद्धि०३ ।

३००. णिद्दाए ज०ट्ठि०बं० पचला णिय० बं० । तं तु० । चदुदंस० णि० बं० असंखेज्जगु० । एवं पचला० । चदुदंस० ओघं ।

३०१. मिच्छ० ज०ट्ठि०बं० अणंताणुबंधि०४ णि० बं० । तं तु० । अट्ठकसा०-हस्स०-रदि-भय-दुगुं० णि० बं० संखेज्जगु० । चदुसंज०-पुरिस० णि० बं० असंखेज्जगु० । एवं अणंताणुबंधि०४ ।

३०२. अपच्चक्खाणकोध० ज०ट्ठि०बं० तिण्णिकसा० णि० बं० । तं तु० । पच्चक्खाणा०४-हस्स-रदि-भय-दुगुं० णि० बं० संखेज्जगु० । चदुसंज०-पुरिस० णि० बं० असंखेज्जगु० । एवं तिण्णिक० ।

बन्धक होता है। चार दर्शनावरणका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार स्त्यानगृद्धि तीनकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३००. निद्राकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव प्रचलाका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। चार दर्शनावरणका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार प्रचला प्रकृतिकी मुख्यता से सन्निकर्ष जानना चाहिए। चार दर्शनावरणकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है।

३०१. मिथ्यात्वकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव अनन्तानुबन्धी चतुष्कका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। आठ कषाय, हास्य, रति, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। चार संज्वलन और पुरुषवेदका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धी-चारकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३०२. अप्रत्याख्यानावरण क्रोधकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव तीन कषायका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। प्रत्याख्यानावरण चार, हास्य, रति, भय और जुगुप्सा इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। चार संज्वलन और पुरुषवेदका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार तीन कषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३०३. पच्चक्खाणा०कोध० ज०ट्ठि०बं० तिण्णिकसा० णि० बं० । तं तु० । चदुसंज०-पुरिस० णि० बं० असंखेज्जगु० । हस्स-रदि-भय-दुगुं० णि० बं० संखेज्जगु० । एवं तिण्णिकसा० । चदुसंजल०-पुरिस० ओघं ।

३०४. इत्थिवे० ज०ट्ठि०बं० मिच्छ०-बारसक०-भय-दुगुं० णि० बं० संखेज्जगु० । हस्स-रदि-अरदि-सोग० सिया० संखेज्जगु० । चदुसंज० णि०बं० असंखेज्ज० । एवं णवुंस० ।

३०५. हस्स० ज०ट्ठि०बं० चदुसंज०-पुरिस० णि० बं० असंखेज्जगु० । रदि-भय-दुगुं० णि० बं० । तं तु० । एवं रदि-भय-दुगुं० ।

३०६. अरदि० ज०ट्ठि०बं० चदुसंज०-पुरिस० णि०बं० असंखेज्जगु० । भय-दुगुं० णि० बं० संखेज्जगु० । सोग० णि० । तं तु० । एवं सोग० ।

३०३. प्रत्याख्यानावरण क्रोधकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव तीन कषायका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। चार संज्वलन और पुरुषवेदका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। हास्य, रति, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार तीन कषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। चार संज्वलन और पुरुषवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है।

३०४. स्त्रीवेदकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। हास्य, रति, अरति और शोकका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। चार संज्वलनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार नपुंसकवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३०५. हास्यकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव चार संज्वलन और पुरुषवेदका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। रति, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है।

३०६. अरतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव चार संज्वलन और पुरुषवेदका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। शोकका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३०७. णिरयग० ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-अथिर-असुभ-अजस०-णिमि० णि० बं० संखेज्जगुण-ब्भहि० । हुंड०-असंपत्त०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णिमि० णि० संखेज्जभागब्भ० । णिरयाणु० णि० बं० । तं तु० । एवं णिरयाणु० ।

३०८. तिरिक्खगदि० ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिस०-वण्ण० ४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिपंच-णिमि० णि० बं० संखेज्जगु० । तिरिक्खाणु० णि० बं० । तं तु० । उज्जो० सिया० । तं० तु० । जस० णि० बं० असंखेज्जगु० । एवं तिरिक्खाणु०[1] । एवं तिरिक्खोघं उज्जो० ।

स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार शोक की मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३०७. नरकगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। हुण्डसंस्थान, असंप्राप्तासृपाटिका संहनन, दुर्भग, दुस्वर और अनादेय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। नरकगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार नरकगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३०८. तिर्यञ्चगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर आदि पाँच और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियम से जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। यशःकीर्तिका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चके समान उद्योतकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

---

१. मूलप्रतौ तिरिक्खाणु० णियमा उज्जो सिया एवं इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३०९. मणुसग० ज०ट्ठि०बं० ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-मणुसाणु० णि० बं० । तं तु० । सेसाओ पसत्थाओ णि० बं० संखेज्जगु० । जसगि० णि० बं० असंखेज्जगु० । तित्थय० सिया० संखेज्जगु० । एवं ओरालि०-ओरालि० अंगो०-वज्जरि०-मणुसाणु० ।

३१०. देवगदि० ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०पसत्थपगदीओ णि० बं० । तं तु० । आहारदुग-तित्थय० सिया० । तं तु० । जसगि०-णि० बं० असंखेज्जगुणब्भ० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० ।

३११. एइंदि० ज०ट्ठि०बं० तिरिक्खगदि-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णि० बं० संखेज्जगु० । हुंड०-

३०९. मनुष्यगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। शेष प्रशस्त प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। यशःकीर्तिका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३१०. देवगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति आदि प्रशस्त प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। आहारकद्विक और तीर्थंकरका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। यशःकीर्तिका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन सबका परस्पर सन्निकर्ष होता है। किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है।

३११. एकेन्द्रिय जातिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव तिर्यञ्चगति औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दूभग-अणादे० णि० बं० संखेज्जभागब्भ० । आदाव० सिया० । तं तु० । उज्जो०-थिराथिर-सुहासुह-अजस० सिया० संखेज्जगु० । जस० सिया० असंखेज्जगु० । थावर० णि० बं० । तं तु० । एवं आदाव-थावरं ।

३१२. बीइंदि० ज०ट्ठि०बं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि० अंगो०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-तस०४-णिमि० णि० बं० संखेज्जगु० । हुंडसं०-असंपत्त०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे० णि० बं० संखेज्जदिभाग० । उज्जो०-थिराथिर-सुभासुभ-अजस० सिया० संखेज्जगु० । जस० सिया० असंखेज्जगु० । एवं तीइंदि०-चतुरिं० ।

प्रत्येक और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । हुण्ड संस्थान, दुर्भग और अनादेयका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। आतपका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है । उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और अयशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । यशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । स्थावरका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है । इसीप्रकार आतप और स्थावर प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३१२. द्वीन्द्रियजातिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । हुण्ड संस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर और अनादेय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है । उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और अयशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । यशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जातिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३१३. णग्गोद०ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णिमि० णि० बं० संखेज्ज-गुणब्भहियं। तिरिक्खगदि-मणुसगदि-वज्जरिस०-दोआणु०-उज्जो०थिराथिर-सुभा-सुभ-अजस० सिया० संखेज्जगु०। जस० सिया० असंखेज्जगु०। वज्जणारा० सिया० तं तु०। एवं वज्जणारायणं। एवं चेव सादिय०। णवरि णारायण० सिया० तं तु०। वज्जणारा० सिया० संखेज्जभाग०। एवं णारा०।

३१४. खुज्जसं० ज०ट्ठि०बं० णग्गोद०भंगो। णवरि वज्जणारा० संखेज्जभाग०। अद्धणारा० सिया०। तं तु०। एवं अद्धणारा०। एवं चेव

३१३. न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थानकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, वज्रर्षभनाराच संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और अयशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। यशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। वज्रनाराच संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार वज्रनाराच संहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार स्वाति संस्थानकी मुख्यतासे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि नाराच संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। वज्रनाराच संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार अर्द्धनाराच संहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३१४. कुब्जक संस्थानकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवका भङ्ग न्यग्रोध परिमण्डल संस्थानके समान है। इतनी विशेषता है कि वज्रनाराच संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। अर्धनाराच संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार अर्धनाराच संहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार वामन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वामणसंठा० । णवरि वज्जणारा०-णाराय०-अद्धणाराय० सिया० बं० संखेज्ज-भाग० । खीलिय० सिया० बं० । तं तु० । एवं खीलिय० । हुंड० ज०ट्ठि०बं० णग्गोदभंगो । णवरि चदुसंघ० सिया० बं० संखेज्जभाग० । असंपत्त० सिया० । तं तु० । जस० सिया० असंखेज्जगु० । एवं असंपत्त० ।

३१५. अप्पसत्थ० ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि० अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णिमि० णि० बं० संखेज्जगु० । तिरिक्खगदि-मणुसगदि०-समचदु०-वज्जरिस०-दोआणु०-उज्जो०-थिरादि०४-सुभग-सुस्सर-आदे० अजस० सिया० संखेज्जगु० । पंचसंठा०-पंचसंघ० सिया० संखेज्जभा० । दूभग-

---

संस्थानकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि वज्रनाराच संहनन, नाराच संहनन और अर्ध नाराच संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। कीलक संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार कीलकसंहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। हुण्ड संस्थानकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवका सन्निकर्ष न्यग्रोध परिमण्डल संस्थानके समान है। इतनी विशेषता है कि चार संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। यशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार असम्प्राप्तासृपाटिका संहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३१५. अप्रशस्त विहायोगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराच संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, स्थिर आदि चार, सुभग, सुस्वर, आदेय और अयशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। पाँच संस्थान और पाँच संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। दुर्भग, दुःस्वर और अनादेय इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित्

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दुस्सर-अणादें० सिया० । तं तु० । जस० सिया० असंखेज्जगु० । एवं दूभग-दुस्सर-अणादें० ।

३१६. सुहुम० ज०ट्ठि०बं० तिरिक्खगदि-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-पज्जत्त-पत्ते०-अजस०-णिमि० णि० बं० संखेज्जगु० । एइंदि०-हुंड०-थावर-दूभग-अणादें० णि० बं० संखेज्जभा० । थिराथिर-सुभासुभ० सिया० संखेज्जगु० । एवं साधारणं ।

३१७. अपज्जत्त० ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०[1]-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि० अंगो०-वण्ण०४-अगु०-उप०-तस-बादर-पत्ते०-अथिर-असुभ-अजस०-णिमि० णि० बं० संखेज्जगु० । दोगदि-दोआणु० सिया० संखेज्जगु० । हुंड०-असंपत्त०-दूभग-अणादें० णि० बं० संखेज्जदिभाग० ।

अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है । यशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार दुर्भग, दुःस्वर और अनादेयकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३१६. सूक्ष्मकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, पर्याप्त, प्रत्येक, अयशःकीर्ति और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । एकेन्द्रिय जाति, हुण्ड संस्थान, स्थावर, दुर्भग और अनादेय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है । स्थिर, अस्थिर, शुभ और अशुभ इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार साधारण प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३१७. अपर्याप्तकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येक, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । दोगति और दो आनुपूर्वीका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, दुर्भग और अनादेय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है ।

---

१. मूलप्रतौ पंचिंदि तेजाक० ओरालि० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३१८. अथिर० ज०ट्ठि०बं० देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि० णि० बं० संखेज्ज० । सुभ-तित्थय० सिया० संखेज्जगु० । असुभ-अजस० सिया० । तं तु० । जस० सिया० असंखेज्जगु० । एसिं जसगित्ती भणिदा तेसिं असंखेज्जगुणं कादव्वं । एवं असुभ-अजसगित्ती ।

३१९. वचिजोगि-असच्चमोसवचिजोगीसु तसपज्जत्तभंगो । कायजोगि-ओरालियकायजोगी० ओघं । ओरालियमिस्से एइंदियभंगो । णवरि देवगदि ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि० णि० संखेज्जगुण० । वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणु० णिय० बं० । तं तु० । तित्थय० सिया० । तं तु० । एवं वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०देवाणु०-तित्थय० ।

---

३१८. अस्थिरकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। शुभ और तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। अशुभ और अयशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। यशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। जिनके यशःकीर्ति प्रकृति कही है उनके असंख्यातगुणी कहनी चाहिए। इसी प्रकार अशुभ और अयशःकीर्तिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३१९. वचनयोगी और असत्यमृषावचनयोगी जीवोंमें त्रसपर्याप्त जीवोंके समान भङ्ग है। काययोगी और औदारिक काययोगी जीवोंका भङ्ग ओघके समान है। औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि देवगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रियजाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वी इनका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थिति का बन्धक होता है। तीर्थंकरका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३२०. वेउव्वियकायजोगी० सत्तण्णं कम्माणं सोधम्मभंगो। तिरिक्खगदि० ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि० णि० बं० संखेज्जगु०। तिरिक्खाणु० णि० बं०। तं तु०। उज्जो० सिया०। तं तु०। एवं तिरिक्खाणु०-उज्जो०। मणुसगदी० सोधम्मभंगो। एइंदिय-आदाव-थावर० सोधम्मभंगो।

३२१. णग्गोद० ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि० अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-पसथ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि० णि० बं० संखेज्जगु०। दोगदि-वजरि०-दोआणु०-उज्जो०-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस०

है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, देवगत्यानुपूर्वी और तीर्थंकर प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३२०. वैक्रियिक काययोगी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग सौधर्म कल्पके समान है। तिर्यञ्चगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थिति का बन्धक होता है। तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। मनुष्य गतिका भङ्ग सौधर्म कल्पके समान है। एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर इनकी अपेक्षा सन्निकर्ष सौधर्म कल्पके समान है।

३२१. न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थानकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। दोगति, वज्रर्षभनाराचसंहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। वज्रनाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिया० संखेज्जगु० । वज्जणारा० सिया० । तं तु० । [एवं] वज्जणा० । एवं चेव सादिय० । णवरि णारायण० सिया० । तं तु० । वज्जणारा० सिया० संखेज्ज-भागब्भ० । एवं णारा० । खुज्ज० ज०ट्ठि०बं० णग्गोदभंगो । णवरि वज्जणारा० सिया० संखेज्जभागब्भ० । अद्धणारा० सिया० । तं तु० । एवं अद्धणारा० । वामण० ज०ट्ठि०बं० णग्गोदभंगो । णवरि खीलिय० सिया० । तं तु० । एवं खीलिय० । सेसाणं सोधम्मभंगो । एवं वेउव्वियमिस्से । णवरि तिरिक्खगदि-तिरि-क्खाणु०-उज्जोव० सिया० संखेज्जभाग० ।

होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमको जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार वज्रनाराचसंहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार स्वाति संस्थानकी मुख्यतासे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि नाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। वज्रनाराच संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है।यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्ध होता है। इसीप्रकार नाराच संहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। कुब्जकसंस्थानकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवकी मुख्यतासे सन्निकर्ष न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थानके समान है। इतनी विशेषता है कि वज्रनाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवां भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। अर्धनाराच संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियम से जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसीप्रकार अर्धनाराच संहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। वामन संस्थानकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवकी मुख्यतासे सन्निकर्ष न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थानके समान है। इतनी विशेषता है कि कीलक संहननका कदाचित बन्धक होता है और कदाचित अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार कीलक संहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। शेष कर्मोंका भङ्ग सौधर्म कल्पके समान है। इसी प्रकार वैक्रियिक मिश्रकाययोगी जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योत इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३२२. आहार०--आहारमिस्स० सव्वट्ठभंगो णाम वज्ज। णवरि देवगदि० ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०--वेउव्वि०--तेजा०--क०-समचदु०--वेउव्वि०अंगो०--वण्ण०४--देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि० णि० बं०। तं तु०। तित्थय० सिया०। तं तु०। एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स। तं तु०।

३२३. अथिर० ज०ट्ठि०बं० सुभ--जसगित्ति--तित्थय० सिया० संखेज्जभागब्भ०। असुभ--अजस० सिया० बं०। तं तु०। सेसं णि० बं० संखेज्जभागब्भहियं०। एवं असुभ-अजस०।

३२४. कम्मइगका० ओरालियमिस्सभंगो। णवरि तित्थय० ज०ट्ठि०बं० मणु-

३२२. आहारक काययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंका भङ्ग सर्वार्थसिद्धि के समान है। किन्तु नामकर्मकी प्रकृतियोंको छोड़कर यह कथन करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि देवगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इनका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु ऐसी अवस्थामें वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है।

३२३. अस्थिर प्रकृतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव शुभ, यशःकीर्ति और तीर्थंकर इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। अशुभ और अयशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। शेष प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार अशुभ और अयशःकीर्ति की मुख्यता से सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३२४ कार्मण काययोगी जीवोंमें भङ्ग औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि तीर्थंकर प्रकृतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव मनुष्य गतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सगदि० सिया० संखेज्जगु० । देवगदि० ४ सिया० । तं तु० ।

३२५. इत्थिवे०-पुरिसवेदेसु सत्तण्णं कम्माणं पंचिंदियभंगो । णवरि कोधसंज० ज०ट्ठि०बं० तिण्णिसंज० णि० बं० णि० जहण्णा० । एवं तिण्णिसंजलणाणं ।

३२६. णवुंसगे मोहणी० इत्थिवेदभंगो । सेसं ओघं । अवगदवेदे ओघं । कोधादि०४ ओघं । णवरि विसेसो, कोधे कोधसंज० [ज०ट्ठि०बं०] तिण्णिसंज० णि० बं० णि० जहण्णा० । एवं तिण्णिसंजलणाणं । माणे माणसंज० ज०ट्ठि०बं० दोण्णं संजल० णि० बं० णि० जहण्णा० । एवं दोण्णं संजलणाणं । मायाए मायासंज० ज०ट्ठि०बं लोभसंज० णि० बं० णि० जहण्णा० । एवं लोभसंजल० । लोभे ओघं चेव ।

३२७. मदि०-सुद० तिरिक्खोघं । विभंगे सत्तण्णं कम्माणं णिरयोघं । णिरयग० ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-

---

नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । देवगति चतुष्कका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है ।

३२५. स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है । इतनी विशेषता है कि क्रोध संज्वलनकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव तीन संज्वलनोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे जघन्य स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार तीन संज्वलनोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३२६. नपुंसकवेदी जीवोंमें मोहनीयका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है । तथा शेष कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है । अपगतवेदी जीवोंमें ओघके समान है । क्रोधादि चार कषायवाले जीवोंमें ओघके समान है । किन्तु इतनी विशेषता है कि क्रोधकषायवाले जीवोंमें क्रोध संज्वलनकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव तीन संज्वलनोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे जघन्य स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार तीन संज्वलनोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । मानकषायवाले जीवोंमें मान संज्वलनकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव दो संज्वलनोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे जघन्य स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार दो संज्वलनोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । माया कषायवाले जीवोंमें माया संज्वलनकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव लोभ संज्वलनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे जघन्य स्थितिका बन्धक होता है । इसीप्रकार लोभ संज्वलनकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । लोभकषायवाले जीवोंमें सन्निकर्ष ओघके समान ही है ।

३२७. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें सन्निकर्ष सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । विभङ्गज्ञानमें सात कर्मोंका भङ्ग सामान्य नारकियोंके समान है । नरकगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर वैक्रियिकआङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माण इनका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिमि० णि० बं० संखेज्जगु० । हुंड०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ० णि० बं० संखेज्ज-भाग० । णिरयाणु० णि० बं० । तं तु० । एवं णिरयाणु० । तिरिक्खगदि० ज० ट्ठि०बं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिरा-दिछ०-णिमि० णि० संखेज्जगु० । ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-तिरिक्खाणु० णि०बं० । तं तु० । उज्जो० सिया० । तं तु० । एवं तिरिक्खाणु०-उज्जो० ।

३२८. मणुसग० ज०ट्ठि०बं० ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-मणुसाणु० णि० बं० । तं तु० । सेसं तिरिक्खगदिभंगो । एवं ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-

---

नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। हुण्डसंस्थान, अप्रशस्तविहायोगति और अस्थिर आदि छह इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। नरकगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसीप्रकार नरकगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तिर्यञ्चगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी इनका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसीप्रकार तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३२८. मनुष्यगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है। इसीप्रकार औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, दो गति, दो आनुपूर्वी और उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित्

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मणुसाणु०। णवरि ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिस०-दोगदि-दोआणु०-उज्जो० सिया०। तं तु०।

३२९. देवगदि० ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०-सादि-पसत्थट्ठावीसं णिय०। तं तु०। एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स। तं तु०। चदुजादि--पंचसंठा०--पंचसंघ०--अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादें० मणजोगिभंगो। णवरि जसगि० ज० संखेज्जगुणब्भ०।

३३०. आभिणि०-सुद०-ओधि० मण०भंगो। णवरि मिच्छत्तपगदिं वज्ज। मणुसगदि० ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०--तेजा०-क०--समचदु०--वण्ण०४--अगु०४--पसत्थ०-तस०४-थिरादिपंच-णिमि० णि० बं० संखेज्जगुणब्भ०। ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-मणुसाणु० णि० बं०। तं तु०। जस० णि० बं० असंखेज्जगु०। तित्थय०

अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है।

३२९. देवगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, स्वातिसंस्थान प्रशस्त अट्ठाईस प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्ध होता है। इसीप्रकार इन सब प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। चार जाति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर और अनादेय इनका भङ्ग मनोयोगी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि यशःकीर्तिका नियमसे बन्धक होता है जो अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है।

३३०. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंका भङ्ग मनःपर्ययज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्व प्रकृतिको छोड़कर सन्निकर्ष कहना चाहिए। मनुष्यगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि पाँच और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभ नाराचसंहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वी इनका नियमसे बन्धक होता है,किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। यशःकीर्तिका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिया० संखेज्जगु० । एवं मणुसगदिपंचगस्स ।

३३१. देवगदि० ज०ट्ठि०बं० पंचिंदि०-पसत्थट्ठावीसं णि० बं० । तं तु० । णवरि जस० णि० बं० असंखेज्जगु० । आहार०-आहार०अंगो०-तित्थय० सिया० । तं तु० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० ।

३३२. अथिर० ज०ट्ठि०बं० देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क० समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णि० णि० बं० संखेज्जगु० । सुभ०-तित्थय० सिया० संखे०गु० । जस० सिया० असंखेज्जगु० । असुभ-अजस० सिया० । तं तु० । एवं असुभ-अजस० ।

होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार मनुष्यगति पञ्चककी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३३१. देवगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति प्रशस्त अट्ठाईस प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है । इतनी विशेषता है कि यशःकीर्तिका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है । इसीप्रकार इनका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए । किन्तु ऐसी अवस्थामें वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है ।

३३२. अस्थिरकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । शुभ और तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । यशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । अशुभ और अयशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३३३. मणपज्जव०-संजद-सामाइ०-छेदो० ओधिभंगो। णवरि असंजद-संजदासंजदपगदीओ वज्ज। परिहार० आहारकायजोगिभंगो। णवरि अरदि० ज०ट्ठि०बं० सोग० णि० बं०। तं तु०। सेसं संखेज्जगु०। एवं सोग०।

३३४. अथिर० ज०ट्ठि०बं० देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०-४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि० संखेज्जगु०। सुभ-जस०-तित्थय० सिया० संखेज्जगु०। असुभ-अजस० सिया०। तं तु०। एवं असुभ-अजस०।

३३५. सुहुमसंप० ओघं। संजदासंजदे परिहारभंगो। णवरि मोह० अट्ठकसा०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं० एदाओ एक्कमेक्कस्स। तं तु०। अरदि० ज०ट्ठि०बं० अट्ठ-

---

भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसीप्रकार अशुभ और अयशःकीर्तिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३३३. मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिक संयत और छेदोपस्थापना संयत जीवोंका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि असंयत और संयतासंयतकी प्रकृतियोंको छोड़कर जानना चाहिए। परिहारविशुद्धि संयतोंका भङ्ग आहारककाययोगी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अरतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव शोकका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। शेष प्रकृतियोंका नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार शोककी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३३४. अस्थिरकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। शुभ, यशःकीर्ति और तीर्थंकर इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। अशुभ और अयशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। इसीप्रकार अशुभ और अयशःकीर्तिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३३५. सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंका भङ्ग ओघसे समान है। संयतासंयत जीवोंका भङ्ग परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि मोहनीयकी आठ कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय और जुगुप्सा इनका परस्पर सन्निकर्ष होता है। किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। अरतिकी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कसा०--पुरिस०--भय-दुगुं० णि० संखेज्जगु० । सोग० णियमा बं० । तं तु० । एवं सोग० ।

३३६. असंजद० तिरिक्खोघं । णवरि तित्थय० ओघं । णवरि जस० णि बं० संखेज्जगु० ।

३३७. चक्खुदंस० तसपज्जत्तभंगो । अचक्खुदं० मूलोघं । ओधिदंस० ओधिणाणिभंगो ।

३३८. किण्ण--णील--काऊणं असंजदभंगो । णवरि किण्ण-णीलाणं तित्थयरं देवगदिसह कादव्वो । काउए पढमपुढविभंगो । तेऊए छण्णं कम्माणं सोधम्मभंगो । मिच्छ० ज०ट्ठि०बं० अणंताणु-बंधि०४ णि० बं० । तं तु० । बारसकसा०--पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं० णि० बं० संखेज्जगु० । एवं अणंताणुबंधि०४ ।

३३९. अपच्चक्खाणकोध० ज०ट्ठि०बं० तिण्णिकसा० णि बं । तं तु० ।

जघन्य स्थितिका बन्धक जीव आठ कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्सा इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । शोक का नियमसे बन्धक होता है । किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार शोककी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३३६. असंयत जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि यशःकीर्तिका नियम से बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है ।

३३७. चक्षुदर्शनवाले जीवोंका भङ्ग त्रसपर्याप्त जीवोंके समान है । अचक्षुदर्शनवाले जीवोंका भङ्ग मूलोघके समान है । अवधिदर्शनवाले जीवोंका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है ।

३३८. कृष्ण, नील, और कापोत लेश्यावाले जीवोंका भङ्ग असंयत जीवोंके समान है । इतनी विशेषता है कि कृष्ण और नील लेश्यावाले जीवोंके तीर्थंकर प्रकृति देवगति सहित कहनी चाहिए । कापोत लेश्यामें तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग पहली पृथ्वीके समान है । पीत लेश्यामें छह कर्मोंका भङ्ग सौधर्म कल्पके समान है । मिथ्यात्वकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव अनन्तानुबन्धी चारका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है । बारह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार अनन्तानुबन्धी चारकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३३९. अप्रत्याख्यानावरण क्रोधकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव तीन कषायका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अट्ठक०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं० णि० बं० संखेज्जगु० । एवं तिण्णिकसा० ।

३४०. पच्चक्खाणकोध० ज०ट्ठि०बं० तिण्णिक० णि० बं० । तं तु० । चदुसंज०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं० णि० बं० संखेज्जगु० । एवं तिण्णिकसा० ।

३४१. कोधसंज० ज०ट्ठि०बं० तिण्णिसंज०--पुरिस०--हस्स--रदि--भय--दुगुं० णि० बं० । तं तु० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० ।

३४२. इत्थि० ज०ट्ठि०बं० मिच्छ०-सोलसक०-भय-दुगुं० णि० बं० संखेज्जगुणब्भहियं० । हस्स-रदि-अरदि-सोग० सिया० संखेज्जगु० । एवं णवुंस० ।

३४३. अरदि० ज०ट्ठि०बं० चदुसंज०--पुरिस०-भय--दुगुं० णि० बं० संखे-

---

जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। आठ कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय और जुगुप्सा इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसीप्रकार तीन कषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३४०. प्रत्याख्यानावरण क्रोधकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव तीन कषायोंका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। चार संज्वलन, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय और जुगुप्सा इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसीप्रकार तीन कषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३४१. क्रोध संज्वलनकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव तीन संज्वलन, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय और जुगुप्सा इनका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। इसीप्रकार इन सब प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु ऐसी अवस्थामें वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है।

६९८. स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी और नपुंसकवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायके भुजगारबन्धक जीव हैं, अल्पतरबन्धक जीव हैं और अवस्थितबन्धक जीव हैं। शेष भङ्ग ओघके समान है। अपगतवेदी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार बन्धक जीव हैं, अल्पतरबन्धक जीव हैं, अवस्थितबन्धक जीव हैं और अवक्तव्यबन्धक जीव हैं। इसी प्रकार सूक्ष्मसांपरायसंयत जीवोंमें जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है।

६९९. क्रोधकषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सेसं ओघं। माणे तं चेव। णवरि तिण्णि संज०। मायाए दोण्णि संज०। सेसं तं चेव। लोभे पंचणा०-चदुदंस०-पंचंत० अत्थि भुज०-अप्पद०-अवट्ठि०। सेसं ओघं।

७००. मदि०-सुद० पंचणा०-णवदंसणा०-सोलसक० भय-दुगुं०-तेजा०-क०-वण्ण० ४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० अत्थि भुज०-अप्पद०-अवट्ठि०। सेसं ओघं। एस भंगो विभंगे। एवं चेव अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि त्ति। णवरि मिच्छत्त० अवत्तव्वं णत्थि।

७०१. आभि०-सुद०-ओधि०-मणपज्जव०-संजद-ओधिदं०-सुक्कले०-सम्मादि० खइग०-उवसम० ओघं। सामाइ०-छेदो० पंचणा०-चदुदंस०-लोभसंज०-उच्चा०-पंचंत० अत्थि भुज०-अप्पद०-अवट्ठि०। सेसं ओघं। परिहार० आहारकायजोगिभंगो। संजदासंजद० पंचणा०-छदंसणा०-अट्ठकसा०-पुरिसवे०-भय-दुगुं०-देवगदि-पंचिंदि०-तिण्णिसरीर-समचदु०-वेउव्वियअंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें-ज्ज०-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० अत्थि भुज०-अप्पद०-अवट्ठि०। सेसं ओघं।

७०२. असंजदे० पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-भय-दुगुं० तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० अत्थि भुज०-अप्पद०-अवट्ठि०। सेसं ओघं। तिण्णि लेस्साणं

पाँच अन्तरायके भुजगार बन्धक जीव हैं, अल्पतरबन्धक जीव हैं और अवस्थितबन्धक जीव हैं। शेष भङ्ग ओघके समान हैं। मानकषायवाले जीवोंमें वही भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि यहाँ तीन संज्वलन कहना चाहिये। मायामें दो संज्वलन कहने चाहिये। शेष भङ्ग उसी प्रकार हैं। लोभकषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायके भुजगार बन्धक जीव हैं, अल्पतरबन्धक जीव हैं और अवस्थितबन्धक जीव हैं। शेष भङ्ग ओघके समान हैं।

७००. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगार बन्धक जीव हैं, अल्पतर बन्धक जीव हैं और अवस्थित बन्धक जीव हैं। शेष भङ्ग ओघके समान हैं। यही भङ्ग विभङ्गज्ञानी जीवोंमें जानना चाहिये। तथा इसी प्रकार अभव्य, मिथ्यादृष्टि और असंज्ञी जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि इनमें मिथ्यात्वका अवक्तव्य पद नहीं है।

७०१. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी मनःपर्ययज्ञानी, संयत, अवधि दर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिक सम्यग्दृष्टि और उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। सामायिक संयत और छेदोपस्थापना संयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, लोभ संज्वलन, उच्च गोत्र और पाँच अन्तरायके भुजगारबन्धक जीव हैं, अल्पतरबन्धक जीव हैं और अवस्थित बन्धक जीव हैं। शेष भङ्ग ओघके समान हैं। परिहारविशुद्धि संयत जीवोंमें आहारक काययोगी जीवोंके समान भङ्ग है। संयतासंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, तीनशरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्ण चतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके भुजगारबन्धक जीव हैं, अल्पतर बन्धक जीव हैं और अवस्थितबन्धक जीव हैं। शेष भङ्ग ओघके समान हैं।

७०२. असंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगारबन्धक जीव हैं, अल्पतर बन्धक जीव हैं और अवस्थित बन्धक जीव हैं। शेष भङ्ग ओघके समान हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं चेव । णवरि किण्ण-णीलाणं तित्थय० अवत्तव्वं णत्थि ।

७०३. तेऊए पंचणा०-छदंस०-चदुसंज०-भय-दुगुं०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु० ४-बादर पज्जत्त-पत्तेय०-णिमि०-पंचंत० अत्थि भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० । सेसं ओघं । एवं पम्माए वि । णवरि पंचिंदिय०-तस० धुवं कादव्वं ।

७०४. वेदगसम्मा० पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-पुरिस०-भय-दुगुं०-तेजा०-क०-पंचिंदि०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० अत्थि भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० । सेसं ओघं ।

७०५. सासणे पंचणा०-णवदंसणा०-सोलसक०-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णिमि०-पंचंत० अत्थि भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० । सेसं ओघं ।

७०६. सम्मामि० दोवेदणीय-चदुणोक०-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० अत्थि भुज०-अप्पद०-अवट्ठि०-अवत्तव्वं० । सेसाणं अत्थि भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० ।

एवं समुक्कित्तणा समत्ता

सामित्ताणुगमो

७०७. सामित्ताणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे० । ओघेण पंचणा०-छदंसणा०-चदु-

---

नीललेश्यावाले जीवोंमें इसी प्रकार जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि कृष्ण और नीललेश्या वाले जीवों में तीर्थङ्कर प्रकृतिका अवक्तव्य पद नहीं है ।

७०३. पतिलेश्यावाले जीवों में पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावण, चार संज्वलच, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रयेक, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगारबन्धक जीव हैं, अल्पतर बन्धक जीव हैं और अवस्थितबन्धक जीव हैं । शेष भङ्ग ओघके समान है । इस प्रकार पद्मलेश्यावाले जीवोंमें भी जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि इनमें पञ्चेन्द्रिय जाति और त्रस प्रकृतिको ध्रुव कहना चाहिये ।

७०४. वेदक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुष वेद, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, पञ्चेन्द्रिय जाति, समचतुरस्र संस्थान, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके भुजगारबन्धक जीव हैं, अल्पतरबन्धक जीव हैं और अवस्थितबन्धक जीव हैं । शेष भङ्ग ओघके समान है ।

७०५. सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, त्रस चतुष्क, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगारबन्धक जीव हैं, अल्पतरबन्धक जीव हैं और अवस्थितबन्धक जीव हैं । शेष भङ्ग ओघके समान है ।

७०६. सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें दो वेदनीय, चार नोकषाय, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिके भुजगारबन्धक जीव हैं, अल्पतरबन्धक जीव हैं, अवस्थितबन्धक जीव हैं और अवक्तव्यबन्धक जीव हैं । शेष प्रकृतियोंके भुजगारबन्धक जीव हैं, अल्पतरबन्धक जीव हैं और अवस्थितबन्धक जीव हैं ।

इस प्रकार समुत्कीर्तना समाप्त हुई ।

स्वामित्वानुगम

७०७. स्वामित्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संज०-भय-दुगुं०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० भुजगा०-अप्पद०-अवट्ठिदबंधो कस्स ? अण्णदरस्स । अवत्तव्वबंधो कस्स ? अण्णदरस्स उवसमगस्स परिवदमाणस्स मणुसस्स वा मणुसिणीए वा पढमसमए देवस्स वा। थीणगिद्धि० ३-अणंताणुबंधि०४ भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० कस्स ? अण्णद० । अवत्त० कस्स ? संजमादो संजमासंजमादो सम्मत्तादो सम्मामिच्छत्तादो वा परिवदमाणस्स पढमसमयमिच्छादिट्ठिस्स वा सासणसम्मादिट्ठिस्स वा । मिच्छत्त० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० कस्स ? अण्णदरस्स । अवत्तव्व० कस्स ? अण्णद० संजमादो वा संजमासंज० समत्त० सम्मामि० सासण० वा परिवदमाणस्स पढमसमयमिच्छादिट्ठिस्स । अप्पच्चक्खाणा०४ तिण्णि पद० कस्स ? अण्णद० । अवत्त० कस्स० ? संजमादो वा संजमासंज० परिवदमाणस्स पढमसमय-मिच्छादिट्ठि० सासण० सम्मामि० असंजदसं० । पच्चक्खाणा०४ भुज० अप्पद०-अवट्ठि०कस्स० ? अण्ण० । अवत्त०कस्स० ? अण्णद० संजमादो परिवदमाण० पढमसमय-मिच्छादि० सासण० सम्मामि० असंजदसं० संजदासंजद० । चदुण्णं आयुगाणं अवत्त० कस्स० ? अण्ण० पढमसमय-आयुगबंध० । तेण परं अप्पदरबं० । आहार०-आहार०अंगो०-पर०-उस्सास०-आदाउज्जो०-तित्थय० तिण्णिपद० कस्स० ? अण्ण० । अवत्तव्व० कस्स० ? अण्ण० पढम-

पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तराय इनके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित बन्धकका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उनका स्वामी है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर गिरनेवाला उपशामक मनुष्य और मनुष्यनी या प्रथम समयवर्ती देव अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। स्त्यानगृद्धि तीन, अनन्तानुबन्धी चारके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उनका स्वामी है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? संयमसे, संयमासंयमसे, संम्यक्त्वसे और सम्यग्मिथ्यात्वसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि या सासादन सम्यग्दृष्टि जीव अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। मिथ्यात्वके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त बन्धका स्वामी है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? संयमसे संयमासंयमसे, सम्यक्त्वसे, सम्यग्मिथ्यात्वसे या सासादनसम्यक्त्वसे गिरनेवाला प्रथम समयवाला मिथ्यादृष्टि जीव अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। अप्रत्याख्यानावरण चारके तीन पदोंका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? संयमसे या संयमासंयमसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और असंयतसम्यग्दृष्टि जीव अवक्तव्य पदका स्वामी है। प्रत्याख्यानावरण चारके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त बन्धका स्वामी है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? संयमसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि और संयतासंयत अन्यतर जीव अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। चार आयुओंके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? प्रथम समयवर्ती आयुकर्मका बन्ध करनेवाला अन्यतर जीव अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। इससे आगे वह अल्पतर बन्धका स्वामी है। आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत और तीर्थङ्कर प्रकृतिके तीन पदोंका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है। अवक्तव्य पदका स्वामी कौन है ? प्रथम समयमें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समयबं० । सेसाणं तिण्णिपद० कस्स० ? अण्ण० । अवत्तव्व० कस्स० ? अण्ण० परियत्तमाणपढमसमयबंध० ।

७०८. णिरएसु धुविगाणं तिण्णिपदा० कस्स० ? अण्ण० । सेसाणं ओघादो साधेदव्वं । णवरि सत्तमाए तिरिक्खग-तिरिक्खाणु०-णीचा० थीणगिद्धि०भंगो । मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० तिण्णिपदा० कस्स० ? अण्ण० । अवत्त० कस्स० ? अण्ण० मिच्छत्तादो परिवद० पढमसमय सम्मामि० सम्मादिट्ठि० ।

७०९. तिरिक्खेसु धुविगाणं तिण्णिपदा कस्स० ? अण्ण० । सेसाणं ओघादो साधेदव्वं । एवं पंचिंदियतिरिक्ख०३ । पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्त० धुविगाणं तिण्णिपदा० कस्स० ? अण्ण० । सेसाणं ओघं । एवं सव्वअपज्जत्तगाणं एइंदिय-विगलिंदिय-पंचकायाणं च ।

७१०. मणुसा०३ ओघं । णवरि अवत्त० देवो त्ति ण भाणिदव्वं ।

७११. देवाणं णिरयोघो याव उवरिमगेवज्जा त्ति । णवरि विसेसो णादव्वो । उवरि पज्जत्तभंगो ।

७१२. पंचिंदि०-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-ओरालि०-आभि०-सुद०-

बन्ध करनेवाला अन्यतर जीव अवक्तव्य पदका स्वामी है । शेष कर्मोंके तीन पदोंका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है । अवक्तव्य पदका स्वामी कौन है । परिवर्तमान प्रथम समयमें बन्ध करनेवाला अन्यतर जीव अवक्तव्यपदका स्वामी है ।

७०८. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है । शेष प्रकृतियोंके यथासम्भव पदोंका स्वामित्व ओघसे साध लेना चाहिये । इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका भङ्ग स्त्यानुगृद्धित्रिकके समान है । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके तीन पदोंका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है । अवक्तव्यपदका स्वामी कौन है ? मिथ्यात्वसे ऊपर चढ़नेवाला प्रथम समयवर्ती सम्यग्मिथ्यादृष्टि या सम्यग्दृष्टि अन्यतर जीव अवक्तव्य पदका स्वामी है ।

७०९. तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है । शेष प्रकृतियोंके पदोंका स्वामित्व ओघके अनुसार साध लेना चाहिये । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिकके जानना चाहिये । पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियों के तीन पदोंका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । इसी प्रकार सब अपर्याप्तक, एकेन्द्रिय, विकलत्रय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंके जानना चाहिये ।

७१०. मनुष्यत्रिकमें ओघके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पदका स्वामी देव है यह नहीं कहना चाहिये ।

७११. देवोंमें उपरिम ग्रैवेयक तक नारकियोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि वहाँ जो विशेष हो उसे जानकर कहना चाहिये । इससे आगे पर्याप्तके समान भङ्ग है ।

७१२. पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, काययोगी, औदारिक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओधि० चक्खुदं०-अचक्खुदं०-ओधिदं०-सुक्कले०-भवसि०-सम्मादि०-खइगस०-उवसम०-सण्णि-आहारग त्ति ओघो। णवरि पंचमण०-पंचवचि०-ओरालिय० मणुसभंगो।

७१३. ओरालियमि० धुविगाणं भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० कस्स०? अण्ण०। सेसाणं ओघं। देवगदि०४-तित्थय० तिण्णिपदा० कस्स०? अण्ण०। मिच्छ० तिण्णिपदा कस्स? अण्ण०। अवत्त० कस्स०? सासण० परिवदमाण० पढमसमयमिच्छादिट्ठिस्स।

७१४. वेउव्वियका० देव-णेरइगभंगो। वेउव्वियमि० धुविगाणं तिण्णिपदा० कस्स०? अण्ण० देवस्स वा णेरइय०। मिच्छत्तस्स ओरालियमिस्सभंगो। सेसाणं ओघो। आहार०-आहारमि० धुविगाणं तिण्णिपदा कस्स०? अण्ण०। सेसं ओघं। कम्मइय० धुविगाणं तिण्णि पदा० कस्स०? अण्ण०। सेसाणं तिण्णि पदा० कस्स०? अण्ण०। अवत्त० कस्स०? अण्ण० परियत्तमा० पढमसमयबं०। मिच्छ०-देवगदि०४-तित्थय० ओरालियमिस्सभंगो। एवं अणाहार०।

७१५. इत्थि० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत तिण्णिपदा कस्स०? अण्ण०। णिद्दा-पचला-भय-दुगुं०-तेजा०-क० याव णिमिण त्ति तिण्णि पदा कस्स०?

काययोगी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, चक्षुःदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, भव्य, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी और औदारिककाययोगी जीवोंमें मनुष्योंके समान भङ्ग है।

७१३. औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है। शेष प्रकृतियोंके पदोंका स्वामी ओघके समान है। देवगति चतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिके तीन पदोंका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है। मिथ्यात्वके तीन पदोंका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है। अवक्तव्य पदका स्वामी कौन है? सासादन सम्यक्त्वसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि जीव अवक्तव्य पदका स्वामी है।

७१४. वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें देवों और नारकियोंके समान भङ्ग है। वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंका स्वामी कौन है? अन्यतर देव और नारकी जीव उक्त पदोंका स्वामी है। मिथ्यात्वका भङ्ग औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। कार्मणकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है। शेष प्रकृतियोंके तीन पदोंका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है। अवक्तव्य पदका स्वामी कौन है? अन्यतर परिवर्तमान प्रथम समयमें बन्ध करनेवाला जीव अवक्तव्य पदका स्वामी है। मिथ्यात्व, देवगति चार और तीर्थङ्करका भङ्ग औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान है। इसी प्रकार अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए।

७१५. स्त्रीवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायके तीन पदोंका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव तीन पदोंका स्वामी है। निद्रा, प्रचला, भय,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अण्ण० तिगदियस्स। अवत्त० कस्स०? अण्ण० उवसम० परिवदमा० मणुस० मणुसिणीए वा। सेसाणं ओघादो साधेदव्वं। णवरि तिगदियस्स। एवं पुरिस०। णवरि णिद्दा-पचलादंडयस्स ओघो। सेसाणं वि ओघो। णवुंसगे इत्थिभंगो। अवगदवे० भुज० अवत्त० कस्स०? अण्ण० उवसम० परिवदमा० पढमसमय०। अप्पद०-अवट्ठि कस्स०? अण्ण० उवसम० खवग०। एवं सव्वाणं।

७१६. कोधे३ पंचणा०-चदुदंस०-पंचंत० तिण्णिपदा कस्स०? अण्ण०। कोधे चदुसंज० माणे तिण्णि संज० मायाए दो संज० णिद्दा-पचला-भय-दुगु० तेजइगादिणव० ओघो। सेसाणं ओघं। लोभे [१४] कोधभंगो। सेसं ओघं।

७१७. मदि०-सुद० धुविगाणं तिण्णिपदा कस्स०? अण्ण०। मिच्छ० अवत्त० ओरालियमिस्सभंगो। सेसाणं ओघेण साधेदव्वं। एवं विभंग०-अब्भवसि०-मिच्छादि०। णवरि दोसु मिच्छत्तस्स अवत्त० णत्थि।

७१८. मणपज्जव०-संजदे धुविगाणं मणुसभंगो। एवं सेसाणं पि। सामाइ०-

जुगुप्सा, तैजसशरीर और कार्मणशरीरसे लेकर निर्माण तक प्रकृतियोंके तीन पदोंका स्वामी कौन है? अन्यतर तीन गतिका जीव उक्त पदोंका स्वामी है। अवक्तव्य पदका स्वामी कौन है? उपशमश्रेणिसे गिरनेवाला अन्यतर मनुष्य या मनुष्यनी अवक्तव्य पदका स्वामी है। शेष प्रकृतियोंके पदोंका स्वामित्व ओघसे साध लेना चाहिए। इतनी विशेषता है कि तीन गतिके जीवके स्वामित्व कहना चाहिए। इसी प्रकार पुरुषवेदी जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके निद्रा और प्रचला दण्डकका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके पदोंका स्वामित्व भी ओघके समान है। नपुंसकवेदी जीवोंमें स्त्रीवेदी जीवोंके समान भङ्ग है। अपगतवेदी जीवोंमें भुजगार और अवक्तव्य पदका स्वामी कौन है? उपशमश्रेणिसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है। अल्पतर और अवस्थितपदका स्वामी कौन है? अन्यतर उपशामक या क्षपक अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है। इसी प्रकार सब प्रकृतियोंका स्वामित्व जानना चाहिए।

७१६. क्रोध, मान और माया कषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायके तीन पदोंका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव तीन पदोंका स्वामी है। क्रोध-कषायवाले जीवोंमें चार संज्वलन, मान कषायवाले जीवोंमें तीन संज्वलन और मायाकषायवाले जीवोंमें दो संज्वलन तथा निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा और तैजसशरीर आदि नौ प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंके पदोंका स्वामित्व ओघके समान है। लोभ कषायवाले जीवोंमें चौदह प्रकृतियोंका भङ्ग क्रोध कषायवाले जीवोंके समान है। शेष प्रकृतियोंके पदोंका स्वामित्व ओघके समान है।

७१७. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव तीन पदोंका स्वामी है। मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदका स्वामित्व औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंके समान है। शेष प्रकृतियोंके पदोंका स्वामित्व ओघसे साध लेना चाहिए। इसी प्रकार विभङ्गज्ञानी, अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अभव्य और मिथ्यादृष्टि इन दो मार्गणाओंमें मिथ्यात्वका अवक्तव्य पद नहीं है।

७१८. मनःपर्ययज्ञानी और संयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग मनुष्योंके समान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छेदो० धुविगाणं तिण्णिपदा कस्स० ? अण्ण० । णिद्दा-पचला-तिण्णिसंज०-पुरिस०-भय-दुगुं० देवगदि-पंचिंदि०-तिण्णिसरीर-समचदु०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु० ४-पसत्थ०-तस० ४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णिमि०-तित्थय० तिण्णिपदा कस्स ? अण्ण० । अवत्तव्व० कस्स ? अण्ण० उवसम० परिवद० पढमसमय मणुस० मणुसिणीए वा । सेसाणं ओघो । परिहार० आहारकायजोगिभंगो । [सुहुमे भुज० कस्स० ? अण्ण० उवसम परिवद० । वेपदा कस्स० ? अण्ण० उवस० खवग० ।]

७१६. संजदासंज०-सम्मामि०-[सासाद०] अणुदिसभंगो । णवरि संजदासंजदस्स तित्थयरस्स अवत्तव्वं ओघेण साधेदव्वो । असंजदा० तिरिक्खोघं । एवं तिण्णिलेस्साणं । णवरि किण्ण-णीलाणं तित्थयरस्स अवत्तव्वं णत्थि । तेउए धुविगाणं तिण्णिपदा कस्स० ? अण्ण० । सेसाणं ओघादो साधेदव्वं । एवं पम्माए । वेदगे धुविगाणं तिण्णिपदा कस्स० ? अण्ण० । सेसं ओघं । असण्णीसु धुविगाणं तिण्णि पदा कस्स० ? अण्णदरस्स । सेसाणं ओघादो साधेदव्वं । एवं सामित्तं समत्तं ।

कालाणुगमो

७२०. कालाणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०-णवदंसणा०-दोवेद-

है । इसी प्रकार शेष प्रकृतियोंके विषयमें जानना चाहिए । सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है । निद्रा, प्रचला, तीन संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, तीन शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और तीर्थङ्कर इनके तीन पदोंका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है । अवक्तव्यपदका स्वामी कौन है ? उपशमश्रेणिसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती अन्यतर मनुष्य या मनुष्यिनी अवक्तव्यपदका स्वामी है । शेष प्रकृतियोंके पदोंका भङ्ग ओघके समान है । परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंमें आहारककाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है । सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें भुजगारपदका स्वामी कौन है ? उपशमश्रेणिसे गिरनेवाला अन्यतर जीव भुजगारपदका स्वामी है । अल्पतर और अवस्थितपदका स्वामी कौन है ? अन्यतर उपशामक और क्षपक उक्त दो पदोंका स्वामी है ।

७१६. संयतासंयत, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंका भङ्ग अनुदिशके समान है । इतनी विशेषता है कि संयतासंयत जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका अवक्तव्यपद ओघसे साध लेना चाहिए । असंयतोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है । इसीप्रकार तीन लेश्यावाले जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि कृष्ण और नील लेश्यावाले जीवोंमें तीर्थङ्करका अवक्तव्य पद नहीं है । पीत लेश्यावाले जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है । शेष प्रकृतियोंके पदोंका स्वामित्व ओघसे साध लेना चाहिए । इसीप्रकार पद्मलेश्यावाले जीवोंके जानना चाहिए । वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है । शेषके प्रकृतियोंके पदोंका स्वामित्व ओघके समान है । असंज्ञी जीवोंमें ध्रुव प्रकृतियोंके तीन पदोंका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव उक्त पदोंका स्वामी है । शेष प्रकृतियोंके पदोंका स्वामित्व ओघसे साध लेना चाहिए । इसप्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ ।

कालानुगम

७२०. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे पाँच

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णी०-मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-तिरिक्खग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-छस्संठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-वण्ण०४-अगु०४-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-दोविहा०-तस-बादर-पज्जत्त-अपज्जत्त-पत्तेय०-थिरादिछयुगल णिमि०-णीचा०-पंचंत० भुज० केवचिरं कालादो होदि? जह० एग०, उक्क० चत्तारि समया। अप्पद०केव०? जह० एग०,उक्क० तिण्णि सम०। अवट्ठि० जह० एग, उक्क० अंतो०। अवत्त० जह० एग०, उक्क० एग०। चदुण्णं आयु-गाणं अवत्तव्व० जह० उक्क० एग०। अप्पद० जह० उक्क० अंतो०। वेउव्वियछ०-आहा-रदुग-तित्थय० भुज०-अप्पद० जह० एग०, उक्क० वेसम०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० जहण्णु० एगस०। मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० भुज० जह० एग०, उक्क० चत्तारि सम०। अप्पद० जह० एग०, उक्क० वेसम०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० जह० उक्क० एग०। एइंदिय-आदाव-थावर-सुहुम-साधार० भुज० जह० एग०, उक्क० वेसम०। अप्पद० जह० एग०, उक्क० तिण्णिसम०। अवत्त०-अवट्ठि० देवगदिभंगो। बीइंदि०-तीइंदि०-चदुरिं० भुज०-अप्पद० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम०। अवट्ठि०-अवत्त० देवगदिभंगो। सेसाणं पगदीणं भुज० जह० एग०, उक्क० चत्तारि सम०। अप्पद० जह० एग०, उक्क० तिण्णिसम०। अवट्ठि जह० एग०, उक्क०

ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, दो वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, तिर्यंचगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, छह संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त अपर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर आदि छह युगल, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय इनके भुजगार-बन्धका कितना काल है? जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल चार समय है। अल्पतरबन्धका कितना काल है? जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अवस्थितपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्यपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल एक समय है। चार आयुओंके अवक्तव्यपदका जघन्य और उत्कृष्टकाल एक समय है। अल्पतरपदका जघन्य और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्करके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अवस्थितपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्यपदका जघन्य और उत्कृष्टकाल एक समय है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके भुजगारपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल चार समय है। अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अवस्थितपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्यपदका जघन्य और उत्कृष्टकाल एक समय है। एकेन्द्रियजाति, आतप, स्थावर, सूक्ष्म और साधारणके भुजगारपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अल्पतरपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अवक्तव्य और अवस्थित पदका भङ्ग देवगतिके समान है। द्वीन्द्रियजाति, त्रीन्द्रियजाति और चतुरिन्द्रियजातिके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अवस्थित और अवक्तव्यपदका भङ्ग देवगतिके समान है। शेष प्रकृतियोंके भुजगारपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल चार समय है। अल्पतरपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अवस्थित पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्यपदका जघन्य और उत्कृष्ट

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंतो० । अवत्त० जहण्णु० एगस० । एवं ओघभंगो कायजोगि-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि० ।

७२१. णिरएसु धुविगाणं भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० बेसम० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । एवं सेसाणं पि । णवरि अवत्तव्वगो यस्स अत्थि तस्स एयसमयं । एवं सव्वणिरयाणं ।

७२२. तिरिक्खेसु ओघो । णवरि धुविगाणं अवत्तव्वं णत्थि । मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० देवगदिभंगो । पंचिंदियतिरिक्खेसु मणुसग०-चदुजादि-मणुसाणु०-थावर-आदाव-सुहुम-साधार०-उच्चा० देवगदिभंगो । सेसाणं भुज०-अप्पद० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम० । सेसं ओघं । पंचिंदियपज्जत्त-जोणिणीसु एवं चेव । णवरि अपज्जत्तणाम देवगदिभंगो । पंचिंदिय०अपज्ज० धुविगाणं भुज०-अप्पद० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । सादासाद०-पंचणोक०-तिरिक्खग०-पंचिंदि०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंप०-तिरिक्खाणु०-तस०-बादर-अपज्ज०-पत्ते०-अथिरादिपंच-णीचा० भुज०-अप्पद० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम० । अवट्ठि० ओघं । सेसं णिरयभंगो ।

काल एक समय है । इसीप्रकार ओघके समान काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिये ।

७२१. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है । अवस्थितपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है । इसीप्रकार शेष प्रकृतियोंके पदोंका काल जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि जिस प्रकृतिका अवक्तव्यपद है उसका जघन्य और उत्कृष्टकाल एक समय है । इसीप्रकार सब नारकियोंके जानना चाहिये ।

७२२. तिर्यञ्चोंमें ओघके समान काल है । इतनी विशेषता है कि ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद नहीं हैं । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग देवगतिके समान है । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंमें मनुष्यगति, चार जाति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, स्थावर, आतप, सूक्ष्म, साधारण और उच्चगोत्रका भङ्ग देवगतिके समान है । शेष प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है । शेष भङ्ग ओघके समान है । पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त तिर्यञ्च और योनिनी जीवोंमें इसीप्रकार जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि इनमें अपर्याप्त नामका भङ्ग देवगतिके समान है । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है । अवस्थित पदका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल अन्तमुहूर्त है । सातावेदनीय, असातावेदनीय पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, त्रस, बादर, अपर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और नीचगोत्रके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है । अवस्थितपदका काल ओघके समान है । शेष भङ्ग नरकियोंके समान है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७२३. मणुसा०३ सव्वाणं भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० वेसम०। अवट्ठि०-अवत्तव्वं ओघं। एवं मणुसभंगो पंचमण०-पंचवचि०-ओरालि०-वेउव्वि०-वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि०-विभंग०-आभि०-सुद०-ओधि०-मणपज्ज०-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-संजदासंजद-ओधिदं०-तेउ०-पम्म०-सुक्कले०-सम्मादि०-खइग०-वेदगस०-उवसम०-सासण०-सम्मामि०-सण्णि त्ति। मणुसअपज्ज० णेरइगभंगो। एवं देवाणं एइंदिय-विगलिंदिय-पंचकायाणं च।

७२४. पंचिंदिय०२ चदुआयु० ओघं। वेउव्वियछक्क-आहारदुग-तित्थय०-चदुजादि-आदाव-थावर सुहुम-साधार० भुज० अप्पद० जह० एग०, उक्क० वेसम०। अवट्ठि०-अवत्तव्वं ओघं। सेसाणं भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० तिण्णिसम०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। मणुसग०-मणुसाणु० उच्चा० भुज० जह० एग०, उक्क० तिण्णिसम०। अप्पद० जह० एग०, उक्क० वेसम०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। पज्जत्त०-अपज्जत्तणामाणं देवगदिभंगो। पंचिंदियअपज्ज० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो। णवरि मणुसग०-मणुसाणु० भुज० जह० एग०, उक्क० तिण्णिसम०। अप्पद० जह० एग०, उक्क० वेसम०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं।

७२३. मनुष्यत्रिकमें सब प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अवस्थित और अवक्तव्यपदका भङ्ग ओघके समान है। इसीप्रकार मनुष्योंके समान पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, औदारिक काययोगी, वैक्रियिकयोगी, वैक्रियिक मिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, विभङ्गज्ञानी आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत, अवधिदर्शनी, पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशम सम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिये। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। इसीप्रकार देव, एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंके जानना चाहिये।

७२४. पञ्चेन्द्रियद्विकमें चार आयुओंका भङ्ग ओघके समान है। वैक्रियिक छह, आहारकद्विक, तीर्थङ्कर, चार जाति, आतप, स्थावर, सूक्ष्म और साधारणके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका काल ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके भुजगारपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका भङ्ग ओघके समान है। पर्याप्त और अपर्याप्त नामका भङ्ग देवगतिके समान है। पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके भुजगार पदका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अल्पतरपदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका भङ्ग ओघके समान है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७२५. तस–तसपज्जत्त० वेउव्वियछक्क–एइंदि०–आहारदुग–आदाव–थावर–सुहुम-साधार-तित्थय० भुज०-अप्पद० जह० एग०, उक्क० वेसम०। अवट्ठि०–अवत्त० ओघं। बेइंदि० भुज० जह० एग०, उक्क० वेसम०। अप्पद० जह० एग०, उक्क० तिण्णिसम०। अवट्ठि० अवत्त० सेसाणं ओघं। पज्जत्ताणं अपज्जत्तणामाणं च देवगदिभंगो।

७२६. तसअपज्ज० धुविगाणं भुज० जह० एग०, उक्क० चत्तारिसम०। अप्पद० जह० एग०, उक्क० तिण्णिसम०। अवट्ठि० ओघं। दोवेदणीय०-पंचणोक०–तिरिक्खग०-पंचिंदि०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-तिरिक्खाणु०-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-अथिरादिपंच-णीचा० भुज० जह० एग०, उक्क० चत्तारिसम०। अप्पद० जह० एग, उक्क० तिण्णिसम०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। मणुसग०-मणुसाणु० भुज० जह० एग०, उक्क० चत्तारिसम०। अप्पद० जह० एग०, उक्क० वेसम०। [अवट्ठि०-अवत्त०] तिण्णिविगलिंदि०-तसणामाणं च ओघं। णवरि बेइंदि० भुज० वेसम०। सेसाणं भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क०-वेसम०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं।

७२७. ओरालियमि० मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० भुज०-अप्पद० जह० एग०,उक्क० तिण्णिसम० वेसम०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। देवगदि०४–तित्थय० भुज०–अप्पद०

७२५. त्रस और त्रस पर्याप्त जीवोंमें वैक्रियिक छह, एकेन्द्रियजाति, आहारकद्विक, आतप, स्थावर, सूक्ष्म, साधारण और तीर्थङ्कर प्रकृतिके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका भङ्ग ओघके समान है। द्वीन्द्रिय जातिके भुजगार पदका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। पर्याप्त और अपर्याप्तका भङ्ग देवगतिके समान है।

७२६. त्रस अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल चार समय है। अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अवस्थित पदका भङ्ग ओघके समान है। दो वेदनीय, पांच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पांच और नीचगोत्रके भुजगार पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल चार समय है। अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अवस्थित और अवक्तव्यपदका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके भुजगार पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल चार समय है। अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अवस्थित और अवक्तव्य-पदका तथा तीन विकलेन्द्रिय और त्रस नामकर्मका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि द्वीन्द्रियजातिके भुजगार पदका उत्कृष्टकाल दो समय है। शेष प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका भङ्ग ओघके समान है।

७२७. औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके भुजगार और अल्पतरपद का जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल क्रमसे तीन समय और दो समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका भङ्ग ओघके समान है। देवगति चार और तीर्थ-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जह० एग०, उक्क०, बेसम०। सेसाणं ओघं। णवरि जेसिं चत्तारि समयं तेसिं तिण्णि समयं।

७२८. कम्मइ० धुविगाणं थावरपगदीणं च अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम०। अवत्त० [जहण्णु०] एगस०। सेसाणं अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम०। अवत्त० जहण्णु० एग०। देवगदिपंचग० अवट्ठि० जह० एग०. उक्क० बेसम०।

७२९. इत्थिवेदे पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज० पंचंतरा० पंचिंदियतिरिक्खभंगो। पंचदंस०-दोवेदणी०-मिच्छ०-बारसक०-इत्थिवे०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-छस्संठाणं-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-उज्जो०दोविहा०-तस०४-थिरादिछयुगल-णिमि०-णीचा० भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० तिण्णिसम०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० भुज० जह० एग०, उक्क० तिण्णिस०। अप्प०-अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। सेसाणं भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० वेसम०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। पुरिसवेदे सो चेव भंगो। णवरि पुरिस०दोपदा जह० एग०, उक्क० तिण्णिस०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। णवुंसगे ओघं। णवरि इत्थि०-पुरिस० देवगदिभंगो। अवगदवे० सव्वपगदीणं भुज०-अप्प०-

क्रूर प्रकृतिके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। शेष प्रकृतियोंके पदोंका काल ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि जिनका ओघसे चार समय काल है उनका काल यहाँ तीन समय है।

७२८. कार्मणकाययोगी जीवोंमें ध्रुव और स्थावर प्रकृतियोंके अवस्थित पदका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अवक्तव्य पदका जघन्य और उत्कृष्टकाल एक समय है। शेष प्रकृतियोंके अवस्थित पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अवक्तव्य पदका जघन्य और उत्कृष्टकाल एक समय है। देवगतिपञ्चकके अवस्थित पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है।

७२९. स्त्रीवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। पाँच दर्शनावरण, दो वेदनीय, मिथ्यात्व, बारह कषाय, स्त्रीवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, छह संस्थान, औदारि आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह युगल, निर्माण और नीचगोत्रके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका काल ओघके समान है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके भुजगार पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अल्पतर, अवस्थित और अवक्तव्य पदका काल ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका काल ओघके समान है। पुरुषवेदी जीवोंमें वही भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि पुरुषवेदके दो पदोंका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल तीन समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका काल ओघके समान है। नपुंसकवेदी जीवोंमें ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि इनमें स्त्रीवेद और पुरुषवेदका भङ्ग देवगतिके समान है। अपगतवेदी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अवस्थित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवत्त० एग०। अवट्ठि० ओघं।

७३०. सुहुमसंप० सव्वाणं भुज०-अप्प० एग०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। [चक्खुदं० तसपज्जत्तभंगो। णवरि तेइंदि०-चदुरिं० भुज० जह० एग० उक्क० वे०।]

७३१. असण्णीसु वेउव्वियछ०-मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० बेसम०। अवट्ठि०-अवत्त०ओघं। सेसाणं भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० तिण्णिसम०। णवरि इत्थिवेदादिपंचिंदियसंजुत्ताणं पगदीणं उक्कस्सं अप्पदरं बेसमयं। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। एइंदिय-आदाव-थावर-सुहुम-साधारणाणं ओघं।

७३२. आहारगेसु चदुआयु०-वेउव्वियछ०-आहारदुग-तित्थय० ओघो। मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० भुज० जह० एग०, उक्क० तिण्णिसम०। अप्प० जह० एग०, उक्क० बेसम०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। एइंदिय-आदाव-थावर-सुहुम-साधारणं च ओघं। सेसाणं भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० तिण्णिस०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। अणाहार० कम्मइगभंगो। एवं कालं समत्तं।

अंतराणुगमो

७३३. अंतराणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-

पदका काल ओघके समान है।

७३०. सूक्ष्मसाम्परायिक जीवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अवस्थित पदका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। चक्षुदर्शनवाले जीवोंमें त्रसपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जातिके भुजगार पदका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है।

७३१. असंज्ञी जीवोंमें वैक्रियिक छह, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका काल ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तीन समय है। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेद आदि पञ्चेन्द्रियसंयुक्त प्रकृतियोंके अल्पतर पदका उत्कृष्ट काल दो समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका काल ओघके समान है। एकेन्द्रियजाति, आतप, स्थावर, सूक्ष्म और साधारणका भङ्ग ओघके समान है।

७३२. आहारक जीवोंमें चार आयु, वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके भुजगार पदका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तीन समय है। अल्पतर पदका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका काल ओघके समान है। एकेन्द्रियजाति, आतप, स्थावर, सूक्ष्म और साधारणका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तीन समय है। अवस्थित और अवक्तव्यपदका काल ओघके समान है। अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है। इस प्रकार काल समाप्त हुआ।

अन्तरानुगम

७३३. अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भय-दुगुं०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० बंधंतरं केव० ? जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० अद्धपोग्गल०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ भुज०-अप्प०-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठि० देसू०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० अद्धपोग्गल०। सादासाद०-चदुणोक०-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० तिण्णिपदा जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० जह० उक्क० अंतो०। एवमेदाणं याव अणाहारग त्ति एस भंगो। अट्ठक० तिण्णिपदा जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी दे०। अवत्त० णाणावरणभंगो। इत्थि० तिण्णिपदा जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठि० देसू०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० देसू०। पुरिस० तिण्णिपदा० णाणा०भंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० सादिरे०। णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादें०तिण्णिपदा० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठि० सादि० तिण्णि पलिदो० देसू०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० सादि० तिण्णिपलिदो० देसू०। तिण्णिआयु० अवत्त०-अप्पद० जह० अंतो०, उक्क० अणंतका०। तिरिक्खायु० अवत्त०-अप्पद० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं०। वेउव्वियछ० तिण्णिपदा० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० अणंतका०।

ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका अन्तर कितना है ? जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छयासठ सागरप्रमाण है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अर्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य पदका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इसीप्रकार इन प्रकृतियोंका अनाहारक मार्गणातक यही भङ्ग है। आठ कषायोंके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। अवक्तव्यपदका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। स्त्रीवेदके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छयासठ सागर है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छयासठ सागर है। पुरुषवेदके तीन पदोंका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर है। नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर और अनादेयके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासागर और कुछ कम तीन पल्य है। तीन आयुओंके अवक्तव्य और अल्पतर पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है। तिर्यञ्चायुके अवक्तव्य और अल्पतर पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागरपृथक्त्व है। वैक्रियिक छहके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य पदका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु० तिण्णिपदा० जह० एग०, उक्क० तेवट्ठिसागरोवमसद०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। मणुसगदितिगं तिण्णिप० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। चदुजादि-आदाव-थावरादि०४ तिण्णिपदा० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पंचासीदिसागरोवमसदं। पंचिंदि०-पर०-उ०-तस०४ तिण्णिप० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पंचासीदिसाग०सदं। ओरालि० तिण्णिप० जह० एग०, उक्क० तिण्णिपलिदो० सादि०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० अणंतका०। आहारदुगं० तिण्णिप० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० अद्धपोग्गल०। समचदु०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज० तिण्णिप० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त०-जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० सादि० तिण्णि पलिदो० देसू०। ओरालि०अंगो०-वज्जरिस० तिण्णिप० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादि०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादिरे०। उज्जो० तिण्णिपदा० तिरिक्खगदिभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेवट्ठिसागरोवमसदं। णीचागो० तिण्णिपद० णवुंसगभंगो। अवत्त० जह० उक्क० तिरिक्खगदिभंगो। तित्थय० तिण्णिप० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० जह० अंतो, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०।

जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सबका अनन्त काल है। तिर्यञ्चगति और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ त्रेसठ सागर है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक है। मनुष्यगतित्रिकके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। चार जाति, आतप और स्थावर आदि चारके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ पचासी सागर है। पञ्चेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास और त्रसचतुष्कके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ पचासी सागर है। औदारिक शरीरके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है। आहारक द्विकके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराच संहननके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। उद्योतके तीन पदोंका अन्तर तिर्यञ्चगतिके समान है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ त्रेसठ सागर है। नीचगोत्रके तीन पदोंका भङ्ग नपुंसकवेदके समान है। अवक्तव्य पदका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर तिर्यञ्चगतिके समान है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७३४. णिरएसु धुविगाणं भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० वेसम०। पुरिस०-समचदु०-वज्जरिस० पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज० तिण्णिपदा० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० देसू०। धुवभंगो तित्थयरं। णवरि अवत्तव्वं णत्थि अंतरं। सेसाणं पि पगदीणं तिण्णि पदा० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं साग० देसू०। दोआयु० दो पदा० जह० अंतो०, उक्क० छम्मासं देसूणं। एवं सत्तमाए। सेसाणं पि तं चेव पुढवि०। णवरि मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० पुरिसवेदेण समं कादव्वं।

७३५. तिरिक्खेसु धुविगाणं भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० चत्तारिसम०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ तिण्णिपदा० जह० एग०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू०। अवत्तव्वं ओघं। अपच्चक्खाणा०४-तिण्णिपदा० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी० देसू०। अवत्त० ओघं। इत्थिवे० तिण्णिपदा० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू०। णवुंस०-तिरिक्खग०-चदुजादि-ओरालि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-तिरिक्खाणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-थावरादि०४-दूभग-दुस्सर-अणादें०-णीचा० तिण्णिपदा० जह० एग०,

७३४. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। पुरुषवेद, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयक तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इसके अवक्तव्य पदका अन्तर नहीं है। शेष प्रकृतियोंके भी तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। दो आयुओंके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छह महीना है। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए। शेष पृथिवियोंमें भी यही भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि इनमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके पदोंका अन्तर पुरुषवेदके साथ कहना चाहिए।

७३५. तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चार समय है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। अवक्तव्य पदका भङ्ग ओघके समान है। अप्रत्याख्यानावरण चारके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। अवक्तव्य पदका अन्तर ओघके समान है। स्त्रीवेदके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सबका कुछ कम तीन पल्य है। नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, चार जाति, औदारिक शरीर, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीच गोत्रके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी० देसू०। णवरि तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-ओरालि०-णीचा० अवत्त० ओघं। पुरिस०-समचदु०-पंचिंदि०-परघा०-उस्सा०-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें० तिण्णिपदा० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी० देसू०। णवरि पुरिसवे० अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू०। तिण्णिआयुगाणं दो पदा० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसूणं०। तिरिक्खायु० दो पदा० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी सादिरे०। वेउव्वियछक्कं-मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० ओघं।

७३६. पंचिंदियतिरिक्ख०३ धुवबिगाणं भुज०-अप्प० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णिसम०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-तिण्णिपदा० जह० एग०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णिपलिदो० पुव्वकोडिपुध०। अपच्चक्खाणा०४ तिण्णिपदा० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिपुध०। इत्थि० तिण्णिपदा० मिच्छत्तभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू०। णवुंस०-तिण्णिगदि-चदुजादि-ओरालि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-तिण्णिआणु०-आदाउज्जो० अप्प-

है, अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सबका कुछ कम एक पूर्वकोटि है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और नीचगोत्रके अवक्तव्य पदका भङ्ग ओघके समान है। पुरुषवेद, समचतुरस्रसंस्थान, पञ्चेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर और आदेयके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। इतनी विशेषता है कि पुरुषवेदके अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। तीन आयुओंके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटिका कुछ कम त्रिभागप्रमाण है। तिर्यञ्चायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक पूर्वकोटि है। वैक्रियिक छह, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग ओघके समान है।

७३६. पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिकमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर तीन समय है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक तीन पल्य है। अप्रत्याख्यानावरण चारके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है। स्त्रीवेदके तीन पदोंका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। नपुंसकवेद, तीन गति, चार जाति, औदारिक शरीर, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके तीन पदोंका जघन्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सत्थ०-थावरादि०४-दूभग-दुस्सर-अणादें०-णीचा० तिण्णिपदा० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० । पुरिस० तिण्णिपदा० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू० । चदुआयु० तिरिक्खोघं । देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणुपु०-परघा०-उस्सा० पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज०-उच्चा० तिण्णिपदा० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० ।

७३७. पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तगे धुविगाणं दो पदा० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णिसम० । सेसाणं तिण्णिपदा जह० एग०, उक्क० अंतो०, अवत्त० जह० उक्क० अंतो । दोआयु० दोपदा० जह० उक्क० अंतो० । एवं सव्वअपज्जत्ताणं एइंदिय-विगलिंदिय-पंचकायाणं च । णवरि यो जस्स भुजगारकालो सो अवट्ठिदस्स अंतरं होदि । यो अवट्ठिदकालो सो भुज०-अप्पद० अंतरं होदि । आयुगाणं दोण्णं पदाणं पगदिअंतरं कादव्वं । किंचि विसेसो ।

७३८. मणुसेसु पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-भय-दुगुं०-णामणव-पंचंत० तिण्णिपदा० ओघं । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्विकोडिपुध० । आहारदुगं तिण्णिपदा० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्विकोडिपुधत्तं । तित्थय० तिण्णिपदा

७६३. संज्ञी जीवोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंके समान है। असंज्ञी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर तीन समय है। तीन आयुओंके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटिका कुछ कम त्रिभागप्रमाण है। तिर्यञ्चायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक पूर्वकोटि है। वैक्रियिक छह और मनुष्यगति त्रिकका भङ्ग ओघके समान है। तिर्यञ्चगतिद्विक और नीचगोत्रके तीन पदोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्य पदका भङ्ग ओघके समान है। औदारिक शरीरके तीन पदोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्य पदका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। आहारक जीवोंका भङ्ग मूलोघके समान है। इतनी विशेषता है कि जहाँ पर अनन्तकाल और अर्धपुद्गल परिवर्तन काल कहा है, वहाँ पर अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण काल कहना चाहिए। अनाहारक जीवोंका भङ्ग कार्मणकाययोगी जीवोंके समान कहना चाहिए। इस प्रकार अन्तरकाल समाप्त हुआ।

भङ्गविचयानुगम

७६४. नाना जीवोंका आलम्बन लेकर भङ्ग-विचयानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-ओरालि० तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० णियमा अत्थि। सिया एदे य अवत्तगे य। सिया एदे य अवत्तगा य। तिण्णिआयुगाणं दो पदा भयणिज्जा। तिरिक्खायु० दो पदा णियमा अत्थि। वेउव्वियछ०-आहारदुग-तित्थय० अवट्ठि० णियमा अत्थि। सेसाणि पदाणि भयणिज्जाणि। सेसाणं सव्वपगदीणं भुज०-अप्प०-अवट्ठि०-अवत्त० णियमा अत्थि। एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं कायजोगि-ओरालियका०-णवुंस०-कोधादि०४ मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छा०-असण्णि आहारग त्ति।

७६५. मणुसअपज्जत्त-वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि०-अवगदवे०-सुहुमसंप०-उवसम०-सासण०-सम्मामि० सव्वाणं पगदीणं सव्वपदा भयणिज्जा।

७६६. एइंदिएसु धुविगाणं तिण्णि पदा सेसाणं चत्तारि पदा तिरिक्खायु० दो पदा णियमा अत्थि। मणुसायु० दो पदा भयणिज्जा। एवं पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेय० एदेसिं बादराणं तेसिं चेव बादरअपज्ज० तेसिं सव्वसुहुम० वणप्फदि-णियोद एइंदियभंगो।

७६७. ओरालियमि०-कम्मइग०-अणाहारगेसु देवगदि०४-तित्थय० तिण्णि पदा

ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदके बन्धक जीव नियमसे हैं। कदाचित् इन पदोंके बन्धक जीव हैं और अवक्तव्य पदका बन्धक एक जीव है। कदाचित् इन पदोंके बन्धक जीव हैं और अवक्तव्य पदके बन्धक नाना जीव हैं। तीन आयुओंके दो पदवाले जीव भजनीय हैं। तिर्यञ्चायुके दो पदवाले जीव नियमसे हैं। वैक्रियिक छह, आहारक द्विक, और तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवस्थित पदवाले जीव नियमसे हैं। शेष पदवाले जीव भजनीय हैं। शेष सब प्रकृतियोंके भुजगार, अल्पतर, अवस्थित और अवक्तव्य पदवाले जीव नियमसे हैं। इस प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिक काययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुःदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिये।

७६५. मनुष्यअपर्याप्त, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, अपगतवेदी, सूक्ष्मसाम्परायसंयत, सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सब पद भजनीय हैं।

७६६. एकेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पद, शेष प्रकृतियोंके चार पद और तिर्यञ्चायुके दो पदवाले जीव नियमसे हैं। मनुष्यायुके दो पदवाले जीव नियमसे भजनीय हैं। इसी प्रकार पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर, इनके बादर तथा इन्हींके बादर अपर्याप्त और इन्हीं के सब सूक्ष्म, वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंके एकेन्द्रियोंके समान भङ्ग हैं।

७६७. औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवों में देवगति चतुष्क

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भयणिज्जा। सेसाणं ओघं। णिरयादि याव सण्णि त्ति संखेज्ज-असंखेज्जरासीणं अवट्ठि० णियमा अत्थि। सेसाणि पदाणि भयणिज्जाणि। एवं भंगविचयं समत्तं।

भागाभागाणुगमो

७६८. भागाभागं दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दुगुं०-ओरालिय०-तेजा० क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० भुज०-अप्प० केवडियो भागो। असंखेज्जदिभागो? अवट्ठि० केव०? असंखेज्जा भागा। अवत्त० सव्व० केव०? अणंतभागो। चदुण्णं आयु० अवत्त० सव्वजी० केव०? असंखेज्ज०। अप्प० सव्व० केव०? असंखेज्जा भा०। आहारदुगं भुज०-अप्प०-अवत्त० सव्व० केव०? संखेज्जदि०। अवट्ठि० सव्व० केव०? संखेज्जा भा०। सेसाणं सव्वपग० भुज०-अप्प०-अवत्त० सव्व० केव०? असंखेज्ज०। अवट्ठि० सव्व० केव०? असंखेज्जा भागा। एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं कायजोगि-ओरालियका०-ओरालियमि०-कम्मइ०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि-आहार०-अणाहारग त्ति। णवरि ओरालियमि०-कम्मइ०-अणाहारगेसु

और तीर्थङ्कर प्रकृतिके तीन पदवाले जीव भजनीय हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघ के समान है। नरक गति से लेकर संज्ञी मार्गणातक संख्यात और असंख्यात राशिवाली मार्गणाओंमें अवस्थित पदवाले जीव नियम से हैं। शेष पदवाले जीव भजनीय हैं। इस प्रकार भङ्गविचय समाप्त हुआ।

भागाभागानुगम

७६८. भागाभाग दो प्रकार का है—ओघ और आदेश। ओघ से पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगार और अल्पतर पदवाले जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं? असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं। अवस्थित पदवाले जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं? असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। अवक्तव्य पदवाले जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं। अनन्तवें भाग प्रमाण हैं। चार आयुओंके अवक्तव्य पदवाले जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं? असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं? अल्पतर पदवाले जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं? असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। आहारकद्विकके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदवाले जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं? संख्यातवें भाग प्रमाण हैं। अवस्थितपदवाले जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं? संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। शेष सब प्रकृतियों के भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदवाले जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं? असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। अवस्थितपदवाले जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं? असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। इस प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिक काययोगी, औदारिक मिश्रकाययोगी, कार्मण काययोगी, नपुंसक वेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि औदारिक मिश्रकाययोगी, कार्मण काययोगी और अनाहारक जीवोंमें देवगति पञ्चकके भुजगार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवगदिपंचग० भुज०-अप्प० सव्व० केव० ? संखेज्जदिभा० । अवट्ठि० सव्व० केव० ? संखेज्जा भा० ।

७६९. अवगदवे० सव्वाणं भुज०-अप्पद०-अवत्त० सव्व० केव० ? संखेज्ज० । अवट्ठि० सव्व० केव० ? संखेज्जा भा० । सेसाणं णिरयादि याव सण्णि त्ति सव्वेसिं असंखेज्जरासीणं ओघं सादभंगो कादव्वो । एसिं संखेज्जरासिं तेसिं ओघं आहारसरीर-भंगो कादव्वो । एवं भागाभागं समत्तं ।

परिमाणाणुगमो

७७०. पारिमाणाणुगमेण दुवि०—ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०-छदंसणा०-अट्ठक०-भय-दुगुं०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० भुज०-अप०-अवट्ठि० केत्तिया ? अणंता । अवत्त० केत्तिया ? संखेज्जा । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अट्ठक०-ओरालि० तिण्णिपदा केत्तिया ? अणंता । अवत्त० केत्तिया ? असंखेज्जा । तिण्णि आयु० दो पदा केत्तिया ? असंखेज्जा । तिरिक्खायु० दो पदा केत्तिया ? अणंता । वेउव्वियछ० चत्तारि पदा केत्ति० ? असंखेज्जा । आहारदुगं चत्तारि पदा केत्तिया ? संखेज्जा । तित्थय० तिण्णिपदा केत्तिया ? असंखेज्जा । अवत्त० केत्ति० ? संखेज्जा । सेसाणं सव्व-पगदीणं चत्तारि पदा केत्तिया ? अणंता । एवं ओघभंगो तिरिक्खोघो कायजोगि-ओरालि-

और अल्पतर पदवाले जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं ? संख्यातवें भाग प्रमाण हैं । अव-स्थित पदवाले जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं ? संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं ।

७६९. अपगत वेदवाले जीवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदवाले जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं ? संख्यातवें भाग प्रमाण हैं । अवस्थित पदवाले जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं ? संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं । शेष नरक गतिसे लेकर संज्ञी मार्गणा तक सब असंख्यात राशिवाली मार्गणाओं में ओघसे सातावेदनीयके समान भङ्ग जानना चाहिये । तथा जिन मार्गणाओंकी संख्यात राशि है, उन मार्गणाओंमें ओघसे आहारक शरीरके समान भङ्ग जानना चाहिये । इस प्रकार भागाभाग समाप्त हुआ ।

परिमाणानुगम

७७०. परिमाणानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजागार, अल्पतर और अवस्थित पदवाले जीव कितने हैं ? अनन्त हैं । अवक्तव्य पदवाले जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, आठ कषाय और औदारिक शरीरके तीन पदवाले जीव कितने हैं ? अनन्त हैं । अवक्तव्य पदवाले जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । तीन आयुओं के दो पदवाले जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । तिर्यञ्चायुके दो पदवाले जीव कितने हैं ? अनन्त हैं । वैक्रियिक छहके चार पदवाले जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । आहारकद्विकके चार पदवाले जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । तीर्थंकर प्रकृतिके तीन पदवाले जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । अवक्तव्यपद वाले जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । शेष सब प्रकृतियोंके चार पदवाले जीव कितने हैं ? अनन्त हैं । इस प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यका०-णवुंस० कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-तिण्णिले०- भवसि०- अब्भवसि०-मिच्छादि० सण्णि-आहारग त्ति एदे सव्वे असरिसा ओघेण साधेदव्वं। केसिं च धुविगाणं अवत्तव्वं अत्थि केसिं च णत्थि।

७७१. ओरालियमि०-कम्मइ०-अणाहार० देवगदि०४-तित्थय० तिण्णिपदा के० ? संखेज्जा। सेसं ओघं। ओरालिय०-वेउव्वियमि०-इत्थिवेद-संजदासंजद-किण्ण-णीलासु उवसमसम्मादिट्ठीसु तित्थय० चत्तारि पदा के० ? संखेज्जा। णवरि किण्ण-णीलासु अवत्त० णत्थि। सेसाणं णिरयादि याव सण्णि त्ति संखेज्ज-असंखेज्जरासीणं अणंतरासीणं च ओघेण साधेदव्वं। एवं परिमाणं समत्तं।

खेत्ताणुगमो

७७२. खेत्ताणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-ओरालि०-तेजइगादिणव-पंचंत० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० केवडि खेत्ते ? सव्वलोगे। अवत्त० केवडि खेत्ते ? लो० असंखे०। वेउव्विय०-आहारदुग-तित्थय० चत्तारि पदा केव० खेत्ते ? लो० असंखे०। तिण्णिआयुगाणं [दोपदा०]केव० खेत्ते ? लो० असंखे०। सेसाणं सव्वपग० सव्वपदा केव० खेत्ते ? सव्वलोगे। एवं तिरिक्खोघं

काययोगी, औदारिक काययोगी, नपुंसक वेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवों तक ये सब असदृश पदवाले जीव ओघके अनुसार साध लेना चाहिये। इनमेंसे किन्हींके ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका अवक्तव्य पद है और किन्हींके नहीं है।

७७१. औदारिक मिश्रकाययोगी, कार्मण काययोगी और अनाहारक जीवोंमें देवगति चतुष्क और तीर्थंकर प्रकृतिके तीन पदवाले जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। शेष भङ्ग ओघके समान है। औदारिक मिश्रकाययोगी, वैक्रियिक मिश्रकाययोगी, स्त्रीवेदी, संयतासंयत, कृष्णलेश्यावाले, नील लेश्यावाले और उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंमें तीर्थंकर प्रकृतिके चार पदवाले जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। इतनी विशेषता है कि कृष्ण और नील लेश्यावाले जीवोंमें अवक्तव्य पद नहीं है। शेष नरकगतिसे लेकर संज्ञी तक संख्यात, असंख्यात और अनन्त राशिवाली मार्गणाओंमें ओघके समान साध लेना चाहिये। इस प्रकार परिमाण समाप्त हुआ

क्षेत्रानुगम

७७२. क्षेत्रानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजसशरीर आदि नौ और पाँच अन्तरायके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? सब लोक क्षेत्र है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। वैक्रियिकद्विक, आहारकद्विक और तीर्थङ्करके चार पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। तीन आयुओंके दो पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। शेष सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? सब लोक क्षेत्र है। इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कायजोगि-ओरालि०-ओरालियमि०-कम्मइ०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छा०-असण्णि-आहार-अणाहारग त्ति। णवरि ओरालियमि०-कम्मइ०-अणाहार० देवगदि०४-तित्थय० सव्वपदा लोग० असंखें०।

७७३. एइंदिएसु मणुसायु० ओघं। सेसाणं पगदीणं सव्वपदा सव्वलोगे। एवं सुहुम०। बादरपज्जत्त-अपज्जत्त० धुविगाणं सादादीणं च दसपगदीणं सव्वपदा सव्वलोगे। इत्थि०-पुरिस०-चदुजादि-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-आदाउज्जो०-दोविहा०-तस-बादर-सुभग-दोसर०-आदे०-जसगि० चत्तारिपदा लोग० संखेंज्ज०। एवं तिरिक्खायु० दोपदा०। मणुसायु०-मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० सव्वपदा लो० असंखें०। णवुंस०-एइंदि०-हुंडसं०-पर०-उस्सा०-थावर-सुहुम०-पज्जत्तापज्जत्त-पत्ते०-साधार०-दूभग-अणादें०-अजस० तिण्णिप० सव्वलोगे। अवत्त० लो० संखेंज्ज०। तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-णीचा० तिण्णिप० सव्वलो०। अवत्त० लोग० असंखें०।

७७४. पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० सव्वसुहुमाणं च एइंदियभंगो। बादरपुढवि-आउ० तेउ०-वाउ०-तेसिं अपज्ज० धुविगाणं तिण्णि प० सव्वलो०। सादादीणं दसण्हं पगदीणं

औदारिक काययोगी, औदारिक मिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि औदारिक मिश्रकाययोगी, कार्मण काययोगी और अनाहारक जीवोंमें देवगति चार और तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

७७३. एकेन्द्रियोंमें मनुष्यायुका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। इसी प्रकार सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवोंके जानना चाहिए। बादर एकेन्द्रिय और उनके पर्याप्त-अपर्याप्त जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली और साता आदि दस प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, सुभग, दो स्वर, आदेय और यशःकीर्तिके चार पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार तिर्यञ्चायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र जानना चाहिए। मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। नपुंसकवेद, एकेन्द्रिय जाति, हुण्डसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय और अयशःकीर्तिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

७७४. पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक तथा इनके सब सूक्ष्म जीवोंमें एकेन्द्रियोंके समान भङ्ग है। बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक और बादर वायुकायिक तथा उनके अपर्याप्त जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चत्तारि पदा सव्वलो०। णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि०-हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-पर०-उस्सा०-थावर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-साधार०-दूभग०-अणादें०-अजस०-णीचा० तिण्णिप०सव्वलो०। अवत्त० लो० असंखें०। सेसाणं सव्वपदा लोग० असंखेज्ज०। एवं बादरवण०-णियोद-पज्जत्तापज्ज०। णवरि वाऊणं जम्हि लोगस्स असंखेज्ज० तम्हि लोगस्स संखेज्ज० कादव्वो। बादरवणप्फदिपत्तेय० तस्सेव अपज्ज० बादरपुढवि०अपज्जत्तभंगो। सेसाणं णिरयादि याव सण्णि त्ति संखेज्ज-असंखेज्जरासीणं सव्वभंगो लोग० असंखें०। एवं खेत्तं समत्तं।

फोसणाणुगमो

७७५. फोसणाणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-छदंसणा०-अट्ठक०-भय-दु०-तेजइगादिणव-पंचंत० भुज०-अप्प०-अवट्ठि०बंधगेहि केवडियं खेत्तं फोसिदं? सव्वलो०। अवत्त० खेत्तं। थीणगिद्धि०३-अणंताणुबंधि०४ तिण्णिपदा णाणावरणभंगो। अवत्त० अट्ठचों०। मिच्छ० तिण्णिपदा णाणा०भंगो। अवत्त० अट्ठ-बारह०। अपच्च-क्खाणा०४ तिण्णपदा णाणा०भंगो। अवत्त० छच्चोद्द०। णिरयु-देवायु०-आहारदुगं सव्व-

जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। सातावेदनीय आदि दस प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, हुण्ड संस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, साधारण, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीच-गोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार बादर वनस्पतिकायिक, बादर निगोद और इनके पर्याप्त-अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि वायुकायिक जीवोंके, जहाँ लोकका असंख्यातवाँ भागप्रमाण क्षेत्र कहा है, वहाँ लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र कहना चाहिए। बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर और उनके अपर्याप्त जीवोंमें बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त जीवोंके समान भङ्ग है। शेष नरकगतिसे लेकर संज्ञी मार्गणातक संख्यात और असंख्यात संख्यावाली राशियोंमें सब पदोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इस प्रकार क्षेत्र समाप्त हुआ।

स्पर्शानानुगम

७७५. स्पर्शनानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर आदि नव और पाँच अन्त-रायके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदका भंग क्षेत्रके समान है। स्त्यानगृद्धि तीन और अनन्तानुबन्धी चारके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका भंग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मिथ्यात्वके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका भंग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम बारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अप्रत्याख्यानावरण चारके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका भंग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकायु, देवायु और आहारक द्विकके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार आहारक मार्गणा तक इन प्रकृतियोंके सब पदोंका स्पर्शन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पदा खेत्तभंगो। एवमेदाणं याव आहारग त्ति। [तिरिक्खायु० दोपदा सव्वलो०।] मणुसायु० दोपदा अट्ठचोद्द० सव्वलोगो०। णिरयगदि-देवगदि-दोआणुपु० तिण्णि प० छच्चोद्द०। अवत्त० खेत्तभंगो। ओरालिय० तिण्णिपदा सव्वलोगो। अवत्त० बारहचोद्दस०। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० तिण्णिपदा बारहचोद्दस०। अवत्त० खेत्तभंगो। तित्थय० तिण्णिप० अट्ठचो०। अवत्त० खेत्त०। सेसाणं कम्माणं सव्वपदा सव्वलोगो।

७७६. णिरएसु धुविगाणं तिण्णिपदा सादादीणं बारसण्णं चत्तारिपदा० छच्चोद्दस०। दोआयु०-मणुसग०-मणुसाणु०-तित्थय०-उच्चा० सव्वप० खेत्तभंगो। सेसाणं तिण्णिप० छच्चोद्द०। अवत्त० खेत्तभंगो। एवं सव्वणिरयाणं अप्पप्पणो फोसणं कादव्वं। णवरि मिच्छ० अवत्त० पंचचोद्द०।

७७७. तिरिक्खेसु धुविगाणं तिण्णिपदा० सव्वलोगो। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अट्ठक०-ओरालि० तिण्णिप० सव्वलो०। अवत्त० लो० असंखेज्ज०। णवरि मिच्छ० अवत्त० सत्तचो०। सेसाणं ओघे०।

जानना चाहिए। तिर्यञ्च आयुके दो पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्य आयुके दो पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकगति, देवगति और दो आनुपूर्वीके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। औदारिक शरीरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिक आंगोपांगके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तीर्थंकर प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष कर्मोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

७७६. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने और साता आदि बारह प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, मनुष्यगति, मनुष्यानुपूर्वी, तीर्थंकर प्रकृति और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार सब नारकियोंके अपना-अपना स्पर्शन करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछकम पाँचबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

७७७. तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, आठ कषाय और औदारिक शरीरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन ओघके समान है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७७८. पंचिंदियतिरिक्ख०३ धुविगाणं तिण्णिपदा सादादिदसण्णं पगदीणं चत्तारि पदा० लोग० असंखें० सव्वलो०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अट्ठक०-णवुंस०-तिरिक्खग०[दुग-] एइंदि०-ओरालि०-हुंडसं० - पर०-उस्सा०-थावर-सुहुम०-पज्जत्तापज्जत्त-पत्तेय०-साधार०-दूभग०-अणादें०-अजस०-णीचा० तिण्णिप० लोग० असंखें० सव्वलो०। अवत्त० लो० असंखें०। णवरि मिच्छ०-अजस० अवत्त० सत्तचों०। इत्थिवे० तिण्णिप० दिवड्डचोद्द०। अवत्त० खेत्तं०। पुरिस०-णिरयगदि-देवगदि-समचदु०-दोआणु०-दोविहा०-सुभग-दोसर-आदेज्ज०-उच्चा० तिण्णिप० छच्चों०। अवत्त० खेत्तं०। पंचिंदि०-वेउव्वि०-वेउव्वि०-अंगो०-तस० तिण्णिप० बारहचों०। अवत्त० खेत्तं०। उज्जो०-जसगि० चत्तारिप० सत्तचों०। चदुआयु०-मणुसग०-तिण्णिजादि-चदुसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०मणुसाणु०-आदावं खेत्तभंगो। बादर०तिण्णिप० तेरह०। अवत्त० खेत्तं०।

७७९. पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तेसु धुविगाणं तिण्णिपदा सादादीणं चत्तारिप० लो० असंखें० सव्वलो०। णवुंस०-तिरिक्ख०-हुंडसं०-एइंदि-तिरिक्खाणु०-पर०-उस्सास-थावर-सुहुम-पज्जत्तापज्ज०-पत्तेय० साधार०-दूभग०-अणादें०-णीचा० तिण्णिपदा लो० असंखें०

७७८. पंचेन्द्रियतिर्यञ्च त्रिकमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने तथा साता आदि दस प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, आठ कषाय, नपुंसक वेद, तिर्यंचगति-द्विक, एकेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, हुंडसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीच गोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सबलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्व और अयशःकीर्तिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेदके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। पुरुषवेद, नरकगति, देवगति, समचतुरस्र संस्थान, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। पंचेन्द्रियजाति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आंगोपांग और त्रस प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। उद्योत और यशःकीर्तिके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। चार आयु, मनुष्यगति, तीन जाति, चार संस्थान, औदारिक अंगोपांग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और आतपके सब पदोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। बादर प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम तेरहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

७७९. पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके और सातादि प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सबलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नपुंसक वेद, तिर्यंचगति, हुण्ड संस्थान, एकेन्द्रिय जाति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय और नीच-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वलो० । अवत्त० खेत्त० । उज्जो०-जसगि० चत्तारिप० सत्तचोद्द० । बादर० तिण्णिप० सत्तचो० । अवत्त० खेत्त० । अजस० तिण्णिप० सादभंगो । अवत्त० सत्तचो० । सेसाणं इत्थिवेदादीणं चत्तारिप० खेत्तभंगो । एस भंगो सव्वअपज्जत्तगाणं विगलिंदियाणं बादर-पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेय०पज्जत्ताणं च ।

७८०. मणुस०३ पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो । णवरि विसेसो णादव्वो । मिच्छ० अवत्त० सत्तचोद्द० । दोआयु०-वेउव्वियछ०-आहारदुग-तित्थय० सव्वपदा खेत्त० ।

७८१. देवेसु धुविगाणं तिण्णिपदा० अट्ठ-णवचोद्द० । सादादीणं बारसण्णं मिच्छ०-उज्जो० चत्तारिपदा० अट्ठ-णवचो० । एइंदिय-थावरसंजुत्त० [तिण्णिपदा] अट्ठ-णव-चोद्द० । [अवत्त०] सेसाणं [सव्वपदा] अट्ठचो० । एदेण बीजेण णेदव्वं । सव्वदेवाणं अप्पप्पणो फोसणं णेदव्वं ।

७८२. एइंदि०-सव्वसुहुम०-पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-वणप्फदि-णियोद० मणुसायुगं मोत्तूण धुविगाणं तिण्णिप० सेसाणं चत्तारिप० सव्वलो० । मणुसायु० दोपदा०

गोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सवलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। उद्योत और यशःकीर्तिके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादर प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अयशःकीर्तिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष स्त्रीवेद आदि प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। यही भंग सब अपर्याप्तक, विकलेन्द्रिय, बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक, बादर वायुकायिक, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर और इनके पर्याप्तक जीवोंके जानना चाहिए।

७८०, मनुष्यत्रिकमें पंचेन्द्रिय तिर्यंच अपर्याप्तकोंके समान भंग है। किन्तु यहाँ जो विशेष हो, वह जान लेना चाहिए। मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, वैक्रियिक छह, आहारक द्विक और तीर्थंकर प्रकृतिके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

७८१. देवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम नौबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। साता आदिक बारह प्रकृतियाँ, मिथ्यात्व और उद्योतके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछकम नौ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्थावर सहित एकेन्द्रिय जातिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इनके अवक्तव्य पदके तथा शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी बीजपदके अनुसार शेष प्रकृतियोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन भी जानना चाहिए। तथा सब देवोंके अपना-अपना स्पर्शन जानना चाहिए।

७८२. एकेन्द्रिय, सब सूक्ष्म, पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें मनुष्यायुको छोड़कर ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लो० असं०सव्वलो० । बादरएइंदिय-पज्जत्तापज्जत्त० धुविगाणं तिण्णिप० सादादीणं दसण्णं चत्तारिप० सव्वलो० । इत्थि०-पुरिस०-चदुजादि-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-आदा०-दोविहा०-तस सुभग-दोसर-आदें० चत्तारिपदा०लो० संखेज्ज० । णवुंस०-एइंदि०-हुंडसं० पर०-उस्सा०-थावर-सुहुम-पज्जत्त-अपज्जत्त-पत्तेय० साधार०-दूभग०-अणादें० तिण्णिप० सव्वलो० । अवत्त० लोग० संखेज्ज० । मणुसायु० दोपदा० लोग० असंखेज्ज० । तिरिक्खायु० दोप० लो० संखेज्ज० । तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-णीचा० तिण्णिप० सव्वलो० । अवत्त० लोग० असंखें० । मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० चत्तारिप० लोग० असंखें० । उज्जो०-जसगि० चत्तारिप० सत्तचों० । बादर० तिण्णिप० सत्तचों० । अवत्त० खेत्त० । अजस० तिण्णिप० सव्वलो० । अवत्त० सत्तचोद्द० । एस भंगो बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० तेसिं च अपज्ज० । बादरवणप्फदि-णियोदाणं च पज्जत्तापज्जत्त-बादरवणप्फदि-पत्तेय० तस्सेव अपज्ज० । णवरि विसेसो णादवो । जम्हि बादरएइंदि० लोग० संखेज्ज० तम्हि वाउ०वज्जाणं लोग० असंखें० कादव्वं ।

बन्धक जीवोंने तथा शेष प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । मनुष्यायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । बादर एकेन्द्रिय और इनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके और सातादि दस प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंने सबलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । स्त्रीवेद, पुरुषवेद, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आंगोपांग, छह संहनन, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग,दो स्वर और आदेयके चार पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । नपुंसकवेद, एकेन्द्रियजाति, हुण्ड संस्थान, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग और अनादेयके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । मनुष्यायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तिर्यंच आयुके दो पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तिर्यंचगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब-लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके चार पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । उद्योत और यशः कीर्तिके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछकम सातबटे चौदह राजू क्षेत्र का स्पर्शन किया है । बादर प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । अयशःकीर्तिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । यही भंग बादर पृथिवीकायिक, बादरजलकायिक, बादर अग्निकायिक, बादर वायुकायिक और उनके अपर्याप्तक जीवोंके जानना चाहिए । बादरवनस्पतिकायिक और निगोदजीव तथा उनके पर्याप्त और अपर्याप्त, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर तथा उनके अपर्याप्त जीवोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए । किन्तु इनमें जो विशेष हो, वह जानना चाहिए । जिन बादर एकेन्द्रियोंमें लोकके संख्यातवें भाग स्पर्शन कहा है, उनमें वायुकायिक जीवोंको छोड़कर लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण स्पर्शन कहना चाहिए ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७८३. पंचिंदिय तस०२ पंचणा०-छदंसणा०-अट्ठक०-भय-दुगुं०-तेजा०-क०-वण्ण०-४-अगु०४-पज्जत्त-पत्तेय०-णिमि०-पंचंत० तिण्णिप० लो० असंखे० अट्ठचोद्द० सव्वलो०। अवत्त० खेत्त०। थीणगिद्धि०३-अणंताणुबंधि०४-णवुंस०-एइंदि०-तिरिक्ख०-हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-थावर-दूभग-अणादेज्ज०-णीचा० तिण्णिप० लोग० असंखेज्ज० अट्ठचोद्दस० सव्वलो०। अवत्त० अट्ठचोद्द०। सादादीणं दसण्णं चत्तारिप० लोग० असंखे० अट्ठचो० सव्वलो०। मिच्छ० तिण्णिप० सादभंगो। अवत्त० अट्ठ-बारह०। अपच्चक्खाणा०४ तिण्णिप० अट्ठचो० सव्वलो०। अवत्त० छच्चोद्द०। इत्थि०-पुरिस०-पंचिंदि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर०-आदे० तिण्णिप० अट्ठ बारह०। अवत्त० अट्ठचो०। णिरय-देवायु-तिण्णिजा०-आहारदुगं खेत्तभंगो। दोआयु-मणुसग०-मणुसाणु०-[1]आदाउच्चा० चत्तारिप० अट्ठचो०। उज्जो०-जसगि० चत्तारिप० अट्ठ-तेरह०। बादर० तिण्णिप० अट्ठ-तेरह०। अवत्त० खेत्त०। ओरालि० तिण्णिप० अट्ठचो०

७८३. पंचेन्द्रियद्विक और त्रसद्विक जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण, कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। स्त्यानगृद्धि तीन, अनन्तानुबन्धी चार, नपुंसकवेद, एकेन्द्रियजाति, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर, दुर्भग, अनादेय, और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण, आठबटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। साता आदि दस प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण, आठ बटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मिथ्यात्वके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अप्रत्याख्यानावरण चारके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, पञ्चेन्द्रिय जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आंगोपांग, छह संहनन, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेयके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकायु, देवायु, तीन जाति और आहारक द्विकके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। दो आयु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्रके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत और यशःकीर्तिके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादर प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजू क्षेत्रका

१ मूलप्रतौ आदाउज्जो० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वलो०। अवत्त० बारह०। सुहुम-अपज्ज०-साधार० तिण्णिप० लोग० असंखें० सव्वलो०। अवत्त० खेत्त०। अजस० तिण्णिप० सादभंगो। अवत्त० अट्ठ-तेरह०। वेउव्वियछक्क-तित्थय० ओघं। एस भंगो पंचमण०-पंचवचि०-विभंग०-चक्खुदं०-सण्णि त्ति। णवरि जोगेसु ओरालि० अवत्त० खेत्त०। विभंग० देवगदि-देवाणुपु० तिण्णिप० पंचचों०। अवत्त० खेत्त०। ओरालि०-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०तिण्णिप० एक्कारह०। अवत्त० खेत्त०।

७८४. कायजोगि०-ओरालि०-अचक्खु०-भवसि०-आहारग त्ति मूलोघं। णवरि किंचि विसेसो। ओरालिय० तिरिक्खोघं। वेउव्विय० धुविगाणं साददीणं बारसण्णं उज्जो० सव्वप० अट्ठ-तेरह०। थीणगिद्धि०३-अणंताणुबंधि०४-णवुंस-तिरिक्खग० हुंड०-तिरिक्खाणु०-दूभग-अणादें०-णीचा० तिण्णिप० अट्ठ-तेरह०। अवत्त० अट्ठचों०। एवं मिच्छ०। णवरि अवत्त० अट्ठ-बारह०। इत्थि०-पुरिस०-पंचिंदि०-पंचसंठा०-ओरालि०

स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। औदारिक शरीरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सबलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सूक्ष्म अपर्याप्त और साधारण प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अयशःकीर्तिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिक छह और तीर्थंकर प्रकृतिके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन ओघके समान है। यही भंग पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, विभंगज्ञानी, चक्षुदर्शनी, और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि योगोंमें औदारिक शरीरके अवक्तव्य पदका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। विभंगज्ञानी जीवोंमें देवगति और देवगत्यानुपूर्वीके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँचबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिक आंगोपांगके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

७८४. काययोगी, औदारिककाययोगी, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंमें मूल ओघके समान भङ्ग है। किन्तु यहाँ पर कुछ विशेषता है। औदारिक काययोगी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ, साता आदि बारह प्रकृतियाँ और उद्योतके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन, अनन्तानुबन्धी चार, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार मिथ्यात्वका स्पर्शन जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि इसके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंगो०-छस्संघ०-दोविहा० तस-सुभग-दोसर०-आदें० तिण्णिप० अट्ठ-बारह० । अवत्त० अट्ठचोद्दं० । दो आयु दोपदा मणुसग०-मणुसाणु०-आदा०-उच्चा० सव्वप० अट्ठचोद्दं० । एइंदि०-थावर० तिण्णिप० अट्ठ-णव० । अवत्त० अट्ठचौ० । तित्थय० ओघं ।

७८५. ओरालियमि०-वेउव्वियमि० आहार०-आहारमि०-कम्मइ०-अणाहार० खेत्त-भंगो । णवरि ओरालियमि० मणुसायु० दोप० लोग० असंखें० सव्वलो० । कम्मइ०-अणाहार० मिच्छत्तं अवत्त० एक्कारह० ।

७८६. इत्थिवेदे धुविगाणं तिण्णिप० सादादीणं दसण्णं चत्तारिपदा अट्ठचौ० सव्वलो० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-णवुंस-तिरिक्ख०-हुंड०-तिरि-क्खाणु०-दूभग-अणादें०-णीचा० तिण्णिप० अट्ठचौ० सव्वलो० । अवत्त० अट्ठचौ० । णवरि-मिच्छ० अव० अट्ठ-णवचौ० । णिद्दा-पचला-अट्ठक०-भय-दुगुं-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० तिण्णिप० अट्ठचौ० सव्वलो० । अवत्त० खेत्त० ।

है । स्त्रीवेद, पुरुषवेद, पञ्चेन्द्रिय जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेयके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछकम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । दो आयुओंके दो पदोंके बन्धक जीवोंने तथा मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । एकेन्द्रियजाति और स्थावर प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन ओघके समान है ।

७८५. औदारिकमिश्रकाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, आहारक-मिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, और अनाहारक जीवोंमें अपनी-अपनी सब प्रकृतियोंके सब पदोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । इतनी विशेषता है कि औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें मनुष्यायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक है । कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

७८६. स्त्रीवेदी जीवोंमें ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके और साता आदि दस प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सबलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, नपुंसक वेद, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछकम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम नौबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । निद्रा, प्रचला, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[णवरि ओरालि० अवत्त० दिवड्डचोद्दं० । इत्थि०-पुरिसवे०-पंचसंठा-ओरालि० अंगो०-छस्संघ०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदें० चत्तारिपदा अट्ठचों० । दो आयु०-तिण्णिजादि-आहारदुग-तित्थय खेत्तं० । दोआयुगस्स दोपदा मणुसग०-मणुसाणु०-आदाव-उच्चा० चत्तारिप० अट्ठचों० । एइंदि०-थावर० तिण्णिप० अट्ठचों० सव्वलो० । अवत्त० अट्ठचों० । उज्जो०-जसगि० चत्तारिप० अट्ठ-णवचों० । बादर तिण्णिप० अट्ठ-तेरहचोद्दं० । अवत्त० खेत्तं० । सुहुम-अपज्ज०-साधार० तिण्णिप० लो० असंखें० सव्वलो० । अवत्त० खेत्तभंगो । बेउव्विय० ओघं । अजस० तिण्णिप० अट्ठचोद्दं० सव्वलो० । अवत्त० अट्ठ-णव-चोद्दं० । एवं पुरिस० वि । [णवरि] अपच्चक्खाणा०४-ओरालि० अवत्त० छच्चोद्दं० । तित्थय० ओघं ।

७८७. णवुंसगे अट्ठारसण्णं तिण्णि पदा सव्वलोगो । पंचदंस०-मिच्छत्त०-बारसक०-भय-दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-[णिमि०] तिण्णिप० सव्वलो० ।

स्पर्शन क्षेत्रके समान है । इतनी विशेषता है कि औदारिकके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । स्त्रीवेद, पुरुषवेद, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेयके चारपदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । दो आयु, तीन जाति, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । दो आयुओंके दो पदोंके और मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्रके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । एकेन्द्रिय जाति और स्थावरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । उद्योत और यशःकीर्तिके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम नौबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । बादर प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । वैक्रियिक शरीरके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन ओघके समान है । अयशःकीर्तिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सबलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम नौबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इसी प्रकार पुरुषवेदी जीवोंके भी जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि अप्रत्याख्यानावरण चार और औदारिकशरीरके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तीर्थंकर प्रकृतिके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है ।

७८७. नपुंसकवेदी जीवोंमें अठारह प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माणके तीन पदोंके बन्धक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवत्त० खेत्त०। णवरि मिच्छत्त० अवत्त० बारहचो०। ओरालिय० अवत्तव्वं छच्चोद्दं०। दोआयु०-वेउव्वियछक्कं[आहारदुग-] तित्थय० ओरालियकायजोगिभंगो। सेसाणं चत्तारि पदा सव्वलो०।

७८८. कोधादि०४-मदि०-सुद० ओघं। णवरि मदि०-सुद० देवगदि-देवाणुपु० तिण्णिप० पंचचो०। अवत्त० खेत्तभंगो। वेउव्वि०-वेउवि०अंगो० तिण्णि पदा ओरालि० [अवत्त०] एक्कारह०। [वेउवि०दुग०] अवत्त० खेत्तभंगो।

७८९. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-छदंसणा०-अट्ठक-पुरिस०-भय-दुगुं०-मणुसगदिपंचग०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णिमि०-तित्थय०-उच्चा०-पंचंत० तिण्णि पदा अट्ठचोद्दं०। अवत्त० खेत्तभंगो। णवरि मणुसगदिपंचग० अवत्त० छच्चोद्दं०। सादादीणं बारस० चत्तारि पदा अट्ठ०। मणुसायु० दो पदा अट्ठचोद्दं०। देवायु-आहारदुगं खेत्तभंगो। अपच्चक्खाणा०४ तिण्णि पदा अट्ठचों०। अवत्त० छच्चोद्दं०। देवगदि०४ तिण्णि पदा छच्चों०।

जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। औदारिक शरीरके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, वैक्रियिक छह, आहारक दो और तीर्थंकर प्रकृतिके सब पदोंका भंग औदारिककाययोगी जीवोंके समान है। शेष प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

७८८. क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, और श्रुताज्ञानी जीवोंका भंग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें देवगति और देवगत्यानुपूर्वीके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँचबटे चौदहराजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिकआंगोपांगके तीन पदोंके तथा औदारिकशरीरके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिकद्विकके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

७८९. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह-दर्शनावरण, आठ कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति पंचक, पंचेन्द्रियजाति, तैजसशरीर कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदहराजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति पंचकके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। साता आदि बारह प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और आहारकद्विकके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अप्रत्याख्यानावरण चारके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगति चारके तीन पदोंके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवत्त० खेत्त०। मणपज्जवादि याव सुहुमसंपराइगा त्ति खेत्तभंगो।

७९०. संजदासंजदा० देवायु-तित्थय० खेत्त०। धुविगाणं तिण्णि पदा वि सेसाणं चत्तारि पदा छच्चों०। असंजदे ओघं। ओधिदं०-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-उवसम० आभिणि०भंगो। णवरि खइगे उवसम० देवगदि०४ चत्तारिपदा मणुसगदिपंचग० अवत्त० खेत्त०।

७९१. किण्ण०-णील०-काउसु धुविगाणं तिण्णि पदा सव्वलो०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ तिण्णि पदा सव्वलो०। अवत्त० खेत्त०। णवरि मिच्छ० अवत्त० पंच-चत्तारि-बेचोद्दस०। णिरय-देवायु-देवगदिदुगं खेत्त०। णिरयगदि-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-णिरयाणु० तिण्णिपदा छ-चत्तारि-बेचोद्दस०। अवत्त० खेत्त०। सेसाणं चत्तारि पदा सव्वलो०। तित्थय० चत्तारिपदा खेत्त०।

७९२. तेऊए धुविगाणं तिण्णि पदा अट्ठ-णवचोद्दस०। थीणगिद्धि०३-अणंताणुबंधि०४-णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-थावर-दूभग-अणादें०-

बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। मनःपर्ययज्ञानी जीवोंसे लेकर सूक्ष्मसाम्परायिकसंयत जीवों तक स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

७९०. संयतासंयत जीवोंमें देवायु और तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने और शेष प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछकम छहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंयत जीवोंमें स्पर्शन ओघके समान है। अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि और उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंमें आभिनिबोधिकज्ञानी जीवोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि क्षायिक सम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें देवगति चतुष्कके चार पदोंके और मनुष्यगति पंचकके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

७९१. कृष्ण, नील और कापोत लेश्यावाले जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने क्रमसे कुछ कम पाँचबटे चौदह राजू, कुछ कम चारबटे चौदह राजू और कुछ कम दोबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकायु, देवायु और देवगतिद्विकके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। नरकगति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आंगोपांग और नरकगत्यानुपूर्वीके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने क्रमसे कुछ कम छहबटे चौदह राजू, कुछ कम चारबटे चौदह राजू और कुछ कम दोबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदका भङ्ग क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके चार पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

७९२. पीतलेश्यावाले जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम नौबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन, अनन्तानुबन्धी चार, नपुंसकवेद, तिर्यंचगति, एकेन्द्रिय जाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर, दुर्भग अनादेय और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णीचा० तिण्णिप० अट्ठ-णवचो० । अवत्त० अट्ठचो० । सादादिबारह-मिच्छत्त-उज्जो० चत्तारि पदा अट्ठ-णवचो० । अपच्चक्खाणा०४-ओरालि० तिण्णि प० अट्ठ-णवचोद्दे० । अवत्त० दिवड्ढचोद्दे० । इत्थिवे० चत्तारि पदा अट्ठचोद्दे० । एवं पुरिस० । मणुसगदि-पंचिंदि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदाव-दोविहा०-[तस०] सुभग-दोसर-आदें०-उच्चा०-देवगदि०४ तिण्णि पदा दिवड्ढचोद्दे० । अवत्त० खेत्तं० । णवरि मणुसदुग०-वज्जरिस०-ओरालि०अंगो० दिवड्ढचो० । पच्चक्खाणा०४-आहारदुग-तित्थय० ओघं । पम्माए तेउभंगो । णवरि याणि पदाणि दिवड्ढं तेसिं पंचचो० । सेसाणं अट्ठचो० । एवं सुक्काए वि । णवरि छच्चोद्दे० ।

७९३. सासणे धुविगाणं तिण्णि पदा अट्ठ-बारह० । इत्थि०-पुरिस०-पंचसंठा-पंच-संघ०-दोविहा०-सुभग-दोसर-आदें० तिण्णि पदा अट्ठ-एक्कारह० । अवत्त० अट्ठचो० । तिरिक्खगदिदुग दूभग अणादें० णीचागो० तिण्णिपदा अट्ठ-बारह० । अवत्त० अट्ठचो० ।

चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। साता आदि बारह प्रकृतियाँ, मिथ्यात्व और उद्योतके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अप्रत्याख्यानावरण चार और औदारिक शरीरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछकम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेदके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार पुरुषवेदके चार पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन जानना चाहिए। मनुष्यगति, पंचेन्द्रिय जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आंगोपांग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय, उच्चगोत्र और देवगतिचतुष्कके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगतिद्विक, वज्रर्षभनाराचसंहनन और औदारिक आंगोपांगके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछकम डेढ़बटे चौदहराजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। प्रत्याख्यानावरण चार, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। पद्मलेश्यावाले जीवोंमें पीतलेश्यावाले जीवोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि जिन पदोंका कुछ कम डेढ़बटे चौदह राजू स्पर्शन कहा है,उनका कुछ कम पाँचबटे चौदह राजू क्षेत्र प्रमाण स्पर्शन कहना चाहिए। शेष पदोंका कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्र प्रमाण स्पर्शन कहना चाहिए। इसी प्रकार शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यहाँपर कुछकम छहबटे चौदहराजू क्षेत्र प्रमाण स्पर्शन कहना चाहिए।

कस्स० ? यो जहण्णगादो संकिलेसादो उक्कस्सयं संकिलेसं गदो उक्कस्सयं ट्ठिदिं पि बंधो तस्स उक्क० वड्डी । उक्क० हाणी कस्स होदि ? यो उक्कस्सयं ट्ठिदिबं० सागारक्खएण० पडिभग्गो तप्पाओग्गजहण्णए पडिदो तस्स उक्कस्सिया हाणी। तस्सेव से काले उक्कस्सय-मवट्ठाणं । सेसाणं सादादीणं तं चेव । णवरि तप्पाओग्ग त्ति भाणिदव्वं । एवं आणदादि याव सव्वट्ठा त्ति सव्वएइंदि०-विगलिंदि०[1] पंचकायाणं च । देवा याव सहस्सार त्ति णिरयभंगो । ओरालिय०-वेउव्वियमि०-आहारमि० अपज्जत्तभंगो। वेउव्विय०-आहारका० देवभंगो । कम्मइगा० ओरालियमिस्सभंगो । णवरि अवट्ठाणं बादरएइंदियस्स कादव्वं ।

८३६. अवगदवे० पंचणा०-चदुदंसणा०-सादा०-चदुसंज०-जसगि०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० वड्डी कस्स० ? अण्णद० उवसामगस्स अणियट्टीबादरसांपराइगस्स दुचरिमादो ट्ठिदिबंधादो चरिमे ट्ठिदिबंधे वट्टमाणगस्स तस्स उक्क० वड्डी । उक्क० हाणी कस्स० ? अण्णदरस्स खवगस्स अणियट्टि० पढमादो ट्ठिदिबंधादो विदिए ट्ठिदिबंधे वट्टमाण० तस्स० उक्क० हाणी । तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं ।

८४०. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-छदंसणा०-असादा०-बारसक०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-दोगदि-पंचिंदि०-चदुसरी०-समचदु०-[दो] अंगो०-वज्जरिस०

स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो जघन्य संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है, वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है । उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य बन्ध कर रहा है, वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है । तथा वह तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है । शेष सातादि प्रकृतियोंका यही भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि तत्प्रायोग्यके कहना चाहिए । इसी प्रकार आनत कल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंके तथा सब एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंके कहना चाहिए । सामान्य देव और सहस्रार कल्पतकके देवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है । औदारिक मिश्रकाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है । वैक्रियिक काययोगी और आहारक काययोगी जीवोंमें देवोंके समान भङ्ग है । कार्मणकाय-योगी जीवोंमें औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि अवस्थान बादर एकेन्द्रियके कहना चाहिए ।

८३६. अपगतवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, चार संज्वलन, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर उपशामक अनिवृत्तिबादरसाम्परायिक जीव द्विचरम स्थितिबन्धसे अन्तिम स्थितिबन्धमें अवस्थित है, वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है । उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर क्षपक अनिवृत्तिकरण जीव प्रथम स्थितिबन्धसे द्वितीय स्थितिबन्धमें विद्यमान है, वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है तथा वही तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है ।

८४०. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असाता वेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चे-

१ मूलप्रतौ-लिंदि० पंचिंदि-तसपज्जत्त पंच-इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वण्ण०४–दोआणु०–अगु०४–पसत्थवि०-तस०४-अथिर–असुभ–सुभग–सुस्सर–आदें०–अज०–णिमि०–उच्चा०–पंचंत० उक्क० वड्डी कस्स०? यो जहण्णयं ट्ठिदिबंधमाणो तप्पाओग्गजहण्णगादो संकिलेसादो उक्कस्सयं संकिलेसं गदो उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधो तस्स मिच्छत्ताभिमुहस्स चरिमे उक्कस्सए ट्ठिदिबंधे वट्टमाण० तस्स उक्क० वड्डी। उक्क० हाणी कस्स०? उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधमाणो सागारक्खयेण पडिभग्गो तप्पाओग्ग० जह० ट्ठिदी० तस्स उक्क० हाणी। वड्डीए चेव उक्कस्सयं अवट्ठायं। सादावे०-हस्स-रदि-आहारदुग-थिर-सुभ०-जसगि० आहार०भंगो। एवं मणपज्जव-संजद-सामाइयच्छेदो०-परिहार०-संजदासंज०–ओधिदं०-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-उवसम०-सम्मामिच्छा०। णवरि खइगे उक्कस्सयं संकिलेसं कादव्वं। सुहुमसंप० अवगद०भंगो। [किण्ण० णील काउ० णिरयभंगो। तेउए सोधम्मभंगो। सुक्काए] णवगेवज्जभंगो। सासणे णेरइगभंगो। असण्णि० तिरिक्खोघं। अणाहार० कम्मइगभंगो।

एवं उक्कस्ससामित्तं समत्तं

८४१. जहण्णए पगदं। दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-णवदंसणा०–मिच्छ०–सोलसक०-भय-दुगुं०-तिरिक्खदुग-पंचिंदि०–ओरालि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-दोअंगो०–वण्ण०४-अगु०४-उज्जोव–तस०४-णिमि०–णीचा०–पंचंत० जह० कस्स०?

न्द्रिय जाति, चार शरीर, समचतुरस्र संस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है? जो जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तत्प्रायोग्य जघन्य संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है और जो मिथ्यात्वके अभिमुख होकर अन्तिम उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें विद्यमान है, वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करता है, वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। और वृद्धिके होनेपर ही उत्कृष्ट अवस्थान होता है। सातावेदनीय, हास्य, रति, आहारकद्विक, स्थिर, शुभ और यशःकीर्तिका भङ्ग आहारककाययोगी जीवोंके समान है। इसी प्रकार मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिक संयत, छेदोपस्थापना संयत, परिहारविशुद्धि संयत, संयतासंयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिक सम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशम सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि क्षायिक सम्यक्त्वमें उत्कृष्ट संक्लेश करना चाहिये। सूक्ष्मसाम्परायिकसंयत जीवोंमें अपगतवेदी जीवोंके समान भङ्ग है। कृष्ण, नील और कापोतलेश्यावाले जीवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। पीतलेश्यावाले जीवोंमें सौधर्म कल्पके समान भङ्ग है। शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें नौ ग्रैवेयकके समान भङ्ग है। सासादन सम्यग्दृष्टि जीवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। असंज्ञी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ।

८४१. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चद्विक, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरु-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अण्ण० जो समयूणं उक्कस्सट्ठिदिं बंधमाणो पुण्णाए ट्ठिदिबंधगद्धाए उक्कस्सए संकिलेसं गदो तदो उक्कस्सयं ट्ठिदिं पबद्धो तस्स जह० वड्ढी। जहण्णिया हाणी कस्स०? यो समजुत्तरं सव्वजह० ट्ठिदि० पुण्णाए ट्ठिदिबंधगद्धाए उक्कस्सयं विसोधिं गदो तदो दाह० ट्ठिदि० तस्स जहण्णिया हाणी। एक्कदरत्थमवट्ठाणं। सादावे० पुरिस०-हस्स-रदि-दो-गदि-समचदु०-वज्जरिस०-दोआणु०-पसत्थ०-थिरादिछ०-उच्चा० जह० वड्ढी कस्स? यो समयूणं तप्पाओग्गउक्कस्सयं ट्ठिदिं बंध० तप्पाओग्गउक्क० संकिले० तदो उक्क० ट्ठिदिबंध० तस्स जहण्णिया वड्ढी। जह० हाणी कस्स०? यो समजुत्तरं तप्पाओग्गजह० माणो उक्कस्सं विसोधिं गदो तदो सव्व जह० तस्स जह० हाणी। एक्कदरत्थमवट्ठाणं। असादा०-णवुंस०-अरदि-सोग-णिरयगदि-एइंदि०-हुंड०-असंपत्त०-णिरयाणु०-अप्प-सत्थवि०-आदाव-थावर-अथिरादिछ० जह० वड्ढी कस्स०? यो समयूणं उक्कस्सयं ट्ठिदि बंध० पुण्णाए ट्ठिदि बंध० उक्कस्सियं संकिलेसं गदो तदो उक्क० ट्ठिदि० तस्स जह० वड्ढी। जह० हाणी० कस्स०? यो तप्पाओग्गजह० समजुत्तरं ट्ठिदि० तप्पाओग्ग विसोधिं गदो तदो जह० ट्ठिदि० तस्स जह० हाणी। एगदरत्थमवट्ठाणं। इत्थिवे०-तिण्णिजादि-चदुसंठा०-चदुसंघ०-सुहुम-अपज्ज०-साधार० जह० वड्ढी कस्स? यो समयूणं तप्पाओग्गउक्क० ट्ठिदि०माणो पुण्णाए ट्ठिदिबंधगद्धाए तप्पाओग्गउक्क०

लघुचतुष्क, उद्योत, त्रस चतुष्क, निर्माण, नीचगोत्र, और पाँच अन्तरायकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? अन्यतर जो एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है, वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है? जो एक समय अधिक सबसे जघन्य स्थितिबन्ध करने-वाला स्थितिबन्धके कालके पूर्ण होनेपर उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर जघन्य स्थितिबन्ध करता है, वह जघन्य हानिका स्वामी है तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, दो गति, समचतुरस्र संस्थान, वज्रऋषभनाराच संहनन, दो आनुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, स्थिर आदि छह और उच्चगोत्रकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? जो एक समय कम तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला जीव तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है, वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है? जो एक समय अधिक तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला जीव उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर सबसे जघन्य स्थितिबन्ध करता है, वह जघन्य हानिका स्वामी है तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। असातावेदनीय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, नरकगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्ड-संस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, अप्रशस्तविहायोगति, आतप, स्थावर और अस्थिर आदि छहकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? जो एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है, वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है? जो एक समय अधिक तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला जीव तत्प्रायोग्य विशुद्धिको प्राप्त होकर जघन्य स्थितिबन्ध करता है, वह जघन्य हानिका स्वामी है। तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। स्त्रीवेद, तीन जाति, चार संस्थान, चार संहनन, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? जो एक समय कम तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ट्ठिदि० तस्स जह० वड्डी। जह० हाणी कस्स० ? समजुत्तरं तप्पाओग्गज० ट्ठिदि० पुण्णाए ट्ठिदिबं० तप्पाओग्गउक्क० विसोधिं गदो तप्पाओग्गजह० ट्ठिदि० तस्स जह० हाणी। एक्कदरत्थमवट्ठाणं। आहार०-आहार०अंगो०-तित्थय० जह० वड्डी कस्स० ? यो समजुत्तरं तप्पाओग्गउक्क० ट्ठिदो० पुण्णाए ट्ठिदिबं० तप्पाओ० उक्कस्ससंकिले० तदो तप्पाओ० उक्क० ट्ठिदि० तस्स जह० वड्डी। जह० हाणी कस्स० ? यो समजुत्तरं सव्व जह० ट्ठिदि० पुण्णाए ट्ठिदिबंधगद्धाए उक्कस्सिया विसोधिं गदो तदो सव्व जह० बंधो तस्स जह० हाणी। एक्कदरत्थमवट्ठाणं। एवं ओघभंगो पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-चक्खुदं०-अचक्खुदं०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छा०-सण्णि-आहारग त्ति।

८४२. णेरइएसु पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णिमि०-पंचंत० जह० वड्डी-हाणी-अवट्ठाणं ओघं णाणावरणीयभंगो। साद०-पुरिस०-हस्स-रदि मणुसग०-समचदु०-वज्जरिस०-मणुसाणु०-पसत्थ०-थिरादिछ०-उच्चा० जह० वड्डि-हाणि-अवट्ठाणं ओघं। असादा०-णवुंस०-अरदि-सोग-तिरिक्खग०-हुंड०-असंपत्त०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-अप्प-

कालके पूर्ण हो जानेपर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है, वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? जो एक समय अधिक तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिबन्ध करता है, वह जघन्य हानिका स्वामी है तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थंकर प्रकृतिकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो एक समय अधिक तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है, वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? जो एक समय अधिक सबसे अधिक जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर जघन्य स्थितिबन्ध करता है, वह जघन्य हानिका स्वामी है तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। इसी प्रकार ओघके समान पञ्चेन्द्रिय, त्रसद्विक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिये।

८४२. नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, त्रस चतुष्क, निर्माण और पाँच अन्तरायकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानका स्वामी ओघमें कहे गये ज्ञानावरणीयके समान है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यगति, समचतुरस्र संस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, स्थिर आदि छह और उच्चगोत्रकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानका स्वामी ओघके समान है। असातावेदनीय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सत्थ०-अथिरादिछ०-णीचा० ओघं असादभंगो। इत्थिवे०-चदुसंठा०-चदुसंघ० ओघं इत्थिभंगो। तित्थय० ओघं। एवं सव्वणिरयाणं। णवरि सत्तमाए मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० तित्थय०भंगो।

८४३. तिरिक्खेसु ओघेण साधेदव्वं। पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्त० पंचणा०-णवदंसणा०-सोलसक०-मिच्छ०-भय-दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत०-जहण्णि० तिण्णि वि ओघभंगो। साद०-पुरिस०-हस्स-रदि-मणुसगदि-पंचिंदि०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिस०-मणुसाणु०-पर०-उस्सा०-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-उच्चा० ओघं आहारसरीरभंगो। असादा०-णवुंस०-अरदि-सोग-तिरिक्खगदि-एइंदि०-हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-थावरादि०४-अथिरादिछ०-णीचा० ओघं असादभंगो। इत्थिवे०-तिण्णिजादि-चदुसंठा०-चदुसंघ०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-दुस्सर० ओघं इत्थिभंगो। एवं सव्वअपज्जत्तगाणं आणद याव उवरिमाणं देवाणं। हेट्ठाणं णिरयभंगो।

८४४. मणुस०३ तिरिक्खभंगो। एइंदिय-पंचकायाणं विगलिंदियाणं च अपज्जत्तभंगो। ओरालियका०-ओरालियमि० तिरिक्खोघं। वेउव्विय० वेउव्वियमि० देवोघं। णवरि मिस्से आणदभंगो। आहार०-आहारमिस्स० णिरयभंगो। कम्मइग० अवट्ठाणं

नीचगोत्रका भङ्ग ओघमें कहे गये असातावेदनीयके समान है। स्त्रीवेद, चार संस्थान और चार संहननका भङ्ग ओघके अनुसार कहे गये स्त्रीवेदके समान है। तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार सब नारकियोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भंग तीर्थङ्कर प्रकृतिके समान है।

८४३. तिर्यञ्चोंमें ओघके अनुसार साध लेना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सोलह कषाय, मिथ्यात्व, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके जघन्य तीनों ही ओघके समान हैं। सातावेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और उच्चगोत्रका भङ्ग ओघमें कहे गये आहारक शरीरके समान है। असातावेदनीय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि छह और नीचगोत्रका भङ्ग ओघमें कहे गये असातावेदनीयके समान है। स्त्रीवेद, तीन जाति, चार संस्थान, चार संहनन, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरका भङ्ग ओघमें कहे गये स्त्रीवेदके समान है। इसी प्रकार सब अपर्याप्तकोंके तथा आनत कल्पसे लेकर उपरिम ग्रैवेयक तकके देवोंके जानना चाहिए। नीचेके देवोंके नारकियोंके समान भङ्ग हैं।

८४४. मनुष्यत्रिकमें तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग हैं। एकेन्द्रिय, पाँच स्थावरकायिक और विकलेन्द्रियोंमें अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग हैं। औदारिक काययोगी और औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें समान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग हैं। वैक्रियक काययोगी और वैक्रियिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें सामान्य देवोंके समान भङ्ग हैं। इतनी विशेषता है कि वैक्रियिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें आनत कल्पके समान भङ्ग हैं। आहारक काययोगी और आहारक मिश्रकाययोगी जीवोंमें नारकियोंके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एइंदियभंगो। सेसाणि णत्थि।

८४५. इत्थि०-पुरिस० पंचिंदियतिरिक्खभंगो। णवुंसगे तिरिक्खोघं। अवगदवे० सव्वकम्माणं जह० वड्डी कस्स० ? अण्णदरस्स उवसमग० परिवद० पढमट्ठिदिबंधादो विदिए ट्ठिदिबंधे वट्टमा० तस्स जहण्णिया वड्डी। जह० हाणी कस्स० ? अण्णद० खवग० सुहुमसंप० दुचरिमादो ट्ठिदिबंधादो चरिमे ट्ठिदिबंधे वट्टमा० तस्स जह० हाणी। तस्सेव से काले जह० अवट्ठाणं। चदुसंज० अवट्ठिदस्स कादव्वं। एवं सुहुमसंप०। [विभंगे णिरयभंगो]

८४६. आभि०-सुद०-ओधि० मणपज्ज०-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार-संजदासंजद-ओधिदंस०-सम्मादि०-खइग०-वेदगस०-उवसम०-सासण०-सम्मामि० णाणावरणादि-सादासाद-आहारदुग-तित्थय० एदे अप्पप्पणो ट्ठिदिबंधेण ओघेण साधेदव्वं। किण्ण-णील-काउ० णिरयोघं। तेउ० सोधम्मभंगो। पम्माए सहस्सारभंगो। सुक्काए णवगेवज्जभंगो। असण्णि० तिरिक्खोघं। अणाहार० कम्मइगभंगो।

एवं जहण्णसामित्तं समत्तं।

८४७. एत्तो जहण्णुक्कस्ससामित्तसाधणट्ठं जहण्णुक्कस्समद्धच्छेदादो उक्कस्ससंकिलिट्ठं तप्पाओग्गसंकिलिट्ठं उक्कस्सविसोधि-तप्पाओग्गविसोधीहि जहण्णुक्कस्स-

---

समान भङ्ग हैं। कार्मण काययोगी जीवोंमें अवस्थानका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। शेष पद नहीं हैं।

८४५. स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी जीवोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। नपुंकसवेदी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भंग है। अपगतवेदी जीवोंमें सब कर्मोंकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो गिरनेवाला अन्यतर उपशामक प्रथम स्थितिबन्धसे आकर द्वितीय स्थितिबन्धमें अवस्थित है, वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर क्षपक सूक्ष्म-साम्परायिक जीव द्विचरम स्थितिबन्धसे अन्तिम स्थितिबन्धमें अवस्थित है, वह जघन्य हानिका स्वामी है तथा वही तदनन्तर समयमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है। चार संज्वलनका भंग अवस्थितके कहना चाहिए। इसी प्रकार सूक्ष्म साम्परायिक संयत जीवोंके जानना चाहिए। विभंगज्ञानी जीवोंमें नारकियोंके समान भंग है।

८४६. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें ज्ञानावरणादि, सातावेदनीय, असातावेदनीय, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर इन प्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धिबन्ध आदिका स्वामित्व अपने-अपने स्थितिबन्धको ध्यानमें रखकर ओघके अनुसार साध लेना चाहिए। कृष्ण, नील और कापोतलेश्यावाले जीवोंमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है। पीतलेश्यावाले जीवोंमें सौधर्म कल्पके समान भङ्ग है। पद्मलेश्यावाले जीवोंमें सहस्रार कल्पके समान भङ्ग है। शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें नौग्रैवेयकके देवोंके समान भङ्ग है। असंज्ञी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है।

इस प्रकार जघन्य स्वामित्व समाप्त हुआ।

८४७. इसके आगे जघन्योत्कृष्ट स्वामित्वकी सिद्धि करनेके लिए जघन्य उत्कृष्ट अद्धाच्छेदके अनुसार उत्कृष्ट संक्लिष्ट, तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट, उत्कृष्ट विशुद्धि और तत्प्रायोग्य विशुद्धिको जहाँ जो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सामित्तं साधेदव्वं ।

एवं सामित्तं समत्तं ।

अप्पाबहुगं

८४८. अप्पाबहुगं दुविधं–जहण्णयं उक्कस्सयं च । उक्कस्सए पगदं । दुविधं–ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०-णवदंसणा०-दोवेदणी०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-चदुणोक०-भय-दु०–तिरिक्खग०–एइंदि०–ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०–वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-आदाउज्जो०-थावर-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०–थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-अणादें०-जस०-अजस०-णिमि०-णीचा०-पंचंत० सव्वत्थोवा उक्क० वड्डी । उक्क० अवट्ठाणं विसे० । उक्क० हाणी विसे० । आहारदुगं सव्वत्थोवा उक्क० हाणी अवट्ठाणं च । वड्डी संखेंज्जगु० । तित्थय० सव्वत्थोवा उक्क० हाणी अवट्ठाणं च । उ० वड्डी संखेंज्जगु० । सेसाणं सव्वत्थोवा उक्क० वड्डी । हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्लाणि विसे० । एवं ओघभंगो कायजोगि-कोधादि०४-मदि०–सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-आहारग त्ति ।

८४९. अवगदवे०-सुहुमसंप० सव्वाणं सव्वत्थोवा उक्क० हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला । उक्क० वड्डी संखेंज्जगु० । आभि०-सुद०-ओधि०-मणपज्जव-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-संजदासंजद०-ओधिदं०–सम्मादि०-खइग०–वेदग०-उवसम०-सम्मामि०

सम्भव हो, ध्यानमें रखकर जघन्योत्कृष्ट स्वामित्व साध लेना चाहिए ।

इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ ।

अल्पबहुत्व

८४८. अल्पबहुत्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, दो वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, चार नोकषाय, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, आतप, उद्योत, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट अवस्थान विशेष अधिक है । इससे उत्कृष्ट हानि विशेष अधिक है । आहारकद्विककी उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट वृद्धि संख्यातगुणी है । तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट वृद्धि संख्यातगुणी है । शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर विशेष अधिक हैं । इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और आहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

८४९. अपगतवेदी और सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं । इनसे उत्कृष्ट वृद्धि संख्यातगुणी है । आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिक संयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धि संयत, संयतासंयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वत्थोवा उक्कस्सिया हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला। उ० वड्डी संखेज्जगु०। सादादीणं एसिं सत्थाणं उक्कस्सियं तेसिं सव्वत्थोवा उक्क० वड्डी। उक्क० हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला विसे०। सेसाणं णिरयादि याव असण्णि त्ति सव्वत्थोवा उक्क० वड्डी। उक्क० हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला विसे०। णवरि कम्मइग-अणाहारगेसु सव्वत्थोवा उक्क० अवट्ठाणं। वड्डी संखेज्जगु०। उ० हाणी विसेसाहिया।

एवं उक्कस्सयं समत्तं

८५०. जहण्णए पगदं। दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० सव्वकम्माणं जह० वड्डि-हाणि-अवट्ठाणं च तिण्णि वि तुल्ला। एवं णेरइगादि याव अणाहारग त्ति णेदव्वं। णवरि अवगदवे० सव्वत्थोवा जह० हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला। जह० वड्डी संखेज्जगु०। एवं सुहुमसंप०।

एवं अप्पाबहुगं समत्तं।
पदणिक्खेवे त्ति समत्तं।

वड्डिबंधो

८५१. वड्डिबंधे त्ति तत्थ इमाणि तेरसेव अणियोगद्दाराणि। तं यथा—समुक्कित्तणा याव अप्पाबहुगे त्ति।

वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं। इनसे उत्कृष्ट वृद्धि संख्यातगुणी है। सातादिमेंसे जिनका स्वस्थान उत्कृष्ट होता है, उनकी उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक है। इससे उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर विशेष अधिक हैं। शेष नारकियोंसे लेकर असंज्ञी तककी मार्गणाओंमें उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक है। इससे उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर विशेष अधिक हैं। इतनी विशेषता है कि कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें उत्कृष्ट अवस्थान सबसे स्तोक है। इससे उत्कृष्ट वृद्धि संख्यातगुणी है। इससे उत्कृष्ट हानि विशेष अधिक है।

इस प्रकार उत्कृष्ट अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

८५०. जघन्यका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकार है—ओघ और आदेश। ओघसे सब कर्मोंकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थान तीनों ही तुल्य हैं। इसी प्रकार नारकियोंसे लेकर अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपगतवेदी जीवोंमें जघन्य हानि और जघन्य अवस्थान दोनों ही तुल्य हो कर सबसे स्तोक हैं। इनसे जघन्य वृद्धि संख्यातगुणी है। इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायिक जीवोंके जानना चाहिए।

इस प्रकार अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।
इस प्रकार पदनिक्षेप समाप्त हुआ।

वृद्धिबन्ध

८५१. अब वृद्धिबन्धका प्रकरण है। यहाँ ये तेरह अनुयोगद्वार हैं। यथा–समुत्कीर्तनासे लेकर अल्पबहुत्व तक।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समुक्कित्तणा

८५२. समुक्कित्तणाए दुवि० ओघे० आदे०। ओघे० खवगपगदीणं अत्थि चत्तारि वड्डी चत्तारिहाणी अवट्ठिद-अवत्तव्वबंधगा य। चदुण्णं आयुगाणं मूलपगदिभंगो। सेसाणं पगदीणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० अवत्तव्वबंधगा य। एवं ओघभंगो मणुस०३-पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-ओरालि०-चक्खुदं०-अचक्खुदं०-भवसि०-सण्णि-आहारग त्ति।

८५३. णेरइएसु धुवियाणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठिद-बंधगा य। सेसाणं तित्थयरेण सह अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठिद-अवत्तव्व-बंधगा य। दो आयु० अत्थि असंखेज्जभागहाणि-अवत्तव्वबंधगा य। एवं सव्वणिरय सव्वतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-सव्वदेव० पंचिंदिय-तसअपज्जत्तगाणं च।

८५४. एइंदिय-पंचकाएसु धुविगाणं अत्थि एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठिद-बंधगा य। सेसाणं अत्थि एक्क-वड्डि-हाणि-अवट्ठिदअवत्तव्वबंधगा य। विगलिंदिय-पज्जत्त-अपज्जत्तेसु धुविगाणं अत्थि बे वड्डि-हाणि-अवट्ठिदबंधगा य। सेसाणं अत्थि बे-वड्डि-हाणि-अवट्ठिद-अवत्तव्वबंधगा य।

८५५. ओरालियमि० पंचणा०-णवदंसणा०-सोलसक०-भय-दुगुं०-देवगदि-ओरालि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०-उप०-णिमि०-

समुत्कीर्तना

८५२. समुत्कीर्तनाकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे क्षपक प्रकृतियोंकी चार वृद्धि, चार हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। चार आयुओंका भङ्ग मूल प्रकृतिबन्धके समान है। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। इसी प्रकार ओघके समान मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, काययोगी, औदारिककाययोगी, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, भव्य, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए।

८५३. नारकी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। तीर्थङ्कर प्रकृतिके साथ शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। दो आयुओंकी असंख्यात भागहानि और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। इसीप्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सब देव, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त और त्रस अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए।

८५४. एकेन्द्रिय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। विकलेन्द्रिय और इनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं।

८५५. औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, देवगति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वैक्रियिकआं-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तित्थय०-पंचंत० अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठिद०। सादादीणं मिच्छत्तस्स च सव्व पगदीणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्तव्वयं०।

८५६. वेउव्वि० देवोघं। वेउव्वियमि० पंचणा०-णवदंसणा०-सोलसक०-भय-दु०-ओरालि०-तेजा० क०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-णिमि०-तित्थय०-पंचंत० अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०। सेसाणं० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठिद-अवत्तव्व-बंधगा य।

८५७. आहार०-आहारमि० धुविगाणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठिदबं०। सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठिद अवत्तव्वयं०। कम्मइ० धुविगाणं देवगदि०४-तित्थय० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०बं०। सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठिद-अवत्त०।

८५८. इत्थि-पुरिस-णवुंसगेसु अट्ठारसण्णं अत्थि चत्तारिवड्डि-हाणि-अवट्ठिदबं०। सादावे०-पुरिस०-जस०-उच्चा० अत्थि चत्तारिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०। सेसाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०। अवगदवे० पंचणा०-चदुदंसणा०-पंचंत० अत्थि संखेज्जभागवड्डि-हाणि-संखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०। सादावे०-जसगि०-उच्चा० अत्थि संखेज्जभागवड्डि-हा०-संखेज्जगुणवड्डि-हाणि-असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०।

ङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। साता आदि और मिथ्यात्वसे लेकर सब प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं॥

८५६. वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें सामान्य देवोंके समान भङ्ग है। वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं।

८५७. आहाककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन-हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। कार्मणकाययोगी जीवोंमें ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियाँ, देवगति चतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं।

८५८. स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी और नपुंसकवेदी जीवोंमें अठारह प्रकृतियोंकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, और उच्चगोत्रकी चार वृद्धि, चार हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। अपगतवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि, संख्यात-गुणवृद्धि, संख्यातगुणहानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि, संख्यातगुणवृद्धि, संख्यातगुण-हानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चदुसंज० अत्थि संखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० ।

८५९. कोधे पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंत० अत्थि चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० । सादावे०-पुरिस०-जस०-उच्चा० अत्थि चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० । सेसाणं ओघं । माणे पंचणा०-चदुदंस०-तिण्णिसंज०-पंचंत० अत्थि चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० । कोधसंजलण० सादभंगो । सेसं ओघं । मायाए पंचणा०-चदुदंस०-दोसंज०-पंचंत० अत्थि चत्तारिवड्ढि-हाणि अवट्ठि० । सेसाणं ओघं । लोभे ओघं । णवरि चोद्दस० अवत्तव्वं णत्थि ।

८६०. मदि०-सुद० धुविगाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० । चदुआयु० ओघं । मिच्छ० सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अवत्त० । एवं विभंग०-अब्भवसि०-मिच्छादि० । णवरि अब्भवसि०-मिच्छादि० मिच्छत्तस्स अवत्त० णत्थि ।

८६१. आभिणि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-चदुदंसणा०-सादा०-चदुसंज०-पुरिस०-जसगि०-उच्चा०-पंचंत० अत्थि चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० । सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० । एवं मणपज्ज०-संजद-ओधिदं०-सम्मादि०-खइग०-उवसम० ।

चार संज्वलनकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं ।

८५९. क्रोध कषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं । सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, और उच्चगोत्रकी चार वृद्धि, चार हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । मान कषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण चार दर्शनावरण, तीन संज्वलन और पाँच अन्तरायकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं । क्रोध संज्वलनका भङ्ग सातावेदनीयके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । माया कषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, दो संज्वलन और पाँच अन्तरायकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । लोभ कषायवाले जीवोंमें ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि चौदह प्रकृतियोंका अवक्तव्य पद नहीं है ।

८६०. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं । चार आयुओंका भङ्ग ओघके समान है । मिथ्यात्व और शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं । इसी प्रकार विभङ्गज्ञानी, अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंमें मिथ्यात्वका अवक्तव्य पद नहीं है ।

८६१. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी चार वृद्धि, चार हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं । शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं । इसी प्रकार मनःपर्ययज्ञानी, संयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिये ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८६२. सामाइ०-छेदो० पंचणा०-चदुदंस०-लोभसंज०-उच्चा०-पंचंत० अत्थि चत्तारिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० । सेसाणं ओघं । परिहार०-संजदासंजदा० आहारकाय-जोगिभंगो । सुहुमसंप० पंचणा०-चदुदंस०-सादावे०-जस०-उच्चा०-पंचंत० अत्थि संखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि० । असंजदे पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-भय०-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० । सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० । एवं किण्ण-णील-काऊणं । णवरि किण्ण-णीलाणं तित्थय० अवत्त० णत्थि ।

८६३. तेऊए पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-भय-दु०-तेजासरीरादि-पंचंतरा० अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० । सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० । पम्माए पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-भय०-दु०-पंचिंदियादिपण्णरस-पंचंत० अत्थि-तिण्णिवड्डि-हाणी०-अवट्ठि० । सेसाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० । सुक्काए ओघं ।

८६४. वेदगस० धुविगाणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० । सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० । सासणे धुविगाणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० । सेसाणं० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० । सम्मामिच्छा० पंचणा०-छदंसणा०-

८६२. सामायिक और छेदोपस्थापना संयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, लोभ संज्वलन, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी चार वृद्धि, चार हानि, और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। परिहारविशुद्धि संयत और संयतासंयत जीवोंमें आहारककाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है। सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी संख्यातभाग-वृद्धि, संख्यातभागहानि और अवस्थितपदके बन्धक जीव हैं। असंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। इसी प्रकार कृष्ण, नील और कापोतलेश्यावाले जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कृष्ण और नीललेश्यावाले जीवोंके तीर्थङ्कर प्रकृतिका अवक्तव्य पद नहीं है।

८६३. पीतलेश्यावाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर आदि और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। पद्मलेश्यावाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति आदि पन्द्रह और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीव हैं। शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है।

८६४. वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अव-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बारसक०-पुरिस०-भय०-दु०-दोगदि पंचिंदि०-चदुसरीर-समचदु०-दोअंगो०-वज्जरिस०-वण्ण०४-दोआणु०-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णिमि०-पंचंत० अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०। सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०।

८६५. असण्णीसु धुविगाणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०। सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०। अणाहार० कम्मइगभंगो। एवं समुक्कित्तणा समत्ता।

सामित्तं

८६६. सामित्ताणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० असंखेज्जभाग-वड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स०? अण्णद० एइंदियस्स वा बीइंदियस्स वा तीइंदि० चदुरिंदि० पंचिंदि० सण्णि० असण्णि० बादर० सुहुम० पज्जत्ता अपज्जत्त०। संखेज्जभागवड्डि-हाणिबंधो कस्स०? अण्ण० बेइंदि० तीइंदि० चदुरिंदि० पंचिंदि० सण्णि० असण्णि० पज्जत्त० अपज्ज०। संखेज्जगुणवड्डि-हाणि० कस्स०? अण्ण० पंचिंदि० सण्णि० असण्णि० पज्जत्त० अपज्जत्त०। असंखेज्जगुणवड्डिबंधो कस्स०? अण्ण० अणियट्टिबादर० उवसमणादो परिवदमाणस्स मणुसस्स वा मणुसिएणी वा पढमसमय देवस्स वा। असंखेज्जगुणहाणिबंधो कस्स०? अण्ण० उवसामगस्स वा खवगस्स वा

स्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चेन्द्रिय जाति, चार शरीर, समचतुरस्र संस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं।

८६५. असंज्ञी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है।

इस प्रकार समुत्कीर्तना समाप्त हुई।

स्वामित्व

८६६. स्वामित्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थित पदका स्वामी कौन है? अन्यतर एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय, संज्ञी, असंज्ञी, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त या अपर्याप्त जीव स्वामी है। संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिका स्वामी कौन है? अन्यतर द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय, संज्ञी, असंज्ञी, पर्याप्त या अपर्याप्त जीव स्वामी है। संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका स्वामी कौन है? अन्यतर पञ्चेन्द्रिय संज्ञी-असंज्ञी पर्याप्त या अपर्याप्त जीव स्वामी है। असंख्यात गुणवृद्धिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर उपशमश्रेणिसे गिरनेवाला अनिवृत्तिबादरसाम्परायिक मनुष्य या मनुष्यनी अथवा प्रथम समयवर्ती देव स्वामी है। असंख्यातगुणहानिबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर उपशामक या क्षपक अनिवृत्तिबादरसाम्परायिक जीव स्वामी है। अवक्तव्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणियट्टिबादरसांपराइगस्स। अवत्त० कस्स होदि ? उवसमणादो परिवदमाणस्स मणुसस्स वा मणुसिणीए वा पढमसमयदेवस्स वा। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० कस्स० ? अण्ण० संजमादो वा संजमासंजमादो वा सम्मत्तादो वा सम्मामिच्छादो वा परिवदमाणगस्स पढमसमय-मिच्छादिट्ठिस्स वा सासणसम्मादिट्ठिस्स वा। णवरि मिच्छत्तस्स सासणादो वा पढम समयमिच्छादिट्ठिस्स वा। साद०-पुरिस०-जस०-उच्चा० चत्तारिवड्डि हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० कस्स०? अण्ण० परियत्त०। णिद्दा-पचला-भय०-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० णाणावरणभंगो। असाद०-इत्थि०-णवुंस०-चदुणोक०-तिरिक्ख-मणुसग०-पंचजादि-छस्संठा०-छस्संघ०-दोआणु०-दोविहा०-तस-थावरादिणवयुगल-अजस०-णीचा० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरण-भंगो। अवत्त० सादभंगो। अपच्चक्खाणा०४-तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० संजमादो वा संजमासंजमादो वा परिवदमा० पढमस० मिच्छादि० सासण० सम्मामिच्छादिट्ठिस्स वा असंजद० वा। पच्चक्खाणा०४-तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणा-वरणभंगो। अवत्त० संजमादो परिवदमा० पढम० मिच्छा० सासण० सम्मामि० असंज० संजदासंजदस्स वा। चदुआयु० अवत्त० कस्स० ? अण्ण० पढमसमय-आयुग० बंधमा-

बन्धका स्वामी कौन है ? उपशमश्रेणिसे गिरनेवाला मनुष्य या मनुष्यिनी अथवा प्रथम समयवर्ती देव स्वामी है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, और अनन्तानुबन्धी चारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर संयमसे संयमासंयमसे, सम्यक्त्वसे या सम्यग्मिथ्यात्वसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि जीव स्वामी है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्व प्रकृतिकी अपेक्षा अवक्तव्य बन्धका स्वामी संयमादि चार स्थानोंसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि जीव तो है ही। साथ ही सासादनसम्यक्त्वसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि भी है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर परिवर्तमान जीव स्वामी है। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माणकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। असातावेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, चार नोकषाय, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, पाँच जाति, छह संस्थान, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, त्रस और स्थावर आदि नौ युगल, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अप्रत्याख्यानावरण चारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी संयम या संयमासंयमसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि या असंयतसम्यग्दृष्टि जीव है। प्रत्याख्यानावरण चारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी संयमसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि या संयतासंयत जीव है। चार आयुओंके अवक्तव्यबन्धका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णस्स। तेण परं असंखेज्जभागहाणी। वेउव्वियछ० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० सण्णि० असण्णि०। णवरि संखेज्जगुणवड्ढि-हाणि० सण्णिपज्जत्त०। अवत्तव्व० सादभंगो। आहारदुग-पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-तित्थय० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण०। अवत्त० कस्स० ? अण्णद० पढमसमयबंधमा०। ओरालि०-ओरालि०-अंगो० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० कस्स० ? अण्ण० पढम-समयबंध०। एवं ओघभंगो कायजोगि-अचक्खु०-भवसि०-आहारग त्ति।

८६७. णेरइएसु धुविगाणं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण०। सेसं ओघादो साधेदव्वं। णवरि सत्तमाए तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-णीचा० थीणगिद्धिभंगो। मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० कस्स० ? अण्ण० मिच्छत्तादो परिवद० पढम० असंज० सम्मामि०।

८६८. तिरिक्खेसु धुविगाणं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण०। सेसाणं ओघं। एवं पंचिंदियतिरिक्ख०३। पंचिंदि०तिरिक्खअपज्जत्त० धुविगाणं तिण्णिवड्ढि-हाणि अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण०। सेसं ओघं। एवं सव्वअपज्ज० अणुदिसदेवाणं च। मणुसेसु

स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रथम समयमें आयुकर्मका बन्ध करनेवाला जीव स्वामी है। उसके बाद असंख्यातभागहानि होती है। वैक्रियिक छहकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर संज्ञी और असंज्ञी जीव स्वामी है। इतनी विशेषता है कि संख्यात-गुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका स्वामी संज्ञी पर्याप्त जीव है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी सातावेद-नीयके समान है। आहारकद्विक, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत और तीर्थंकरकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रथम समयमें बन्ध करनेवाला जीव स्वामी है। औदारिकशरीर और औदारिकआङ्गोपाङ्गकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रथम समयमें बन्ध करनेवाला जीव स्वामी है। इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए।

८६७. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष ओघके अनुसार साध लेना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका भङ्ग स्त्यानगृद्धिके समान है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर मिथ्यात्वसे असंयत सम्यग्दृष्टि या सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त होनेवाला प्रथम समयवर्ती नारकी जीव स्वामी है।

८६८. तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकके जानना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार सब अपर्याप्त और अनुदिश देवोंके जानना चाहिए। मनुष्योंमें ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य बन्धका स्वामी प्रथम समय-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओघं। णवरि अवत्त० देवो त्ति ण भाणिदव्वं। एवं पंचमण०-पंचवचि०। देवेसु णिरयभंगो।

८६६. एइंदिय-पंचकाएसु धुविगाणं एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्णद०। सेसाणं एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण०। अवत्त० कस्स० ? अण्ण० परियत्त० पढम०। विगलिंदिएसु धुविगाणं दोवड्डि-हाणि-अवट्ठि० बंधो कस्स० ? अण्ण०। सेसाणं दोण्णिवड्डि हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० कस्स० ? अण्ण० परियत्त० पढम०। पंचिंदि० तस्सेव पज्जत्ता ओघं। णवरि पंचिंदि० सण्णि०-असण्णि०-पज्जत्त०-अपज्जत्त त्ति भाणिदव्वं। तस-तसपज्जत्ता ओघं। णवरि बीइंदि० तीइंदि० चदुरिंदि० पंचिंदि० सण्णि० असण्णि० पज्जत्ता अपज्जत्ता त्ति भाणिदव्वं।

८७०. ओरालिका० ओघं। णवरि देवो त्ति ण भाणिदव्वं। ओरालियमि० तिरिक्खोघं। णवरि मिच्छ० कस्स० ? अण्ण० सासण० परिवद० पढम० मिच्छादिट्ठि०। देवगदि०४-तित्थय० अवत्त० णत्थि। वेउव्विय० वेउव्वियमि० देवोघं। आहार०-आहारमि० धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्णद०। सेसाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० ओघं सादभंगो। कम्मइग० धुविगाणं देवगदि

वर्ती देव होता है, यह नहीं कहना चाहिए। इसी प्रकार पाँच मनोयोगी और पाँच वचनयोगी जीवोंके जानना चाहिए। देवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है।

८६६. एकेन्द्रियोंमें और पाँच स्थावर कायिक जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर परिवर्तमान प्रथम समयवर्ती जीव स्वामी है। विकलेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर परिवर्तमान प्रथम समयवर्ती जीव स्वामी है। पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय संज्ञी-असंज्ञी पर्याप्त और अपर्याप्त ऐसा कहना चाहिए। त्रस और त्रसपर्याप्त जीवोंमें ओघके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय संज्ञी-असंज्ञी पर्याप्त व अपर्याप्त ऐसा कहना चाहिए।

८७०. औदारिक काययोगी जीवोंमें ओघके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य बन्धका स्वामी प्रथम समयवर्ती देव होता है, ऐसा नहीं कहना चाहिए। औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर सासादन सम्यक्त्वसे गिरकर प्रथम समयमें मिथ्यादृष्टि हुआ जीव स्वामी है। देवगति चतुष्क और तीर्थंकर प्रकृतिका अवक्तव्य बन्ध नहीं है। वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिक आंगोपांगका भंग सामान्य देवोंके समान है। आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी ओघमें कहे गये सातावेदनीयके समान है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचगस्स च अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० । सेसाणं अवट्ठि०-अवत्त० कस्स० ? अण्ण० । एवं अणाहार० ।

८७१. इत्थि० पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंत० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० । णवरि असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि० अणियट्टि० । णिद्दादंडस्स अवत्त० देवो त्ति ण भाणिदव्वं । सेसाणं ओघं । पुरिसेसु ओघं । णवुंसगे धुविगाणं इत्थिभंगो । सेसाणं ओघं । अवगदवे० पंचणा०-चदुदंसणा०-पंचंत० संखेज्जभागवड्डि-संखेज्जगुणवड्डि-अवत्त० कस्स० ? अण्णद० उवसम परिवद० । तेसिं हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० उवसम० खवग० । सादावे०-जस०-उच्चा० संखेज्जभागवड्डि-संखेज्जगुणवड्डि-असंखेज्जगु०-अवत्त० कस्स० ? अण्ण० उवसम० परिवद० । तेसिं हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० उवसम० खवग० । चदुसंज० संखेज्जभाग०-अवत्त० कस्स० ? अण्ण० उवसाम० परिवद० । संखेज्जभागहाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० उवसाम० खवग० ।

८७२. कोधेसु पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंत० तिण्णिवड्डि-हाणि-असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवट्ठि० ओघं । अवत्त० णत्थि । सेसाणं च ओघं । माणे तिण्णिसंजलणं,

कार्मणकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली और देवगतिपञ्चकके अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । शेष प्रकृतियोंके अवस्थित और अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । इसी प्रकार अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

८७१. स्त्रीवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका स्वामी अनिवृत्तिकरण जीव है । निद्रादण्डकके अवक्तव्य बन्धका स्वामी देव है,ऐसा नहीं कहना चाहिए । शेष प्रकृतियोंका भंग ओघके समान है । पुरुषवेदी जीवोंमें ओघके समान भंग है । नपुंसकवेदी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भंग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है । शेष प्रकृतियोंका भंग ओघके समान है । अपगतवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, और अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर गिरनेवाला उपशामक जीव स्वामी है । उनकी हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर उपशामक और क्षपक जीव स्वामी है । सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि और अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर गिरनेवाला उपशामक जीव स्वामी है । उनकी हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर उपशामक और क्षपक जीव स्वामी है । चार संज्वलनोंकी संख्यातभागवृद्धि और अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर गिरनेवाला उपशामक जीव स्वामी है । संख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर उपशामक और क्षपक जीव स्वामी है ।

८७२. क्रोधकषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवस्थित बन्धका भंग ओघके समान है । यहाँ अवक्तव्य बन्ध नहीं है । शेष प्रकृतियोंका भंग ओघके समान है । मानमें तीन संज्वलन और मायामें दो संज्वलनोंके तीन पद कहने चाहिये । शेष भङ्ग ओघके समान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मायाए दोसंज० तिण्णि भाणिदव्वं। सेसं ओघं। लोभे पंचणा०-चदुदंस०-पंचंत० अवत्तव्वं णत्थि। सेसाणं ओघं।

८७३. मदि०-सुद० धुविगाणं अत्थि तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० तिरिक्खोघं। सेसाणं ओघं। एवं विभंग०-अब्भवसि०-मिच्छा०। णवरि अब्भवसि०-मिच्छादि० मिच्छत्त० अवत्त० णत्थि।

८७४. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पुरिस०-उच्चा०-पंचंत० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण०। असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवत्त० ओघं। मणुसगदिपंचगस्स तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण०। अवत्त० कस्स० ? अण्ण० पढमस० देवस्स वा णेरइगस्स वा। सादावे०-जस० असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि० ओघं। सेसाणं णाणावरणभंगो। णिद्दा-पचलादीणं अवत्त० ओघं। सेसाणं णाणावरणभंगो। णवरि अवत्त० कस्स० ? अण्ण० परियत्तमा०। णवरि देवगदि०४-तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० कस्स० ? अण्ण०। एवं ओधिदंस-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-उवसम०। णवरि वेदगे किंचि विसेसो। उवसमे वि असंखेज्जगुणवड्डि० कस्स० ? अण्ण० उवसामगस्स परिवदमा० पढमस० देवस्स वा। असंखेज्जगुणहाणि० कस्स० ? अण्ण० उवसाम०

हैं। लोभ कषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायका अवक्तव्य बन्ध नहीं है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है।

८७३. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी तिर्यञ्चोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार विभङ्गज्ञानी, अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंमें मिथ्यात्वका अवक्तव्यबन्ध नहीं है।

८७४. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव स्वामी है। असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्यबन्धका स्वामी ओघके समान है। मनुष्यगतिपञ्चककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव स्वामी है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर प्रथम समयवर्ती देव और नारकी जीव स्वामी है। सातावेदनीय और यशःकीर्तिकी असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका स्वामी ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। निद्रा और प्रचला आदिकके अवक्तव्यबन्धका स्वामी ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इतनी विशेषता है कि इनके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर परिवर्तमान जीव स्वामी है। इतनी विशेषता है कि देवगति चतुष्ककी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव स्वामी है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि वेदकसम्यक्त्वमें कुछ विशेषता है। उपशमसम्यक्त्वमें भी असंख्यातगुणवृद्धिका स्वामी कौन है? अन्यतर उपशमश्रेणीसे गिरकर प्रथम समयमें देव हुआ जीव स्वामी है। असंख्यातगुणहानिका स्वामी कौन है? अन्यतर उपशामक अनिवृत्तिकरण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणियट्टि०। मणपज्जव-संजदे ओधिभंगो। णवरि खइगाणं पगदीणं असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवत्त० मणुसिभंगो।

८७१. सामाइ०-छेदोव० पंचणा०-चदुदंस०-लोभसंज०-उच्चा०-पंचंत० अवत्त० णत्थि। सेसाणं मणवज्जवभंगो। परिहार० आहारकायजोगिभंगो। सुहुमसंप० पंचणा०-चदुदंस०-सादावे०-जस०-उच्चा०-पंचंत० संखेज्जभागवड्डि० कस्स०? अण्णदरस्स उवसाम० परिवद०। संखेज्जभागहा०-अवट्ठि० कस्स०? अण्णद० उवसाम० वा खवगस्स वा। संजदासंजदेसु धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स०? अण्ण०। सेसाणं परिहार-भंगो। असंजदे धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठिदं कस्स०? अण्ण०। सेसाणं तिरि-क्खोघं। णवरि तित्थयरं ओघं। एवं किण्ण-णील-काउ०।

८७६. चक्खुदं० तसपज्जत्तभंगो। किंचि विसेसो। तेऊए पंचणा० छदंसणा०-चदुसंजल०-भय०-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-णिमि०-पंचंत० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स०? अण्ण०। थीणगिद्धितिग-मिच्छत्त-बारसक० अवत्तव्वं ओघं। सेसं णाणावरणभंगो। सेसाणं पगदीणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०

जीव स्वामी है। मनःपर्ययज्ञानी और संयत जीवोंमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि क्षायिक प्रकृतियोंकी असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्यबन्धका स्वामी मनुष्यिनियोंके समान है।

८७१. सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, लोभ संज्वलन, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायका अवक्तव्यबन्ध नहीं है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मनःपर्ययज्ञानी जीवोंके समान है। परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंमें आहारककाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है। सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पांच अन्तरायकी संख्यातभागवृद्धिका स्वामी कौन है? अन्यतर गिरनेवाला उप-शामक जीव स्वामी है? संख्यातभागहानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर उपशामक और क्षपक जीव स्वामी है। संयतासंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके समान है। असंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है! अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार कृष्ण, नील और कापोत लेश्यावाले जीवोंके जानना चाहिये।

८७६. चक्षुदर्शनी जीवोंमें त्रसपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। कुछ विशेषता है। पीतलेश्यावाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव स्वामी है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और बारह कषायके अवक्तव्यबन्धका स्वामी ओघके समान है। शेष ज्ञानावरणके समान भङ्ग है। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव स्वामी है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी ओघके समान है। इसी प्रकार पद्मलेश्यावाले जीवोंमें जानना चाहिये।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कस्स० ? अण्ण० । अवत्तव्वं ओघं । एवं पम्माए । सुक्काए खवगपगदीणं असंखेज्जगुण-वड्डि-हाणि-अवत्तव्वं ओघं । सेसाणं तेउभंगो ।

८७७. सासणे धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० । सेसाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० विभंगभंगो । सम्मामि० धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० । सेसाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० । अवत्त० कस्स० ? बंधगस्स पढमसम० ।

८७८. सण्णीसु पंचिंदियभंगो । णवरि सण्णि त्ति भाणिदव्वं । असण्णीसु धुविगाणं दोवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० । सेसाणं दोवड्डि-हाणि-अवट्ठिदं कस्स० ? अण्ण० । अवत्तव्वं कस्स० ? परिय० । मणुसगदिदुग-वेउव्विगछ०-उच्चागोद वज्जित्ता सेसाणं-संखेज्जगु० कस्स० ? अण्ण० एइंदि० विगलिंदियस्स वा विगलिंदिएसु असण्णिपंचिंदिएसु उवव० पढमसम० । संखेज्जगुणहाणी कस्स० ? अण्ण० विगलिंदि० असण्णिपंचिंदि० एइंदिएसु वा विगलिंदिएसु उवव० पढम० । णवरि एइंदि० आदाव थावर-सुहुम-साधार० वड्डी णत्थि ।

एवं सामित्तं समत्तं

शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंकी असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य-बन्धका स्वामी ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पीतलेश्यावाले जीवोंके समान है ।

८७७. सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका स्वामी विभङ्गज्ञानी जीवोंके समान है । सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? प्रथम समयमें बन्ध करने-वाला जीव स्वामी है ।

८७८. संज्ञी जीवोंमें पञ्चेन्द्रियोंके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि संज्ञी ऐसा कहना चाहिए । असंज्ञी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । शेष प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? परिवर्तमान प्रथम समयवर्ती जीव स्वामी है । मनुष्यगतिद्विक, वैक्रियिक छह और उच्चगोत्रको छोड़कर शेष प्रकृतियोंकी संख्यातगुणवृद्धिका स्वामी कौन है ? अन्यतर एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय जीव मरकर जब विकलेन्द्रियों और असंज्ञी पञ्चेन्द्रियोंमें उत्पन्न होता है, तो ऐसा जीव पहले समयमें स्वामी है । संख्यातगुणहानिका स्वामी कौन है ? अन्यतर विकलेन्द्रिय और असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव जब मरकर एकेन्द्रियों और विकलेन्द्रियोंमें उत्पन्न होता है, तब उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें वह स्वामी है । इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रियोंमें आतप, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण प्रकृतिकी वृद्धि नहीं है ।

इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कालो

८७९. कालाणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे० । ओघेण खवगपगदीणं [1]चत्तारिवड्ढि-तिण्णिहाणिबंध० केवचि० ? जह० एग०, उक्क० बेसमयं । असंखेज्जगुण[2]हाणि-अवत्तव्वं केव० ? एग० । अवट्ठिद० जह० एग०, उक्क० अंतो० । चदुण्णं आयुगाणं अवत्तव्वं एग० । असंखेज्जभागहाणी जहण्णुक्कस्सेण अंतो० । सेसाणं तिण्णिवड्ढि-हाणी जह० एग०, उक्क० बेसमयं । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्तव्वं एग० । एवं ओघभंगो पंचिंदिय-तस०२-कायजोगि-पुरिस०-कोधादि०४-आभि०-सुद०-ओधि०-चक्खु०-अचक्खु० ओधिदं०-सुक्कले०-भवसि०-सम्मादि०-खइग०-उवसम०-सण्णि-आहारग त्ति । मणुस-तिण्णि-पंचमण०-पंचवचि०-ओरालिय० ओघं । णवरि असंखेज्जगुणवड्ढी बे समयं ण लभदि । एगसमयं भवदि । मणपज्जवसंजद-सामाइ०-छेदोवट्ठावण० मणुसभंगो ।

८८०. अवगदवेदे पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज० सव्वत्थ संखेज्जभागवड्ढि-हाणी संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी अवत्त० एग० । अवट्ठिदं ओघं । सादावे०-जस०-उच्चा० संखेज्ज-भागवड्ढि-हाणी संखेज्जगुणवड्ढि-हाणि असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी अवत्तव्वं एग० । अवट्ठि०

काल

८७९. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे क्षपक प्रकृतियोंके चार वृद्धिबन्ध और तीन हानिबन्धोंका कितना काल है ? जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्यबन्धका कितना काल है ? जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अवस्थितबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । चारों आयुओंके अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्टकाल एक समय है । असंख्यात-भागहानिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अवस्थितबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्टकाल एक समय है । इसी प्रकार ओघके समान पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, काययोगी, पुरुषवेदी, क्रोधादि चार कषाय-वाले, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, शुक्ल-लेश्यावाले, भव्य, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए । मनुष्यत्रिक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी और औदारिक काययोगी जीवोंमें ओघके समान काल है । इतनी विशेषता है कि इन मार्गणाओंमें असंख्यातगुणवृद्धिका दो समय काल उपलब्ध नहीं होता, किन्तु जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । मनःपर्ययज्ञानी, संयत सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंमें मनुष्योंके समान भङ्ग है ।

८८०. अपगतवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और चार संज्वलनकी सर्वत्र संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि, संख्यातगुणवृद्धि, संख्यातगुणहानि और अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अवस्थित बन्धका काल ओघके समान है । सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि, संख्यातगुणवृद्धि संख्यात गुणहानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल

१ मूलप्रतौ चत्तारितिण्णिवड्ढिहाणि इति पाठः । २ मूलप्रतौ गुणवड्ढिहाणि० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बं० ओघं। सुहुमसंप० सव्वपग० संखेज्जभागवड्डि-हाणी एगस०। अवट्ठि० ओघं।

८८१. णिरएसु धुविगाणं सेसाणं च सव्वे भंगा ओघं णिरयगदीणामभंगो। णवरि पगदिविसेसं णादव्वं। एवं याव अणाहारग त्ति णेदव्वं। णवरि कम्मइ०-अणाहा० धुविगाणं अवट्ठिदं जह० एग०, उक्क० तिण्णिसमयं। देवगदिपंचगस्स अवट्ठिदं जह० एग०, उक्क० बेसमयं। सेसाणं थावरपगदीणं अवट्ठिदं जह० एग०, उक्क० तिण्णिसमयं। इत्थि०-पुरिस०-मणुसग०-चदुजादि-पंचसंठाण-ओरालि०अंगो०-छस्संघडण-मणुसाणु० दोविहा०-तस-सुभग-दोसर-आदेज्ज०-उच्चागो० अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम०। अवत्त० एग०।

एवं कालं समत्तं।

अंतरं

८८२. अंतराणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंतरा० असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि० अंतरं केव०? जह० एग०, उक्क० अंतो०। बेवड्डि-हाणीबंध० जह० एग०, उक्क० अणंतकालं०। असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० अद्धपोग्गल०। णवरि असंखेज्जगुणव० जह०

एक समय है। तथा अवस्थितबन्धका काल ओघके समान है। सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। तथा अवस्थितबन्धका काल ओघके समान है।

८८१. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली तथा शेष प्रकृतियोंके सब भङ्ग ओघके अनुसार नरकगति नामकर्मके समान है। इतनी विशेषता है कि प्रकृतिविशेष जानना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अवस्थितबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तीन समय है। देवगति पञ्चकके अवस्थितबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। शेष स्थावरप्रकृतियोंके अवस्थितबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तीन समय है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, मनुष्यगति, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके अवस्थित बन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है।

इस प्रकार एक जीवकी अपेक्षा काल समाप्त हुआ।

अन्तर

८८२. अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका अन्तरकाल कितना है? जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। दो वृद्धि और दो हानिबन्धोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है। असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य बन्धका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एग० । थीणगि०३–मिच्छ०-अणंताणु०४ असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठि० देसू० । बेवड्डि-हाणि-अवत्तव्वं णाणावरणभंगो । णिद्दा-पचला-भय०-दुगुं०–तेजइगादिणव तिण्णिवड्डि-हाणि–अवट्ठि०–अवत्त० णाणावरणभंगो । सादावेदणीय-जसगि० चत्तारिवड्डि-हाणि-अवट्ठिदं णाणावरणभंगो । अवत्तव्वं जहण्णु० अंतो० । असाद०-चदुणोकसाय-थिराथिर-सुभासुभ–अजस० तिण्णिवड्डि–हाणि-अवट्ठिद-अवत्तव्वं सादभंगो । अट्ठकसा० असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडि० देसू० । बेवड्डि-हाणि-अवत्तव्वं णाणावरणभंगो । इत्थिवे० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० थीणगिद्धिभंगो । अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठिसाग० सादि० । पुरिसवेदं चत्तारिवड्डि-हाणि-अवट्ठिदं णाणावरणभंगो । अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठिसाग० सादिरे० । णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादें० असंखेज्ज०वड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठिसागरो० सादि० तिण्णिपलिदोवमाणि देसू० । बेवड्डि-हाणि० णाणावरणभंगो । अवत्तव्वं जहण्णेण अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० सादि० तिण्णि-पलिदो० देसू० । णिरय-मणुस-देवायूणं असंखेज्जभागहाणि-अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क०

जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अर्धपुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है। इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणवृद्धिका जघन्य अन्तर एक समय है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छियासठ सागर है। दो वृद्धि, दो हानि और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा और तैजसशरीर आदि नौकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीय और यशःकीर्तिकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असातावेदनीय, चार नोकषाय, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और अयशःकीर्तिकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। आठ कषायोंकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभाग हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। दो वृद्धि, दो हानि और अवक्तव्य बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। स्त्रीवेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदका भङ्ग स्त्यानगृद्धिके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छियासठ सागर है। पुरुषवेदकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित पदका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छियासठ सागर है। नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेयकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छियासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छियासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। नरकायु, मनुष्यायु और देवायुके असंख्यातभाग हानि और अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणंतका० असं०। तिरिक्खायु० असंखेज्जभागहाणि-अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० सागरो०सदपुधत्तं। वेउव्वियछक्कं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अणंतका०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० अणंतका० असंखे० परि०। तिरिक्खग०-तिरिक्खाणुपु० असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तेवट्ठिसागरो० सदं०[1]। बेवड्डि-हाणि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। मणुसगदि-मणुसाणु० असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठिदं जह० अंतो०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा०। बेवड्डि० वेहाणि० णाणावरणभंगो। चदुजादि-आदाव-थावरादि०४ असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठिदं जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पंचासीदिसागरोवमसदं। बेवड्डि-हाणी० णाणावरणभंगो। पंचिंदि०-पर०-उस्सा०-तस०४ तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० पंचासीदिसागरोवमसदं। ओरालि० असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठिदं जह० एग०, उक्क० तिण्णिपलिदोवमाणि सादि०। बेवड्डि०-हाणि० णाणावरणभंगो। अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालमसं०। आहारदुगं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०,

पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है। तिर्यञ्चायुकी असंख्यात भागहानि और अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व प्रमाण है। वैक्रियिक छहकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। तिर्यञ्चगति और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ त्रेसठ सागर है। दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है। दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। चार जाति, आतप और स्थावर आदि चारकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर इन सबका एक सौ पचासी सागर है। दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। पञ्चेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास और त्रस चतुष्कके तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ पचासी सागर है। औदारिकशरीरकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है। दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। आहारकद्विककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है। अवक्तव्य बन्धका

१ मूलप्रतौ सागo सत्त बे इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्क० अद्धपोग्गल०। समचदु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदें० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० सादि० तिण्णिपलिदो० देसू०। ओरालि०अंगो०-वज्जरि० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० ओरालियसरीरभंगो। अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०। उज्जो० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० तिरिक्खगदिभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेवट्ठिसागरो०सदं। तित्थयरं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०। उच्चागो० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० मणुसगदिभंगो। अवत्तव्वं तं चेव। असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि० णाणावरणभंगो। णीचागो० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठिसाग० सादि० तिण्णिपलिदोवमाणि देसू०। बेवड्ढि-हाणी० णाणावरणभंगो। अवत्तव्वं जहण्णेण अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा।

८८३. णिरएसु धुविगाणं तिण्णिवड्ढि-हाणी० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणु०४-इत्थि०-णवुंस०-दोगदि०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-[1]दोआणु०-उज्जो०-अप्पसत्थवि०-दूभग-दुस्सर-अणादें० णीचुच्चागोदं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क०

जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर इन सबका अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयकी, तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छियासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराचसंहननकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग औदारिक शरीरके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। उद्योतकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ त्रेसठ सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग मनुष्यगतिके समान है। अवक्तव्य बन्धका वही भङ्ग है। असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। नीचगोत्रकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छियासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है।

८८३. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, दो गति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय,

१ मूलप्रतौ दोअंगो० उज्जो० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेत्तीसं साग० देसू०। सादादिबारस० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठिदं जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० जह०[1] उक्क० अंतो०। पुरिस०-समचदु०-वज्जरि०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदें० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० सादभंगो। अवत्तव्वं इत्थिभंगो। दोआयु० दोपदा जह० अंतो०, उक्क० छम्मासं देसू०। तित्थय० तिण्णिवड्डि-हाणि० ज० एग०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसमयं। अवत्त० णत्थि अंतरं। एवं तीसु पुढवीसु तित्थक०। णवरि पढमाए अवत्त० णत्थि। छसु उवरिमासु मणुस०-मणुसाणुपुव्वीणं उच्चा० पुरिसभंगो। सेसाणं अप्पप्पणो अंतरं भाणिदव्वं। सत्तमाए णिरयोघं।

८८४. तिरिक्खेसु धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि० ओघं। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० चत्तारि समयं। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ असंखेज्ज०वड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू०। बेवड्डि-हाणि-अवत्त० ओघं। सादादिबारस ओघं। इत्थिवे० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० थीणगिद्धिभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू०। अपच्चक्खाणा०४-णवुंस०-पंचसंठा-

---

नीचगोत्र और उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर इन सबका कुछ कम तेतीस सागर है। साता आदि बारह प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। पुरुषवेद, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रऋषभनाराचसंहनन, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। दो आयुओंके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छह महीना है। तीर्थंकर प्रकृतिकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। अवक्तव्यबन्धका अन्तर काल नहीं है। इसी प्रकार तीन पृथिवियोंमें तीर्थंकर प्रकृतिका अन्तर काल है। इतनी विशेषता है कि पहली पृथिवीमें अवक्तव्यपद नहीं है। आगेकी छह पृथिवियोंमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग पुरुषवेदके समान है। शेष प्रकृतियोंका अपना-अपना अन्तर काल कहना चाहिये। सातवीं पृथिवीमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है।

८८४. तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका भङ्ग ओघके समान है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चार समय है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। दो वृद्धि, दो हानि और अवक्तव्यबन्धका अन्तर काल ओघके समान है। साता आदि बारह प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। स्त्रीवेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग स्त्यानगृद्धिके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। अप्रत्याख्यानावरण चार, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप,

---

१ मूलप्रतौ जह० एग० उक्क० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओरालिअंगो०-छस्संघडण-आदाउज्जो०-अप्पसत्थवि०-दूभग-दुस्सर-अणादें० असंखेज्ज-भागवड्डि-हाणि-अवट्ठिदं जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। बेवड्डि-हाणी० ओघं। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडि०। णवरि अपच्चक्खाणा० अवत्त० उक्क० अद्धपोग्ग० लपरि०। पुरिस० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू०। तिण्णिआयुगाणं दोपदा जह० अंतो०, उक्क० पुव्वको-डितिभागं देसूणं। तिरिक्खायुगस्स दोपदा जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी० सादि०। वेउव्वियछक्क-मणुसगदि-मणुसाणु०-उच्चागो० ओघं। पंचिंदि० समचदु०-पर०-उस्सा०-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० पुरिसवेदभंगो। अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसूणं। तिरिक्खग०-चदुजादि-ओरालि०-तिरिक्खाणु०-थावरादि०४-णीचागो० णवुंसगभंगो। णवरि तिरिक्खगदि-ओरालि०-तिरिक्खाणु०-णीचा० अवत्तव्वं ओघं।

८८५. पंचिंदि०तिरिक्ख०३ धुविगाणं बेवड्डि-हाणी० जह० एग०, उक्क० अंतो०। संखेज्जगुणवड्डि-हाणी० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णिसम०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठिदं जह०

उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेयकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यात-भागहानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ओघके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। इतनी विशेषता है कि अप्रत्याख्यानावरण चारके अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। पुरुषवेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। तीन आयुओंके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटिका कुछ कम त्रिभाग प्रमाण है। तिर्यञ्चायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक पूर्वकोटि है। वैक्रियिक छह, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रियजाति, समचतुरस्रसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर और आदेयकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग पुरुषवेदके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। तिर्यञ्चगति, चार जाति औदारिकशरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर आदि चार और नीचगोत्रका भङ्ग नपुंसकवेदके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगति, औदारिकशरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रके अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ओघके समान है।

८८५. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी दो वृद्धि और दो हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर तीन समय है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एग०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू० पुव्वकोडिपुध०। अपच्चक्खाणा०४ णवुंसगभंगो। णवरि अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। सादादिवारस बेवड्डि-हाणि-अवट्ठि-अवत्त० णिरयभंगो। संखेज्जगुणवड्डि-हाणि-जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडिपुध०। इत्थिवे० तिण्णिवड्डि-हा०-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू०। पुरिसवे० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० सादभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णिपलि० देसू०। णवुंसकवे०-तिण्णिगदि-चदुजादि-ओरालि०-पंचसंठा०-ओरालि० अंगो०-छस्संघ०-तिण्णिआणु०-आदा-उज्जो०-अप्पसत्थवि०-थावरादि०४-दूभग-दुस्सर-अणादें०-णीचागो० बेवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी० देसू०। संखें०गुणवड्डि-हाणि० णाणावरणभंगो। चदुण्णं आयुगाणं तिरिक्खोघो। देवगदि०४-पंचिंदि०-समचदु० पर०-उस्सास-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-उच्चा० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० सादभंगो। अवत्त० णवुंसगभंगो।

८८६. पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तगेसु धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि० जह० एग०,

---

और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक कुछकम तीन पल्य है। अप्रत्याख्यानावरण चारका भङ्ग नपुंसक वेदके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य बंधका जघन्य अन्तर अन्तमूहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है। साता आदि बारह प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग नारकियोंके समान है। संख्यातगुणवृद्धि और संख्यात-गुणहानिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है। स्त्रीवेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है अवक्तव्य-बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। पुरुष-वेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। नपुंसकवेद, तीन गति, चार जाति, औदारिकशरीर, पाँच संस्थान, औदारिकआङ्गोपांग, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, आतप उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, स्थावर आदि चार, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर इन सबका कुछ कम एक पूर्वकोटि है। संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका भंग ज्ञानावरणके समान है। चार आयुओंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। देवगतिचतुष्क, पञ्चेन्द्रियजाति, समचतुरस्रसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका भङ्ग नपुंसकवेदी जीवोंके समान है।

८८६. पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च अपर्याप्तकों में ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहुर्त । अवस्थितबन्धका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०,उक्क० तिण्णिसमयं । सेसाणं णिरयसादभंगो । एवं सव्वअपज्जत्ताणं ।

८८७. मणुस०३ पंचिंदियतिरिक्खभंगो । णवरि संखेज्जगुणवड्डि-हाणि० उक्क० अंतो० । खविगाणं असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं । मणुसअप० धुविगाणं तिरिक्खअपज्जत्तभंगो । णवरि अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम० । सेसाणं सादभंगो ।

८८८. देवेसु धुविगाणं णिरयभंगो । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग दुस्सर-अणादें०-णीचा० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त०जह०अंतो०,उक्क०एक्कत्तीसं सागo देसू० । सादादि-बारस० णिरयभंगो । पुरिस०-समचदु०-वज्जरि०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर आदेज्ज०-उच्चा० तिण्णिवड्डि हाणि-अवट्ठि० सादभंगो । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० एक्कत्तीसं सा० देसू० । दोआयु० णिरयभंगो । तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणुपु०-उज्जोवं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० अट्ठारस सागरोवमाणि सादि० । मणुसगदि-मणुसाणु० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० सादभंगो । अवत्त० तिरिक्खगदिभंगो । एइंदिय-आदाव-थावर० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०,

जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर तीन समय है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंमें सातावेदनीयके समान है । इसी प्रकार सब अपर्याप्तक जीवोंके जानना चाहिये ।

८८७. मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि संख्यात गुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । क्षपक प्रकृतियोंकी असंख्यात-गुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है । मनुष्य अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्च-अपर्याप्तोंके समान है । इतनी विशेषता है कि अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है ।

८८८. देवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंके समान है । स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर है । साता आदि बारह प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंके समान है । पुरुषवेद, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रऋषभनाराच संहनन, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है । अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर है । दो आयुओंका भङ्ग नारकियोंके समान है । तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर साधिक अठारह सागर है । मनुष्यगति, और मनुष्य-गत्यानुपूर्वीकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है । अव-क्तव्यबन्धका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है । एकेन्द्रियजाति, आतप और स्थावरकी तीन वृद्धि, तीन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्क० बेसागरो० सादि०। पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-तस० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० सादभंगो। अवत्त० एइंदियभंगो। तित्थय० धुवभंगो। एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो अंतरं कादव्वं।

८८९. एइंदिएसु धुवियाणं एक्कवड्डि-हाणी जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम०। एवं सव्वएइंदियाणं णादव्वं। णवरि तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-णीचा० अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जलोगा। बादरे कम्मट्ठिदी। पज्जत्ते संखेज्जाणि वाससहस्साणि। सुहुमे असंखेज्जा लोगा। मणुसगदिदुग-उच्चागो० एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। बादरे कम्मट्ठिदी। पज्जत्ते संखेज्जाणि वाससहस्साणि। सुहुमे असंखेज्जा लोगा। सेसाणं अपज्जत्तभंगो। णवरि दोआयुगं पगदिअंतरं। विगलिंदि० दोआयु० पगदिअंतरं। सेसाणं मणुसअपज्जत्तभंगो।

८९०. पंचिंदिय०२ पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंतरा० बेवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। संखेज्जगुणवड्डि-हाणी० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० कायट्ठिदी०। णवरि

हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है। पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और त्रसकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्य बन्धका भङ्ग एकेन्द्रियके समान है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके समान है। इसी प्रकार सब देवोंके अपना-अपना अन्तर काल जान लेना चाहिये।

८८९. एकेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, और एक हानिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। इसी प्रकार सब एकेन्द्रियोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रके अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है। बादर एकेन्द्रियोंमें कर्मस्थिति प्रमाण है। पर्याप्तकोंमें संख्यात हजार वर्ष है। सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें असंख्यात लोक प्रमाण है। मनुष्यगति द्विक और उच्चगोत्रकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है। बादर एकेन्द्रियोंमें कर्मस्थिति प्रमाण है। पर्याप्तकोंमें संख्यात हजार वर्ष है। सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें असंख्यात लोक प्रमाण है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग अपर्याप्तकोंके समान है। इतनी विशेषता है कि दो आयुओंका भङ्ग प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। विकलेन्द्रियोंमें दो आयुओंका भङ्ग प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मनुष्य अपर्याप्तकोंके समान है।

८९०. पञ्चेन्द्रियद्विकमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है। असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानिऔर अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थिति प्रमाण है। इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणवृद्धिका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंखेज्जगुणवड्ढि० जह० एग०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठिसाग० देसू०। अवत्त० णाणावरणभंगो। सादा० जस० चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० उक्क० अंतो०। णिद्दा-पचला-भय०-दुगुं०-तेजा०-कम्मइगादिणव० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्तव्वं च णाणावरणभंगो। असादादिदस० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० सादावे०भंगो। अट्ठक० दोवड्ढि-दोहाणि०-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। संखेज्जगुणवड्ढि-हा०-अवत्तव्वं० णाणावरणभंगो। इत्थिवे० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० देसू०। पुरिस०४वड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० सादि० दोहि पुव्वकोडीहि०। णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादें० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० सादिरे० तिण्णिपलिदो देसू०। तिण्णिआयु० दोपदा० जह० अंतो०, उक्क० सागरो०सदपुध०। मणुसायु० दोपदा० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसहस्सा० पुव्वकोडिपुधत्तं। पज्जत्तगे चदुण्णंआयुगाणं दोपदा० जह० अंतो०, उक्क० सागरो०सदपु०। णिरयगदि-चदुजादि-णिरयाणु०-आदाव-थावरादि०४ तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पंचासीदिसागरो०-

जघन्य अन्तर एक समय है। स्त्यानगृद्धि तीन मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छयासठ सागर है। अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीय और यशःकीर्तिकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर और कार्मणशरीरादि नौ प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। असाता आदि दस प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। आठ कषायोंकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। संख्यातगुणवृद्धि, संख्यातगुणहानि और अवक्तव्यबन्धका भंग ज्ञानावरणके समान है। स्त्रीवेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छयासठ सागर है। पुरुषवेदकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थितबन्धका भंग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर दो पूर्वकोटि अधिक दो छयासठ सागर है। नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेयकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। तीन आयुओंके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व प्रमाण है। मनुष्यायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक एक हजार सागर है। पर्याप्तकोंमें चारों आयुओंके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व प्रमाण है। नरकगति, चार जाति, नरकगत्यानुपूर्वी, आतप और स्थावर आदि चारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सद०। तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-उज्जो० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेवट्ठिसाग०सदं०। मणुसग०-देवग०-वेउव्वि०-वेउव्वि०-अंगो०-बेआणु० तिण्णिवड्डि-हा०-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०। पंचिंदि०-पर०-उस्सास-तस०४ तिण्णिवड्डि-हा०-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पंचासीदिसाग०सद०। ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिस० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णिपलिदो० सादि०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि०। आहारदुगं तिण्णिवड्डि-हा०-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० कायट्ठिदी०। समचदु०-पसत्थ० सुभग-सुस्सर-आदें० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठिसाग० सादि० तिण्णिपलिदो० देसू०। तित्थय० ओघं। णीचा० णवुंस-गभंगो। उच्चा० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० देवगदिभंगो। असंखेज्जगुणवड्डि-हाणी० सादभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० सादि० तिण्णिपलिदो० देसू०। एवं तस-तसपज्जत्तगे। णवरि सगट्ठिदी भाणिदव्वा।

८९१. तसअपज्जत्तगेसु धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणी० जह० एग०, उक्क० अंतो०।

समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एकसौ पचासी सागर है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर एकसौ त्रेसठ सागर है। मनुष्यगति, देवगति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकआंगोपाङ्ग, और दो आनुपूर्वीकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। पञ्चेन्द्रियजाति, परघात, उच्छ्वास और त्रसचतुष्ककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एकसौपचासी सागर है। औदारिकशरीर, औदारिकआंगोपांग और वज्रऋषभनाराच संहननकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। आहारकद्विककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर कायस्थिति प्रमाण है। समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छियासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। तीर्थंकर प्रकृतिका भंग ओघके समान है। नीचगोत्रका भंग नपुंसकवेदके समान है। उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग देवगतिके समान है। असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छियासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। इसी प्रकार त्रस और त्रसपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिये।

८९१. त्रस अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० चत्तारि स० । सेसाणं तिरिक्खअपज्जत्तभंगो ।

८९२. पंचमण०-पंचवचि० पंचणा०-अट्ठारस० तिण्णिवड्डि-हा० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसमयं। असंखेज्जगुणवड्डि हाणि० जहण्णु० अंतो० । अवत्त० णत्थि अंतरं । पंचदंस०-मिच्छ०-बारसक०-भय दुगु०-तेजइगादिणव-आहारदुग-तित्थयर० तिण्णिवड्डि-हा०-अवट्ठि०-अवत्त० णाणावरणभंगो । सादा०-पुरिस०-जस०-उच्चा० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । असंखेज्जगुणवड्डि-हा० जह० उक्क० अंतो० । अवत्त० णत्थि अंतरं । इत्थि०-णवुंस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-चदुगदि-पंचजादि-ओरालि०-वेउव्वि०-छस्संठाण-दोअंगो०-छस्संघ०-चदुआणु०-पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-दोविहा०-तस-थावरादिणवयुगल-अजस०-णीचा० तिण्णिवड्डि-हा०-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्त० णत्थि अंतरं । चदुण्णं आयुगाणं दोपदा० णत्थि अंतरं । एवं ओरालि०-वेउव्वि०-आहार० । णवरि ओरालि० काईसु० विसेसो । परियत्तमाणिगाणं अवत्त० जहण्णु० अंतो० ।

८९३. कायजोईसु पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० तिण्णिवड्डि-हा०-अवट्ठि० ओघं । असंखेज्जगुणवड्डि-हा० जह० उक्क० अंतो० । णवरि वड्डि० जह० एग० । अवत्त०

अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल चार समय है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

८९२. पाँच मनोयोगी और पाँच वचनयोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण आदि अठारह प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है। असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर आदि नौ, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, चारगति, पाँच जाति, औदारिक-शरीर, वैक्रियिकशरीर, छह संस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, चार आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस और स्थावर आदि नौ युगल, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। चार आयुओंके दो पदोंका अन्तर काल नहीं है। इसीप्रकार औदारिक काययोगी, वैक्रियिक काययोगी और आहारककाय-योगी जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि औदारिककाययोगी जीवोंमें परिवर्तमान प्रकृतियोंके अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है।

८९३. काययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्त-रायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ओघके समान है। असंख्यातगुणवृद्धि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णत्थि अंतरं। थीणगिद्धितिग-मिच्छ०-बारसक० तिण्णिवड्डि-हा० णाणावरणभंगो। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० चत्तारिसम०। णिद्दा-पचला-भय-दु० ओरालि०-तेजइगादि-णव असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। बेवड्डि-हा० जह० एग०, उक्क० अणंतकालं असंखे०। अवत्त० णत्थि अंतरं। साद०-पुरिस०-जस० चत्तारिवड्डि-हा०-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० उक्क० अंतो०। आसाद०-छण्णोकसाय-पंचजादि-छस्संठा०-ओरालियंगो०-छस्संघ०-पर०-उस्सा० आदाउज्जो०-दोविहा०-तस-थावरादिणवयुगल-अजस० तिण्णिवड्डि-हाणि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० उक्क० अंतो०। णिरय-देवायुगस्स दोपदा० णत्थि अंतरं। तिरिक्खायु० दोपदा० ज० अंतो०, उक्क० बावीसं वाससहस्सा० सादि०। मणुसायु० दो वि पदा ओघं। मणुसग०-मणुसाणु० ओघं। वेउव्वियछक्क-आहारदुग-तित्थयरं तिण्णि-वड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० णत्थि अंतरं। तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-णीचा० संखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। बेवड्डि-हाणि-अवत्त० मणुसगदिभंगो। उच्चा० मणुसगदिभंगो। णवरि असंखेज्जगुणवड्डि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। असं-

---

और असंख्यातगुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणवृद्धिका जघन्य अन्तर काल एक समय है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और बारह कषायकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चार समय है। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर और तैजसशरीरादि नौ प्रकृतियोंकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। दो वृद्धि और दो हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। सातावेदनीय, पुरुषवेद और यशःकीर्तिकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असाता वेदनीय, छह नोकषाय, पाँच जाति, छह संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस और स्थावर आदि नौ युगल और अयशःकीर्तिकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। नरकायु और देवायुके दो पदोंका अन्तर काल नहीं है। तिर्यञ्चायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक बाईस हजार वर्ष है। मनुष्यायुके दोनों ही पदोंका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका भङ्ग ओघके समान है। वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। दो वृद्धि, दो हानि और अवक्तव्य बन्धका भङ्ग मनुष्यगतिके समान है। उच्चगोत्रका भङ्ग मनुष्यगतिके समान है। इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणवृद्धिका जघन्य अन्तर एक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खेज्जगुणहा० जह० उक्क० अंतो०। एवं सव्वाणं असंखेज्जगुणवड्डि-हाणी०।

८९४. ओरालियमिस्सका० धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हा० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि समo। देवगदि०४-तित्थय० तिण्णिवड्डि-हा० णाणावरणभंगो। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसमo। दोआयु० दोपदा० अपज्जत्तभंगो। सेसाणं परियत्तमाणियाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० जहण्णु० अंतो०।

८९५. वेउव्वियमि० वेउव्वियकायजोगिभंगो। णवरि परियत्तमाणियाणं अवत्त० जह० उक्क० अंतो०। एवं आहारमि०। कम्मइ० सव्वाणं णत्थि अंतरं। अथवा वेउव्वियमि०-ओरालियमि०-कम्मइ० अवत्त० णत्थि अंतरं।

८९६. इत्थिवे० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० बेवड्डि-हाणी० जह० एग०, उक्क० अंतो०। संखेज्जगुणवड्डि-हा० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडिपुध०। असंखेज्जगुणवड्डि-हा० जह० उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग० उक्क० तिण्णि समयं। थीणगिद्धि०३ मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ तिण्णिवड्डि-हा०-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० देसू०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पलिदोवमसदपुध०। णिद्दा-

समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असंख्यातगुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सब जीवोंके असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका अन्तर काल जानना चाहिये।

६१८. अपगतवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी संख्यात भागवृद्धि, संख्यात भागहानि, संख्यातगुणवृद्धि, संख्यातगुणहानि और अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं ? संख्यातवें भाग प्रमाण हैं। अवस्थितपदके बन्धक जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं ? संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यातवें भाग प्रमाण हैं। अवस्थितपदके बन्धक जीव संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी संख्यात भागवृद्धि और संख्यात भागहानिके बन्धक जीव संख्यातवें भाग प्रमाण हैं। अवस्थितपदके बन्धक जीव संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं।

इस प्रकार भागाभाग समाप्त हुआ।

परिमाण

६१९. परिमाणानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थितपदके बन्धक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं। दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। असंख्यात गुणवृद्धि, असंख्यात गुणहानि और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, अप्रत्याख्यानावरण चार और औदारिक शरीरका भंग ज्ञानावरणके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यपदके बन्धक जीव असंख्यात हैं। निद्रा, प्रचला, प्रत्याख्यानावरण चार, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, उपघात और निर्माणकी असंख्यात भाग-वृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थितपदके बन्धक जीव अनन्त हैं। दो वृद्धि और दो हानि पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यात हैं। तीन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेउव्वियछक्कं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० केव० ? असंखेज्जा। आहारदुगं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० केव० ? संखेज्जा। तित्थय तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० असंखेज्जा। अवत्त० संखेज्जा। सेसाणं असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० केव० ? अणंता। सेसपदा केव० ? असंखेज्जा। एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं कायजोगि-ओरालि०-ओरालियमि०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि-आहारग त्ति। णवरि ओरालियमि० देवगदिपंचग० तिण्णिवड्ढि-हा०-अवट्ठि० केव० ? संखेज्जा। सेसाणं पि किंचि विसेसो णादव्वो।

६२०. णिरएसु मणुसायु० दोपदा तित्थय० अवत्त० संखेज्जा। सेसाणं सव्वपदा असंखेज्जा। एवं सव्वणेरइय-देवाणं वेउवि०। णवरि सव्वट्ठे संखेज्जा।

६२१. सव्वपंचिंदियतिरिक्ख० सव्वपगदीणं सव्वपदा असंखेज्जा। एवं मणुसअपज्जत्त-सव्वविगलिंदि०-सव्वपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्ते०-पंचिंदिय-तसअपज्जत्त-वेउव्वियमि०-विभंग०।

६२२. मणुसेसु पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-तेजा०-क०-

आयुओंके दो पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। तिर्यञ्चायुके दो पदोंके बन्धक जीव अनन्त हैं। वैक्रियिक छहकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। आहारकद्विककी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। तीर्थंकरकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यात हैं। अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थितपदके बन्धक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं। शेष पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। इसी प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिक काययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें देवगतिपञ्चककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। शेषमें भी कुछ विशेषता जाननी चाहिये।

६२०. नारकियोंमें मनुष्यायुके दो पदोंके और तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। इसी प्रकार सब नारकी, देव, और वैक्रियिककाययोगी जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि सर्वार्थसिद्धिमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव संख्यात हैं।

६२१. सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। इसी प्रकार मनुष्य अपर्याप्त, सब विकलेन्द्रिय, सब पृथ्वीकायिक, सब जलकायिक, सब अग्निकायिक, सब वायुकायिक, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त, त्रस अपर्याप्त, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी और विभङ्गज्ञानी जीवोंमें जानना चाहिये।

६२२. मनुष्योंमें पाँच ज्ञानावरण नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायकी तीन-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० केव० ? असंखेज्जा। सेसपदा संखेज्जा। दोआयु०-वेउव्वियछ०-आहारदुग-तित्थय० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० अवत्त० संखेज्जा। सेसाणं सव्वपदा असंखेज्जा। णवरि साद०-जस०-उच्चा० असंखेज्जगुणवड्डि-हाणी केव० ? संखेज्जा। मणुसपज्ज०-मणुसिणीसु सव्वपदा संखेज्जा। एवं एस भंगो आहार०-आहारमि०-अवगदवे०-मणपज्ज०-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-सुहुम०।

९२३. सव्वएइंदिय-वणप्फदि-णियोदेसु मणुसायुगस्स दोपदा असंखेज्जा। सेसाणं सव्वपदा अणंता।

९२४. पंचिंदिय-तस०२ पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० असंखेज्जगुणवड्डि-हाणी-अवत्त० केव० ? संखेज्जा। सेसपदा असंखेज्जा। णिद्दा-पचला-भय-दु०-पच्चक्खाणा०४-तेजइगादिणव-तित्थय० अवत्त० केव० ? संखेज्जा। सेसपदा असंखेज्जा। आहारदुगं ओघं। सेसाणं सव्वपगदीणं सव्वपदा केव० ? असंखेज्जा। एवं पंचमण०-पंचवचि०-इत्थि०-पुरिस०-चक्खुदं०-सण्णि त्ति। णवरि इत्थि० तित्थय० सव्वपदा संखेज्जा०।

९२५. कम्मइग०-अणाहार० देवगदिपंचगस्स अवट्ठि० केवडिया ? संखेज्जा। सेसाणि अवट्ठि०-अवत्त० केव० ? अणंता। मिच्छत्त० अवत्त० असंखेज्जा।

वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। शेष पदोंके बन्धक जीव संख्यात हैं। दो आयु, वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित, और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। इतनी विशेषता है कि सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी असंख्यात गुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें सब पदोंके बन्धक जीव संख्यात हैं। इसी प्रकार यह भङ्ग आहारककाययोगी, आहारक मिश्रकाययोगी, अपगतवेदी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापना संयत, परिहारविशुद्धिसंयत और सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंके जानना चाहिये।

९२३. सब एकेन्द्रिय, वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें मनुष्यायुके दो पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव अनन्त हैं।

९२४. पञ्चेन्द्रियद्विक और त्रसद्विक जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यात गुणहानि और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। शेष पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, प्रत्याख्यानावरण चार, तैजसशरीरादि नौ और तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। शेष पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। इसी प्रकार पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, चक्षुःदर्शनी और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेदी जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंके बन्धक जीव संख्यात हैं।

९२५. कार्मण काययोगी और अनाहारक जीवोंमें देवगति पञ्चकके अवस्थित पदके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंके अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं। मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव असंख्यात हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९२६. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पुरिस०-उच्चा०-पंचंत० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० असंखेज्जा। असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि-अवत्त० केव० ? संखेज्जा। णिद्दा-पचला-पच्चक्खाणा०४-भय-दु०-देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णिमि०-तित्थय० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० असंखेज्जा। अवत्त० संखेज्जा। सादावे०-जस० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० असंखेज्जा। असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी संखेज्जा। असादा०-अपच्चक्खाणा०४-चदुणोक०-मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०अंगो० वज्जरिस०-मणुसाणु०-थिराथिर-सुभासुभ-अजस० तिण्णि-वड्ढिहाणि-अवट्ठि०-अवत्त० असंखेज्जा। मणुसायु० दोपदा आहारदुगं सव्वपदा संखेज्जा। देवायु० दोपदा असंखेज्जा। एवं ओधिदंस०-सम्मादि०। संजदासंजदे तित्थय० सव्वपदा संखेज्जा। सेसा असंखेज्जा।

९२७. तेऊए पच्चक्खाणा०४-देवगदि-तित्थय० अवत्त० संखेज्जा। सेसा असंखेज्जा। मणुसायु० दोपदा० असंखेज्जा। आहारदुगं ओघं। सेसाणं सव्वपदा असंखेज्जा। एवं पम्माए वि। सुक्काए वि असादवे०-थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अट्ठक०-छण्णोक०-छस्संठा०-छस्संघ०-दोविहा०-थिरादिपंचयुगल-अजस०-णीचा० तिण्णिवड्ढि-

९२६. आभिनिबोधिक ज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनवरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यात हैं। असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। निद्रा, प्रचला, प्रत्याख्यानावरण चार, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यात हैं। अवक्तव्य पदके बन्धक जीव संख्यात हैं। सातावेदनीय और यशःकीर्तिकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव असंख्यात हैं। असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिके बन्धक जीव संख्यात हैं। असातावेदनीय, अप्रत्याख्यानावरण चार, चार नोकषाय, मनुष्यगति, औदारिकशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रवृषभनाराच संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और अयशःकीर्तिकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित, और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव असंख्यात हैं। मनुष्यायुके दो पदों और आहारकद्विकके सब पदोंके बन्धक जीव संख्यात हैं। देवायुके दो पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। इसी प्रकार अवधिदर्शनी और सम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिये। संयतासंयत जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंके बन्धक जीव संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं।

९२७. पीत लेश्यावाले जीवोंमें प्रत्याख्यानावरण चार, देवगति और तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव संख्यात हैं। शेष पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। मनुष्यायुके दोनों ही पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। इसी प्रकार पद्मलेश्यावाले जीवोंमें भी जानना चाहिये। शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें असातावेदनीय, स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, आठ कषाय, छह नो कषाय, छह संस्थान, छह संहनन, दो विहायोगति, स्थिर आदि पाँच युगल, अयशःकीर्ति, और नीच-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० असंखेज्जा। सादावे०-जसगि०-उच्चा० ओधिभंगो। दोआयु०-आहारदुग० मणुसिभंगो। सेसाणं असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवत्त० संखेज्जा। सेसपदा असंखेज्जा।

६२८. खइग० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज-पुरिस-उच्चा०-पंचंत-सादादिबारसओधिभंगो। दोआयु०-आहारदुगं सव्वपदा संखेज्जा। सेसाणं अवत्त० संखेज्जा। सेसपदा असंखेज्जा। वेदगे सादादिबारस-अपच्चक्खाणा०४-मणुसगदिपंचग० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० असंखेज्जा। सेसाणं अवत्त० संखेज्जा। सेसाणं सव्वपदा असंखेज्जा। उवसम० पंचणा चदुदंस-चदुसंज-पुरिस-उच्चा० ओधिभंगो। सादावे०-जसगि० असंखेज्जगुणवड्डि-हाणी-संखेज्जा। सेसं असंखेज्जा। असादादिदस०-अपच्चक्खाणा०४ सव्वपदा असंखेज्जा। आहारदुग-तित्थय० सव्वपदा संखेज्जा। सेसाणं पगदीणं अवत्त० संखेज्जा। सेसं० असंखेज्जा। सासणे मणुसायु० दोपदा संखेज्जा। सेसाणं सव्वेसिं सव्वपदा असंखेज्जा। सम्मामि०, सव्वेसिं सव्वपदा असंखेज्जा।

एवं परिमाणं समत्तं।

गोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव असंख्यात हैं। सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। दो आयु और आहारकद्विकका भङ्ग मनुष्यनियोंके समान है। शेष प्रकृतियोंकी असंख्यात गुणवृद्धि, असंख्यात गुणहानि और अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यात हैं। शेष पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं।

६२८. क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, उच्चगोत्र पाँच अन्तराय और साता आदिक पाँच प्रकृतियोंका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। दो आयु और आहारकद्विकके सब पदोंके बन्धक जीव संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यात हैं। शेष पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें साता आदिक बारह, अप्रत्याख्यानावरण चार और मनुष्यगति पञ्चककी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीव असंख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यात हैं। शेष सब पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, पुरुषवेद और उच्चगोत्रका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। सातावेदनीय और यशःकीर्तिकी असंख्यात गुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिके बन्धक जीव संख्यात हैं। शेष पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। असातावेदनीय आदि दस और अप्रत्याख्यानावरण चारके सब पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। आहारकद्विक और तीर्थंकर प्रकृतिके सब पदोंके बन्धक जीव संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यात हैं। शेष पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें मनुष्यायुके दो पदोंके बन्धक जीव संख्यात हैं। शेष सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं।

इस प्रकार परिमाण समाप्त हुआ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खेत्तं

६२९. खेत्ताणुगमेण दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज-पंचंत० असंखेज्ज-भागवड्डि-हाणि-अवट्ठि० केवडि खेत्ते? सव्वलोगे। सेसपदा लोगस्स असंखेज्जदिभागे। पंचदंस०-मिच्छ० बारसक०-भय-दुगुं०-तेजइगादिणव०णाणावरणभंगो। सादावे०-पुरिस०-जस०-उच्चा० असंखेज्जभागवड्डि-हाणि अवट्ठि०-अवत्त० सव्वलोगे। सेसपदा लोगस्स असंखेज्जदिभागे। तिण्णिआयु०-वेउव्वियछ०-आहारदुग-तित्थय० सव्वपदा लोगस्स असंखे०। तिरिक्खायु० दोपदा केवडि खेत्ते? सव्वलोगे। सेसाणं असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० सव्वलोगे। दोवड्डि-हाणी लोगस्स असंखे०। एवं ओघभंगो तिरिक्खोघो कायजोगि-ओरालियका०-ओरालियमि०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छा०-असण्णि-आहारग त्ति। तं पि खेत्तं ओघेण साधेदव्वं।

६३०. एइंदिय-सुहुमएइंदिय-पज्जत्तापज्जत्ता पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० तेसिं सुहुम-पज्जत्त-अपज्जत्त-वणप्फदि-णियोद० तेसिं च सुहुम पज्जत्तापज्जत्ताणं मणुसायु० दोपदा लोगस्स असंखे०। सेसाणं सव्वपगदीणं सव्वपदा सव्वलोगे। सव्वबादरेइंदिए

क्षेत्र

६२९. क्षेत्रानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है? सब लोक क्षेत्र है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा और तैजसशरीरादि नौ प्रकृतियोंका भंग ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। तीन आयु, वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थंकर प्रकृतिके सब पदोंका लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र हैं। तिर्यञ्चायुके दो पदोंका कितना क्षेत्र है? सब लोक क्षेत्र है। शेष प्रकृतियोंकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। इसी प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिक काययोगी, औदारिक मिश्रकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिये। यह क्षेत्र भी ओघके समान साध लेना चाहिये।

६३०. एकेन्द्रिय, सूक्ष्म एकेन्द्रिय, उनके पर्याप्त और अपर्याप्त पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक तथा इनके सूक्ष्म तथा पर्याप्त और अपर्याप्त, वनस्पतिकायिक, निगोद तथा इनके सूक्ष्म तथा पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें मनुष्यायुके दो पदोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। शेष सब प्रकृतियोंके सब पदोंका क्षेत्र सब लोक है। सब बादर एकेन्द्रिय जीवोंमें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धुविगाणं असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि० सव्वलो०। सादादिदस० एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० सव्वलो०। इत्थि०-पुरिस०-चदुजादि-पंचसंठा-ओरालि०अंगो० छस्संघ०-आदाउज्जो०-दोविहा०-तस-बादर-सुभग-दोसर०-आदेज्ज०-जसगि० एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० केवडि खेत्ते? लोग० संखेज्ज०। णवुंस०-एइंदि०-हुंड०-पर०-उस्सा-०थावर-सुहुम-पज्जत्त-अपज्जत्त-पत्तेय०-साधार०-दूभग०-अणादे०-अजस० एक्क-वड्डि-हाणि-अवट्ठि० सव्वलो०। अवत्त० लोग० संखेज्ज०। तिरिक्खायु० दोपदा लोग० संखेज्ज०। मणुसायु० दोपदा ओघं। तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-णीचा० एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० लोग० असंखे०। मणुसगइदुग०-उच्चा० एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० लो० असंखे०। एवं बादरवाउ०-बादरवाउ० अपज्ज०। णवरि तिरिक्खगइतिगं धुवं कादव्वं।

९३१. बादरपुढवि०-आउ०-तेउ० तेसिं च अपज्ज० धुविगाणं एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-सादादिदसण्णं एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० सव्वलो०। णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-पर०-उस्सा०-थावर-सुहुम-पज्जत्तापज्ज०-पत्तेय०-साधार०-दूभग०-अणादे०-अजस०-णीचा० एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि० सव्वलो०। अवत्त० लो०

ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। साता आदि दस प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, सुभग, दो स्वर, आदेय और यशःकीर्तिकी एक वृद्धि, एक हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है? लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। नपुंसकवेद, एकेन्द्रिय जाति, हुण्ड-संस्थान, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय और अयशःकीर्तिकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। तिर्यञ्चायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंका लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। मनुष्यायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंका ओघके समान क्षेत्र है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रकी एक वृद्धि, एक हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। मनुष्य-गतिद्विक, और उच्चगोत्रकी एक वृद्धि, एक हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। इसी प्रकार बादर वायुकायिक और बादर वायुकायिक अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि इनमें तिर्यञ्चगति त्रिकको ध्रुव करना चाहिये।

९३१. बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक और बादर अग्निकायिक तथा इनके अपर्याप्तक जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंका तथा साता आदि दस प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, परघात उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। अवक्तव्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंखे०। सेसाणं सव्वपगदीणं सव्वपदा लो० असंखे०। एवं बादरवणप्फदि-णियोद-पज्जत्त-अपज्जत्त बादरवणप्फदिपत्तेय० तेसिं अपज्जत्त०।

९३२. कम्मइ० अणाहारगेसु देवगइपंचगस्स सव्वपदा लो असं०। सेसाणं सव्व-पगदीणं सव्वपदा सव्वलो०। सेसाणं णिरयादि याव सण्णि त्ति संखेज्ज-असंखेज्ज-जीविगाणं सव्वासिं पगदीणं सव्वपदा लोगस्स असंखेज्ज०।

एवं खेत्तं समत्तं।

फोसणं

९३३. फोससाणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-चदुदंसणा-चदुसंज०-पंचंत० असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि०बंधगेहि केवडियं खेत्तं फोसिदं? सव्वलो०। बेवड्डि-हाणि० लोग० असंखे० अट्ठचो० सव्वलोगो वा। असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवत्त० लो० असंखे०। थीणगिद्धि०३-अणंताणुबंधि०४ अवत्त० अवट्ठचोद्दस०। सेसपदा णाणावरणभंगो। णिद्दा-पचला-पच्चक्खाणा०४-भय०-दु०-तेजइगादिणव० अवत्त० लोग० असंखेज्ज०। सेसपदा णाणावरणभंगो। सादावे० अवत्त० सव्वलो०। सेसपदा णाणा-

---

पदके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। शेष सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। इसी प्रकार बादर वनस्पतिकायिक, निगोद और इनके पर्याप्त, अपर्याप्त, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर और इनके अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिये।

९३२. कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें देवगति पञ्चकके सब पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। शेष सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। शेष नरकगतिसे लेकर संज्ञी मार्गणातक संख्यात और असंख्यात जीव राशि-वाली मार्गणाओंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है।

इसप्रकार क्षेत्र समाप्त हुआ।

स्पर्शन

९३३. स्पर्शनानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यातभाग हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें-भाग प्रमाण, कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंख्यात गुणवृद्धि, असंख्यात गुणहानि और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन और अनन्तानुबन्धी चारके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंका भङ्ग ज्ञाना-वरणके समान है। निद्रा, प्रचला, प्रत्याख्यानावरण चार, भय, जुगुप्सा और तैजसशरीरादि नौ प्रकृतियोंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीयके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वरणभंगो। असादादिदस० अवत्त० सव्वलो०। सेसं णाणावरणभंगो। मिच्छ० अवत्त० अट्ठ-बारह०। सेसं णाणावरणभंगो। अपच्चक्खाणा०४ अवत्त० छच्चोद्द०। सेसाणं णाणावरणभंगो। इत्थिवे०-पंचिंदि० पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्सं०-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर-आदेज्ज०-असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० सव्वलो०। दोवड्डि-हाणी०लो० असंखे० अट्ठ-बारहचो०। पुरिसवे० दोवड्डि-हाणी इत्थिवेदभंगो। सेसपदा सादभंगो। णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-पर०-उस्सा०-थावर-पज्जत्त-पत्ते०-दूभ०-अणादें०[1]-णीचा० एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० सव्वलो०। दोवड्डि-हाणि० अट्ठचोद्द० सव्वलो०। णिरय-देवायु० दोपदा खेत्त०। तिरिक्खायु० दोपदा सव्वलो०। मणुसायु० दोपदा अट्ठचोद्द० सव्वलो०। णिरय-देवगदि-दोआणु० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० छच्चोद्द०। अवत्त० खेत्त०। मणुसग०-मणुसाणु०-आदाव० एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० सव्वलो०। दोवड्डि-हाणि०-अट्ठचोद्द०। बेइंदि०-तेइंदि०-चदुरिंदि० दोवड्डि-हा० लोग०

सब लोक क्षेत्रका स्पर्शनकिया है। शेष पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। असातावेदनीय आदि दस प्रकृतियोंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम बारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अप्रत्याख्यानावरण चारके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छःबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। स्त्रीवेद, पञ्चेन्द्रिय जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेयकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण, कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम बारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पुरुषवेदकी दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। शेष पदोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। नपुसंकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, हुण्ड संस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, पर्याप्त, प्रत्येक, दुर्भग अनादेय और नीचगोत्रकी एक वृद्धि, एक हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकायु और देवायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तिर्यञ्चायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक है। मनुष्यायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सब लोक है। नरकगति, देवगति और दो आनुपूर्वीकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छहबटे चौदह राजू है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, और आतपकी एक वृद्धि, एक हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक है। दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठबटे चौदह राजू है। द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति और चतुरिन्द्रिय जातिकी दो वृद्धि

१ मूलप्रतौ अणादे० अज्जस० णीचा० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असं०। सेसं णाणावरणभंगो। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगोवंग० सव्वपदा केव० फो०? लो० असं०भा० बारहचोद्दस० देसू०। अवत्त० खेत्तं०। ओरालि० अवत्त० बारह०। सेसपदा तिरिक्खगदिभंगो। आहारदुगं खेत्तं०। उज्जो०-बादर०-जस० दोवड्ढि-हा० अट्ठ-तेरह०। सेसं सादभंगो। सुहुम-अपज्ज०-साधार० दोवड्ढि-हा० लो० असंखेज्ज० सव्वलो०। सेसं तिरिक्खगदिभंगो। तित्थय० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठचो०। अवत्त० खेत्त०। उच्चा० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० सव्वलो०। बेवड्ढि-हाणि० अट्ठचोद्द०। असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि० खेत्तभंगो। एवं ओघभंगो कायजोगि-कोधादि०४-अचक्खुदं० भवसि०-आहारग त्ति।

६३४. णेरइएसु धुविगाणं तिण्णिवड्ढि हाणि अवट्ठि० सादादिबारस-उज्जो० सव्वपदा छच्चोद्द०। दोआयु०-मणुसगदिदुग-तित्थय०-उच्चा० सव्वपदा खेत्त०। मिच्छत्त० अवत्त० पंचचोद्दस०। सेसाणं अवत्त० खेत्तभंगो। सेसाणं सव्वपदा छच्चोद्द०। एवं सव्वणेरइगाणं

और दो हानियोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन ज्ञानावरणके समान है। वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिकआङ्गोपाङ्गके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और कुछ कम बारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदका भङ्ग क्षेत्रके समान है। औदारिकशरीरके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है। आहारकद्विकका भङ्ग क्षेत्रके समान है। उद्योत, बादर और यशःकीर्तिकी दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणकी दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है। तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। उच्चगोत्रकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इसीप्रकार ओघके समान काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिये।

६३४. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने तथा सातादि बारह और उद्योतके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, मनुष्यगतिद्विक, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँचबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अप्पप्पणो फोसणं कादव्वं।

६३५. तिरिक्खेसु धुविगाणं एकवड्डि-हाणि-अवट्ठि० सव्वलो०। बेवड्डि हा० लो० असं० सव्वलो०। सादादिएकारह० एकवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० सव्वलो०। बेवड्डि-हा० लो० असं० सव्वलो०। थीणगिद्धि०३-अट्ठक० अवत्त० खेत्तं०। मिच्छ० अवत्त० सत्तचोद्दं०। सेसपदा सादभंगो। इत्थिवे० बेवड्डि हा० दिड्ढचोद्दं०। सेसाणं सादभंगो। पुरिस०-समचदु०-दोविहा०-सुभग-दोसर-आदें०-उच्चा० दोवड्डि-हाणि लो० असं० छच्चोद्दं०। सेसं इत्थिवेदभंगो। णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-पर०-उस्सा०-थावर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-पत्तेय-साधार०-दूभग०-अणादें०-णीचागो० दोवड्डि-हा० लो० असं० सव्वलो०। अवत्त० खेत्तं०। सेसं सादभंगो। णिरय-देवायु०-वेउव्वियछ० ओघं। तिरि-क्खायु० खेत्तभंगो। मणुसायुगस्स दोपदा लो० असंखें० सव्वलो०। मणुसगदिदुग-तिण्णिजादि-चदुसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-आदाव० दोवड्डि-हाणि० लोग० असंखेज्ज०। सेसं सादभंगो। उज्जोव-बादर-जसगित्ति० दोवड्डि-हाणो सत्तचोद्दं०। णवरि

चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसीप्रकार सब नारकियोंका अपना-अपना स्पर्शन कहना चाहिये।

६३५. तिर्यञ्चोंमें ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। साता आदि ग्यारह प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवेंभाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन और आठ कषायके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सातावेदनीयके समान है। स्त्रीवेदकी दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। पुरुषवेद, समचतुरस्रसंस्थान, दो विहायोगति, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रकी दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवेंभागप्रमाण और कुछ कम छहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रकी दो वृद्धि, दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। नरकायु, देवायु और वैक्रियिक छहका भङ्ग ओघके समान है। तिर्यञ्चायुका भङ्ग क्षेत्रके समान है। मनुष्यायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यगतिद्विक, तीन जाति, चार संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन और आतपकी दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष भङ्ग सातावे-दनीयके समान है। उद्योत, बादर और यशःकीर्तिकी दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीवोंने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बादरे तेरह० । पंचंदि०-तस० दोवड्डि-हाणी० लो० असंखेज्ज० बारहचोद्द० । ओरालि० दोवड्डि-हाणि०सव्वेसिं अणंतजीवाणं असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० सव्वलो० । ओरालियसरीर० अवत्तव्वं खेत्त० ।

९३६. पंचिंदियतिरिक्ख०३ धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० लोग० असंखे० सव्वलो० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अट्ठक०-णवुंसग०-तिरिक्खग०-एइंदि०-ओरालि०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-परघा०-उस्सा०-थावर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-पत्ते०-साधार० दूभग०-अणादें०-अजस० णीचा० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० लोग० असंखे० सव्वलो० । अवत्त० खेत्त० । णवरि मिच्छ०-अजस० अवत्त० सत्तचोद्द० । इत्थिवे० अवत्त० खेत्त० । सेसं दिवड्डचोद्दस० । सादादिदस० सव्वपदा लोगस्स असंखे० सव्वलो० । पुरिसवे०-णिरय-देवगदि-समचदु०-दोआणु० दोविहा०-सुभग-दोसर-आदें०-उच्चा० अवत्त० खेत्त० । सेस-पदा छचोद्द० । चदुआयु० खेत्त० । मणुसगदि-तिण्णिजादि-चदुसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-आदाव० सव्वपदा खेत्त० । पंचिंदि०-वेउव्विय०-वेउव्वियअंगो०-तस० अवत्त० खेत्त० । सेसपदा बारहचोद्द० । उज्जो०-जस० सव्वपदा सत्तचोद्द० । बादर० अवत्त०

कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि बादर प्रकृतिकी अपेक्षा कुछ कम तेरहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पञ्चेन्द्रियजाति और त्रसकी दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और बारहबटे चौदह राजूक्षेत्रका स्पर्शन किया है। औदारिक शरीरकी दो वृद्धि और दो हानि तथा सब अनन्त जीवोंके असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भाग हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। औदारिकशरीरके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

९३६. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सबलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, आठ कषाय, नपुंसक वेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित-पदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्व और अयशःकीर्तिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेदके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष स्पर्शन कुछ कम डेढ़बटे चौदह राजू है। साता आदि दस प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पुरुषवेद, नरकगति, देवगति, समचतुरस्रसंस्थान, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छहबटे चौदह राजू है। चार आयुओंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। मनुष्यगति, तीन जाति, चार संस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, छह संहनन और आतपके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकआङ्गोपाङ्ग और त्रसके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत और यशःकीर्तिके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खेत्तभंगो। सेसपदा तेरहचोद्द०।

६३७. पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तगेसु धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० लोग० असंखे० सव्वलो०। सादादिदस० सव्वपदा लोग० असंखे० सव्वलो०। णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि०-हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-परघादुस्सा०-थावर-सुहुम-पज्जत्त-अपज्जत्त-पत्तेय०-साधार०-दूभग-अणादे०-णीचा० अवत्त० खेत्त०। सेसपदा लोग० असंखे० सव्वलो०। उज्जो०-जसगि० सव्वपदा सत्तचोद्द०। बादर० अवत्त० खेत्त०। सेसपदा सत्तचोद्द०। अज० अवत्त० सत्तचो०। सेसं णवुंसगभंगो। सेसाणं सव्वपदा खेत्त०। एवं मणुसअपज्ज०-सव्वविगलिंदि०-पंचिंदिय-तसअपज्ज०-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउकाइयपज्जत्त-बादरवणप्फदिपत्तेयपज्जत्त त्ति।

६३८. मणुस०३ धुवियाणं असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवत्त० खेत्त०। सेसाणं च पंचिंदियतिरिक्खभंगो। तसपगदीणं खेत्त०।

६३९. देवेसु धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० सादादिबारस०-मिच्छ०-उज्जोव० सव्वपदा अट्ठ-णवचोद्दसभागा वा देसूणा। इत्थिवे०-पुरिसवे०-तिरिक्खायु०-मणुसायु०-

---

किया है। बादर प्रकृतिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम तेरहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

६३७. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सबलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। साता आदि दस प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, और यशःकीर्तिके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादर प्रकृतिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अयशःकीर्तिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंका भङ्ग नपुंसकवेदके समान है। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार मनुष्य अपर्याप्त, सब विकलेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त, त्रस अपर्याप्त, बादरपृथिवीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त और बादर वनस्पतिकायिक, प्रत्येक शरीर पर्याप्त जीवोंके जानना चाहिये।

६३८. मनुष्यत्रिकमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी असंख्यात गुणवृद्धि, असंख्यात गुणहानि और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। शेष पदोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। त्रस प्रकृतियोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

६३९. देवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने तथा साता आदि बारह, मिथ्यात्व और उद्योतके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मणुसगदि-पंचिंदिय०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-[1]आदाव०-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर-आदेज्ज०-तित्थय०-उच्चा० सव्वपदा अट्ठचोद्दस०। सेसपगदीणं अवत्त० अट्ठचो०। सेसपदा अट्ठ-णवचोद्दस०। एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो फोसणं णेदव्वं।

९४०. एइंदिय-वणप्फदि-णियोद-पुढवीकाइय-आउ०-तेउ०-वाउ०-सव्वसुहुमाणं मणुसायु० तिरिक्खोघं। सेसाणं सव्वपगदीणं सव्वलो०। बादरएइंदियपज्जत्त-अपज्ज० धुविगाणं सादादीण दस० च सव्वपदा सव्वलो०। इत्थिवे०-पुरिस०-चदुजादि-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-आदाव-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर-आदेज्ज० सव्वपदा लोगस्स संखेज्जदिभागो। णवुंस०-एइंदि०-हुंडसं०-परघा०-उस्सा०-थावर-सुहुम-पज्जत्त-अपज्ज०-पत्तेय०-साधार०-दूभग०-अणादें० एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि० सव्वलो०। अवत्त० लो० असंखे०। दोआयु०-मणुसगदिदुग-उच्चा० सव्वपदा खेत्त०। तिरिक्खगदितिगं अवत्त० लोग० असंखे०। सेसपदा असादभंगो। बादर-उज्जो०-जसगि० सव्वपदा सत्तचोद्दस०। णवरि बादर-अवत्त० खेत्त०। अजस० अवत्त० सत्तचोद्दस०। सेसपदा सव्वलो०। एवं

तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय, तीर्थंकर और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम नौबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सब देवोंके अपना-अपना स्पर्शन जानना चाहिये।

९४०. एकेन्द्रिय, वनस्पतिकायिक, निगोद, पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और सब सूक्ष्म जीवोंमें मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। शेष सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त और बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्त जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ और साता आदि दस प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, और आदेयके सब पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नपुंसकवेद, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग और अनादेयकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु मनुष्यगतिद्विक और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तिर्यञ्चगतित्रिकके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग असातावेदनीयके समान है। बादर, उद्योत और यशःकीर्तिके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि बादरके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अयशःकीर्तिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार बादर-

१ मूलप्रतौ मणुसायु० आदाव-इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बादरवाउका० बादरवाउकाइयअपज्जत्त । बादरपुढवी०-आउका०-तेउका० तेसिं बादर-अपज्जत्त बादरवणप्फदिपत्तेय०अपज्जत्त बादरएइंदियभंगो । णवरि जम्हि लोगस्स संखेज्जदिभागो तम्हि लोगस्स असंखेज्जदिभागो कादव्वो ।

९४१. पंचिंदिय-तस०२ पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज० पंचंतराइगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि० अट्ठचोद्द० सव्वलो० । असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवत्त० खेत्तभंगो । थीणगिद्धि० ३ मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि० हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-थावर-दूभग-अणादें०-णीचा० तिण्णिवड्डि हाणि-अवट्ठि० अट्ठचोद्द० सव्वलो० । अवत्त० अट्ठ-चोद्द० । णवरि मिच्छ० अवत्त० अट्ठ-बारहचोद्दस० । णिद्दा-पचला-भय-दुगुं०-तेजइगा-दिणव-परघादुस्सा०-पज्जत्त-पत्ते० अवत्त० खेत्तभंगो । तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठचोद्द० सव्वलो० । सादावे० तिण्णिवड्डि हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० अट्ठचोद्द० सव्वलो० । असंखे-ज्जगुणवड्डि-हाणी खेत्त० । असादादिदस० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० अट्ठचोद्द० सव्वलो० । णवरि अजसगि० अवत्त० अट्ठ-तेरह चोद्दस० । अपच्चक्खाणा०४ सव्वपय-डीणं आवरणभंगो । णवरि अवत्त० छच्चोद्द० । इत्थि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-

---

वायुकायिक और बादरवायुकायिक अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिये । बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक और बादर अग्निकायिक तथा उनके बादर अपर्याप्त और बादरवनस्पतिकायिक प्रत्येक अपर्याप्त जीवोंका भङ्ग बादर एकेन्द्रियोंके समान है । इतनी विशेषता है कि जहाँ लोकका संख्यातवाँ भाग कहा है, वहाँ लोकका असंख्यातवाँ भाग कहना चाहिये ।

९४१. पञ्चेन्द्रियद्विक और त्रसद्विक जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि और तीन हानि पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंख्यात गुणवृद्धि, असंख्यात गुणहानि और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है । स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, नपुंसकवेद तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर, दुर्भग, अनादेय और नीच गोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम बारहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, तैजस शरीर आदि नौ, परघात, उच्छ्वास, पर्याप्त और प्रत्येकके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है । तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सातावेदनीयकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । असंख्यात गुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । असातावेदनीय आदि दसकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इतनी विशेषता है कि अयशःकीर्तिके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अप्रत्याख्यानावरण चारके सब पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । इतनी विशेषता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छस्संघ०-दोविहा०-पंचिंदि०-तस-सुभग-दोसर-आदें० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अट्ठ-बारह०। अवत्त० अट्ठ-चोद्दह०। पुरिसे तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवत्त० इत्थिभंगो। असंखे-ज्जगुणवड्ढि-हाणी० णाणावरणभंगो। णिरय-देवायुग-तिण्णिजादि-आहारदुगं खेत्त०। तिरिक्ख-मणुसायु० दोपदा अट्ठचोद्द०। वेउव्वियछ०-तित्थय० ओघं। मणुसगदि-मणु-साणु०-आदाव० सव्वपदा अट्ठचोद्द०। उज्जो० सव्वपदा अट्ठ-तेरह०। एवं बादर०। णवरि अवत्त० खेत्त०। सुहुम-अपज्जत्त-साधारण० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० लो० असंखें० सव्वलो०। अवत्त० खेत्त०। जसगि० असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी० खेत्त०। सेसपदा अट्ठ-तेरहचों०। [उच्चा० असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी खेत्त०। सेसपदा अट्ठचों०।] एवं पंचिंदियभंगो पंचमण०-पंचवचि०-चक्खुदं०-सण्णि त्ति।

६४२. ओरालियकायजोगीसु पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० सव्वलो०। दोवड्ढि-हा० लोगस्स असंखें० सव्वलो०। असंखेज्जगुणवड्ढि-

है कि अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पाँच संस्थान, औदारिक आंगोपाङ्ग, छह संहनन, दो विहायोगति, पञ्चेन्द्रियजाति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेयकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पुरुषवेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। असंख्यात गुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। नरकायु, देवायु, तीन जाति और आहारक-द्विकका भङ्ग क्षेत्रके समान है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके दो पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिक छह और तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और आतपके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योतके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार बादर प्रकृतिकी अपेक्षा स्पर्शन जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। यशःकीर्तिकी असंख्यात गुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम तेरहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उच्चगोत्रकी असंख्यात गुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिका भङ्ग क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रियोंके समान पाँच मनो-योगी, पाँच वचनयोगी, चक्षुःदर्शनी और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिये।

६४२. औदारिककाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्या-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हाणि-अवत्त० खेत्त०। पंचदंसणा०-बारसक०-भय-दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि० अवत्त० खेत्तभंगो। सेसपदा० णाणावरणभंगो। मिच्छ० अवत्त० सत्तचोद्द०। सेसपदा० णाणावरणभंगो। सादावे० असंखेज्जभागवड्डि०-हाणि०-अवट्ठि०-अवत्त० सव्वलो०। सेसपदा० णाणावरणभंगो। असादादिएक्कारस० सादभंगो। इत्थिवे० दोवड्डि-हाणी दिवड्डचोद्द०। सेसाणं णाणावरणभंगो। पुरिस० दोवड्डि-हाणी छच्चोद्द०। सेसपदा सादभंगो। णवुंस०-तिरिक्खग०-एइंदि०-हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-परघादुस्सा०-थावर-सुहुम-पज्जत्त-अपज्जत्त-पत्तेय०-साधार०-दूभग-अणादें०-णीचा० सव्वपदा असादभंगो। चादुआयु०-वेउव्वियछ०-मणुसगदिदुग-चदुजादि-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-आदाउज्जो०-दोविहा०-तस-बादर-सुभग-दोसर-आदें०-उच्चा० तिरिक्खोघं। आहारदुग० तित्थय० खेत्त०।

९४३. ओरालियमिस्से धुविगाणं दोवड्डि-हा० लोग० असंखेज्ज० सव्वलोगो वा। सेसपदा सव्वलोगो। णवरि मिच्छ० अवत्त० खेत्तभंगो। देवगदिपंचगस्स तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० खेत्त०। सादादिएक्कारसपगदीणं असंखेज्जभागवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०

तवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यात गुणहानि और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। पाँच दर्शनावरण, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माणके अवक्तव्यके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीयकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यात भागहानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। असाता आदि ग्यारह प्रकृतियोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। स्त्रीवेदकी दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। पुरुषवेदकी दो वृद्धि और दो हानियोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग आसातावेदनीयके समान है। चार आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगतिद्विक, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके सब पदोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

